कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी 04:05 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 12 नवंबर 2024
वर्ष 3, अंक 82, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

जलवायु से संबंधित लंबित मुद्दे जल्द हों हल 16

बुमराह करेंगे अगुआई, राहुल को तरजीह : गंभीर 15

## न्यायमूर्ति खन्ना बने देश के 51वें सीजेआई

### राष्ट्रपति मुर्मू ने दिलाई पद की शपथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने सोमवार को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति खन्ना को पद की शपथ दिलाई। 14 मई, 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति खन्ना छह महीने से कुछ अधिक समय तक भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्य करेंगे और 65 वर्ष की आयु पूरी होने पर 13 मई, 2025 को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उन्होंने न्यायमूर्ति डीवाई. चंद्रचूड़ का स्थान लिया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 65 वर्ष की आयु पूरी होने पर 10 नवंबर को सेवानिवृत्त हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य गणमान्य हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह में प्रधानमंत्री मोदी और न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के अलावा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि मौजूद थे।

## कोई भी धर्म प्रदूषण को बढ़ावा नहीं देता : सुप्रीम कोर्ट

### पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने में विफलता पर दिल्ली पुलिस को फटकार

- कोर्ट ने कहा-प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार
- दिल्ली सरकार को 25 नवंबर से पहले स्थायी प्रतिबंध का निर्णय लेने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर प्रतिबंध को व्यापक रूप से लागू करने में विफल रहने पर दिल्ली पुलिस को कड़ी फटकार लगाई तथा इसे महज दिखावा बताया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे प्रतिबंध आदेश से संबंधित सभी पक्षों को तुरंत सूचित करें और यह सुनिश्चित करें कि पटाखों की बिक्री और निर्माण न हो।

पीठ ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को पटाखों पर प्रतिबंध के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को एक व्यक्तिगत हलफनामा दायर करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने आश्चर्य जताया कि दिल्ली सरकार ने पटाखों पर प्रतिबंध लगाने में 14 अक्टूबर तक की देरी क्यों की, जब प्रतिबंध का आदेश जारी किया गया था।

पीठ ने टिप्पणी की कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है। प्रथम दृष्टया हमारा मानना है कि कोई भी धर्म ऐसी किसी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता जो प्रदूषण को बढ़ावा दे या लोगों के स्वास्थ्य के साथ समझौता करे। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार से कहा कि वह हितधारकों से परामर्श करने के बाद 25 नवंबर से पहले पटाखों पर स्थायी प्रतिबंध लगाने पर निर्णय ले।

### राज्यों से पूछा-प्रदूषण रोकने को क्या कदम उठाए

अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी राज्यों से भी ये बताने को कहा है कि उन्होंने प्रदूषण को कम करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए हैं। गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली समेत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की समस्या गंभीर बनी हुई है। बीते हफ्ते दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई इंडेक्स 400 के पार चला गया था। यह प्रदूषण की बेहद गंभीर श्रेणी है।

### कोर्ट ने कहा-प्रतिबंध नहीं महज दिखावा किया गया

दिल्ली सरकार ने दिवाली से पहले पटाखों पर प्रतिबंध का निर्देश जारी किया था। इसके बावजूद दिवाली पर खूब पटाखे बजे। इस पर दिल्ली पुलिस के आयुक्त ने हलफनामा दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पटाखों के उत्पादन और निर्माण को लेकर क्या-क्या कदम उठाए गए।

### एक नजर

#### जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को जमानत

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने धन शोधन के आरोपी जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सा आधार पर सोमवार को जमानत दे दी। इस साल मई महीने में न्यायमूर्ति एन.जे. जामदार की एकल पीठ ने गोयल को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी। न्यायमूर्ति जामदार ने सोमवार को अंतरिम जमानत को स्थायी जमानत में परिवर्तित करने का आदेश दिया। गोयल (75) कैंसर से पीड़ित हैं।

#### प. बंगाल भाजपा प्रमुख को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न और पश्चिम बंगाल पुलिस संबंधी उनकी टिप्पणी पर सोमवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। मजूमदार से रात आठ बजे तक जवाब देने को कहा गया है। टीएमसी ने तालडांगरा विधानसभा सीट उपचुनाव के लिए आयोजित जनसभा में भाजपा नेता की टिप्पणी को लेकर निर्वाचन आयोग से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न और राज्य पुलिस का अपमान करने वाली टिप्पणी 7 नवंबर को की गई थी।

## प्रतियोगी छात्रों पर लाठी चार्ज, कई घायल

### लोकसेवा आयोग पर प्रदर्शन कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को पुलिस ने खदेड़ा तो मच गई भगदड़

संवाददाता, प्रयागराज

- पीसीएस और आरओ-एआरओ (प्रारंभिक) परीक्षा एक दिन में कराने पर अड़े छात्र

**अमृत विचार :** पीसीएस और आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 के हजारों अभ्यर्थियों ने परीक्षा को एक ही दिन कराने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सामने सोमवार को प्रदर्शन किया। प्रतियोगी छात्रों ने आयोग की कार्यशैली के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गेट के अंदर घुसने का प्रयास किया तो पुलिस ने लाठी भांजकर उन्हें खदेड़ा जिससे मची भगदड़ में गिरने से कई अभ्यर्थी घायल हो गए। अभ्यर्थियों का कहना है कि बटेंगे नहीं, न्याय मिलने तक हटेंगे भी नहीं। आयोग को अपना तुगलकी आदेश वापस लेना ही होगा।

अपनी मांग को लेकर सोमवार को आयोग पहुंचे हजारों अभ्यर्थियों को देख वहां तैनात पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। प्रतियोगी छात्रों का कहना है कि लोक सेवा आयोग ने परीक्षा का जो शिड्यूल बनाया है वह पूरी तरह से भ्रामक, गैरजिम्मेदार व मानक के खिलाफ है। आयोग का थिंक टैंक हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ करने पर अमादा है। अभ्यर्थियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक आयोग एक दिन परीक्षा कराने व नॉर्मलाइजेशन को निरस्त करने का नोटिस नहीं जारी करता तब तक प्रदर्शन होता रहेगा। वहीं, आयोग के सचिव अशोक कुमार ने परीक्षा की तैयारी को लेकर सभी जिले के जिलाधिकारियों (नोडल अधिकारियों) की एक बैठक 21 नवंबर को बुलाई है। आयोग परीक्षा को 2 दिन में कराने की तिथि भी घोषित कर चुका है।

प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के गेट के सामने सोमवार को प्रदर्शन करते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### करीब 5 घंटे के बवाल के बाद भी आयोग मौन

हजारों की संख्या में प्रतियोगी छात्र आयोग के गेट नंबर 2 के बाहर हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोग की नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, तालियां बजाते रहे, पानी की खाली बोतलें पीटकर आक्रोश का इजहार किया। करीब 5 घंटे हुए बवाल के बाद भी आयोग के किसी जिम्मेदार अधिकारी का कोई बयान नहीं आया है। मालूम हो कि आयोग ने पीसीएस प्री-2024 की परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को प्रदेश के 41 जिलों में प्रस्तावित की है। आरओ व एआरओ- 2023 की प्रारंभिक परीक्षा 22 और 23 दिसंबर को कराने की सूचना दे चुका है। पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा में 5 लाख 76 हजार और आरओ-एआरओ परीक्षा में 11 लाख से ज्यादा प्रतियोगी शामिल हो रहे हैं।

### अखिलेश ने की निंदा केशव मौर्य ने न्याय दिलाने की बात कही

सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर भाजपा को युवा विरोधी करार देते हुए प्रतियोगी छात्रों पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगाया और इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि लोक सेवा आयोग में धांधली को रोकने के लिए अभ्यर्थियों ने मांग बुलंद की तो भ्रष्ट भाजपा सरकार हिंसक हो उठी। हम फिर दोहराते हैं कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं। वहीं, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स कहा कि पुलिस संयमित व्यवहार करे और छात्रों पर बल प्रयोग न हो। प्रतियोगी छात्रों से अनुरोध है कि वे अपनी समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से उठाएं और सपा की राजनीति का शिकार न बनें। उप मुख्यमंत्री ने छात्रों को भरोसा दिलाया कि आपकी न्याय की लड़ाई में सरकार और मैं सदैव आपके साथ हूं।

## उप्र से भाजपा सत्ता में आई, यहीं से होगी विदा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/रामपुर

- अखिलेश ने कहा- महाराष्ट्र चुनाव के बाद बदल जाएगा मुख्यमंत्री
- सपा प्रमुख ने रामपुर में आजम खां के परिवार से भी की मुलाकात

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश से भाजपा सत्ता में आई थी और यहीं से भाजपा की विदाई होगी। उन्होंने भाजपा पर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री योगी और भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हार के डर से मुख्यमंत्री और भाजपा बौखलाहट में है। क्योंकि महाराष्ट्र चुनाव के बाद मुख्यमंत्री बदल जाएंगे। दिल्ली वाले सिर्फ मौका तलाश रहे हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव सोमवार को कुंदरकी विधानसभा उप चुनाव में पार्टी प्रत्याशी हाजी रिजवान के समर्थन में ग्राम कनक दोयम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम में यूपी में बुरी हार के सदमे से न तो भाजपा उबर पाई है और न मुख्यमंत्री। उपचुनाव में भी उन्हें हार का डर सता रहा है। वह अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने हार के डर से अयोध्या में उपचुनाव की तारीख आगे बढ़ा दी। बंटोगे तो कटोगे का जिक्र करते कहा कि भाजपाई अंग्रेजों के डिवाइड एंड रूल वालों के वंशज हैं। यह लोगों को बांटने की बात कर लोगों का विकास नहीं विनाश कर रहे हैं। सपा प्रमुख ने रामपुर में पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां के परिवार से मुलाकात की। उनके साथ रामपुर के सांसद मोहिब्बुल्लाह भी रहे। अखिलेश और मोहिब्बुल्लाह ने आजम की पत्नी तजीन फात्मा से करीब 30 मिनट बात की। कहा कि सपा हमेशा से संविधान बचाने की लड़ाई लड़ती आई है। आजम खां और उनके परिवार पर जो भी झूठे मुकदमे दर्ज किए गए हैं, सपा सरकार आने पर उन्हें खत्म किया जाएगा।

## धर्म संसद में उठाई जाएगी सनातन बोर्ड गठन की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंदिरों की पवित्रता, मिलावटी प्रसाद और कृष्ण जन्मभूमि जैसे मुद्दों पर होगी बात
- देवकीनंदन ठाकुर बोले-मदरसों को धन देने वाली सरकार गुरुकुल को भी धन दे

**अमृत विचार :** सनातन न्यास फाउंडेशन के अध्यक्ष देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि 16 नवंबर को संत समाज दिल्ली में धर्म संसद का आयोजन कर वक्फ बोर्ड की तर्ज पर सनातन बोर्ड की मांग करेगा। सोमवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह धर्म संसद 100 करोड़ सनातनियों की आस्था के मुद्दे पर बुलाई गई है।

उन्होंने कहा कि देखरेख के लिए कोई बोर्ड नहीं होने से पूर्व की सरकारों ने मंदिरों के धन की खूब लूट की है। इससे भी बड़ा सवाल मंदिरों की पवित्रता को बनाए रखना, बच्चों को संस्कारवान बनाना और कृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनाने जैसे अहम मुद्दों का है। कहा कि बालाजी मंदिर के प्रसाद में पशुओं की चर्बी खिलाई गई। पूजा स्थलों में वह लोग काम कर रहे हैं जिनकी देवी-देवताओं में कोई आस्था नहीं है। मंदिरों में गैर हिन्दू चेयरमैन भी हैं। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि धर्म संसद के बाद उत्तर प्रदेश में सबसे पहले सनातन बोर्ड गठित होगा। कहा कि सरकार मदरसों को धन दे रही है तो उसे गुरुकुल को भी देना होगा। सरकार वक्फ बोर्ड चलाएगी तो उसे सनातन बोर्ड भी बनाना होगा।

## 30 दिन के लिए जेल से बाहर आया आसाराम

- इलाज के लिए जोधपुर हाईकोर्ट से मिली पैरोल

**जोधपुर, एजेंसी।** दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा आसाराम जेल से बाहर आ गया है। जोधपुर हाईकोर्ट ने आसाराम को 7 नवंबर को इलाज के लिए 30 दिन की पैरोल दी। वह जोधपुर के भगत की कोठी स्थित निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में अपना इलाज कराएगा। उसे रविवार की रात एंबुलेंस के जरिए लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान आसाराम को देखने के लिए अस्पताल के बाहर उसके समर्थकों की भीड़ जुटी रही। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दिनेश मेहता और न्यायमूर्ति विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने आसाराम की ओर से इलाज के लिए दायर की गई याचिका पर आदेश दिए। उसे 11 साल में दूसरी बार पैरोल मिली है। इससे पहले उसे अगस्त में 7 दिन की पैरोल मिली थी। आसाराम को 2 सितंबर 2013 को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में इंदौर से गिरफ्तार किया गया था।

## बिना चिंता किए कराएं उपचार हॉस्पिटल का खर्च देगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने डीएम और सीएमओ को दिया मदद करने का निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से परेशान लोगों को आत्मीय भरोसा दिया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी।

मुख्यमंत्री सोमवार सुबह गोरखपुर से विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए झारखंड रवाना होने से पहले गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने जिलाधिकारी और सीएमओ को निर्देश दिए कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 11 उग्रवादियों को मार गिराया

- जिरिबाम में हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ के दो जवान भी जख्मी

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के जिरिबाम जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि बोरोबेकरा उप-मंडल के जकुराडोर करोंग में यह मुठभेड़ हुई जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान भी घायल हो गए। उनमें से एक की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि करीब ढाई बजे फौजी वर्दी में आए इन उग्रवादियों ने बोरोबेकरा थाने और नजदीक के सीआरपीफ शिविर पर अंधाधुध गोलियां दागनी शुरू कर दी। उनके पास अत्याधुनिक हथियार थे। अधिकारियों ने बताया कि उनमें से कुछ उग्रवादी महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित जकुराडोर करोंग बाजार चले गए तथा उन्होंने कुछ मकानों पर हमला करने के अलावा कई दुकानों में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की तो दोनों पक्षों में मुठभेड़ छिड़ गई जिसमें 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए।

## कार सवार लोगों का पुलिस पर हमला

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

- दरोगा का गला दबाकर जान लेने की कोशिश, तीन गिरफ्तार
- बीसलपुर के ईदगाह चौराहे की घटना, बड़ी मात्रा में दवाएं बरामद
- वाहन की चेकिंग करने पर उग्र हुए कार सवारों ने की मारपीट

**अमृत विचार:** वाहन चेकिंग के दौरान कार सवार मुरादाबाद के तीन लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। दरोगा से मारपीट कर गला दबाकर जान लेने की कोशिश की और वर्दी फाड़ दी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्ट दर्ज कर तीनों तो जेल भेज दिया गया है। कार से बड़ी मात्रा में दवाएं बरामद हुई हैं।

बीसलपुर के ईदगाह चौराहा पर रविवार रात दरोगा अनुज कुमार, आयुष कुमार, कांस्टेबल अजय तोमर, निशांत कुमार, मुनेश कुमार वाहन चेकिंग कर रहे थे। रात करीब आठ बजे शाहजहांपुर की तरफ से आई क्रेटा कार को पुलिस ने रोका। चेक करने का प्रयास किया तो कार में सवार तीनों लोग उतरे और पुलिसकर्मियों से अभद्रता शुरू कर दी। गाली-गलौज कर पुलिसकर्मियों से मारपीट करने लगे। दरोगा अनुज कुमार का गला दबाया और वर्दी फाड़ दी। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचा और तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम मुरादाबाद के थाना मैनाठेर क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर खास निवासी नौशाद, अमानत हुसैन और रुकसाद अली बताया। कार की डिग्गी में बड़ी मात्रा में दवाइयां मिलीं जिसे जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया।

पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी।

> बीसलपुर पुलिस ईदगाह चौराहा पर चेकिंग कर रही थी। एक संदिग्ध कार को रोका गया। कार सवार मुरादाबाद के तीन लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। कार से बिना रैपर की दवाएं बरामद हुई हैं। एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपियों के बारे में गहनता से जानकारी जुटाई जा रही है। - **वीरेंद्र कुमार**, एएसपी पीलीभीत।

## पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन विभाग में अनियमितताओं का अंबार

### आईएएस मनोज सिंह को अचानक हटाए जाने के बाद तलाशे जा रहे कारण

अजय दयाल, लखनऊ

- निजी सचिव को भी हटाया छानबीन तेज, कई और पर हो सकती है कार्रवाई
- मनोज सिंह का ऑफिस समेटा गया, फाइलें भेजी गईं अनिल कुमार-तृतीय के दफ्तर

**अमृत विचार :** आईएएस मनोज सिंह से अचानक पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की जिम्मेदारी से मुक्त कर प्रतीक्षारत कर दिए जाने के कारण तलाशे जा रहे हैं। इस बीच मनोज सिंह के प्रधान निजी सचिव राजीव सिंह को भी हटा दिया गया। ब्यूरोक्रेसी भी शासन के इस सख्त कदम से हलकान है। चर्चा यह है कि मनोज सिंह साढ़े तीन साल से इस विभाग के मुखिया की कुर्सी संभाल रहे थे, आखिर ऐसा क्या हुआ कि उनके रिटायरमेंट से मात्र 51 दिन पहले उन्हें प्रतीक्षारत कर दिया गया।

अब विभाग में व्याप्त अनियमितताओं की तह तक जाने को छानबीन तेज हो गई है। कई और अधिकारियों, कर्मियों पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है। ऐसे में पूरे विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, सोमवार को बापू भवन स्थित मनोज सिंह के ऑफिस को लगभग समेट ही दिया गया। सारी फाइलें वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे आईएएस अनिल कुमार तृतीय के विधानभवन स्थित दफ्तर को भेज दी गईं। बहरहाल, अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों से जुड़ी शासकीय लापरवाही और अनियमितता संबंधी तमाम शिकायतें निरंतर पंचम तल तक भी पहुंच रहीं थीं। इतना ही नहीं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मामलों में जिम्मेदार अथॉरिटी से मिलने वाली नोटिस, मुकदमों का बोझ भी विभाग पर बढ़ता जा रहा था। साथ ही ट्रांसफर करने, एनओसी देने, प्रदूषण पर नियंत्रण न रख पाने जैसी तमाम अनियमितताएं भी सामने आ चुकी हैं।

### कई हो चुके हैं निलंबित

ताजा निलंबन उप्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुख्य पर्यावरण अधिकारी विवेक राय, उन्नाव के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अनिल माथुर का हुआ। इससे पहले मुख्य पर्यावरण अधिकारी घनश्याम निलंबित हुए हैं। लखनऊ में वृत्त-1 में तैनात पर्यावरण अभियंता शशि विन्दकर को भी पूर्व में निलंबित किया गया है। उन पर कंसलटेंट के माध्यम से दलाली करने के गंभीर आरोप हैं। बोर्ड को उनके खिलाफ साक्ष्य भी मिले हैं। आरोप है कि सभी ने अपने-अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर जिलों में स्लॉटर हाऊस को गलत एनओसी दी।

### कई प्रकरणों को लेकर बेपटरी रहा विभाग

- अक्टूबर में वन क्षेत्राधिकारियों के अनियमित ट्रांसफर का प्रकरण मुख्यमंत्री तक पहुंचा। इसके बाद पंचम तल से विभागीय मुखिया से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई।
- एनजीटी ने बीते दिनों लखनऊ में बिना पर्यावरण मंजूरी के चल रहे एक हाउसिंग प्रोजेक्ट को लेकर रिपोर्ट तलब की। परियोजना प्रस्तावक को कारण बताओ नोटिस पर कार्रवाई की जानकारी मांगी गई।
- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने गंगा नदी में गंदगी को लेकर टिप्पणी की थी। कहा कि स्थिति यह है कि गंगा का पानी आचमन के लायक भी नहीं है।

# अंतर्राज्यीय छेमार गैंग के दो शातिर गिरफ्तार

## दो बदमाश फरार, लूटी नकदी व जेवरात बरामद, 25 अक्टूबर की रात हुई थी घटना, बाइक-तमंचा भी मिला

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** थाना तिर्वा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने तिर्वा क्षेत्र में 26 अक्टूबर को हुई लूट की घटना को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय छेमार (कच्छा-बनियान) गैंग के 02 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके पास से लूटे गए जेवरात, नकदी एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं तमंचा बरामद किया गया।

बता दें कि तिर्वा के मोहल्ला गांधी नगर ककरहैया निवासी महाराम पुत्र प्यारे लाल दोहरे निवासी कनपुरा पोस्ट बिनौरा रामपुर थाना तिर्वा जिनका मकान गांधीनगर मोहल्ले के बाहर बना है। 25 अक्टूबर की रात महाराम परिवार सहित खेती के काम से गांव गये थे। घर पर उनका पुत्र विवेक कुमार (34) व मौसेरा भाई पंकज कुमार पुत्र ओमप्रकाश (24) मौजूद थे। रात करीब 2:40 बजे विवेक को खटपट की आवाज़ सुनाई दी। इस पर चेक करने छत पर जा रहे थे तभी पीछे से किसी ने इनके सिर पर वार कर दिया। विवेक अपने बचाव में छत पर चढ़कर पड़ोसी के घर में छिप गया। फिर कुछ देर बाद एक व्यक्ति पड़ोसी के घर के बाहर आया और 4 से 5 मिनट तक गालीगलौज कर बाहर निकले को कहा। घर में दूसरे कमरे में सो रहे पंकज के सिर पर वार किया था। घर का सामान व नगदी लूट ले गये थे। विवेक व पंकज के सिर में चोट आई थी। पीड़ित दीपक पुत्र महाराम सिंह निवासी मो. गांधीनगर तिर्वा ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के खुलासे के लिए एसपी ने 6 टीमें बनाई थी। पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित आनंद ने बताया कि कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह व एसओजी प्रभारी कमल भाटी की संयुक्त टीम ने सूचना पर भगतपुर्वा गांव के आगे पन्नापुर्वा जाने वाले मार्ग से लुटेरे नाजिम उर्फ शशी पुत्र मोईन उर्फ भीखा निवासी चिमियावली थाना कोतवाली जिला सम्भल हाल पता लुनियावास थाना खोह नागोरियान जिला जयपुर (राजस्थान) व आमिर निवासी सांगानेर थाना सांगानेर जयपुर (राजस्थान) मूलपता चिमियावली थाना कोतवाली, सम्भल को गिरफ्तार किया। इस दौरान एएसपी अजय कुमार व सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई मौजूद रहीं।

पुलिस कार्यालय में डकैती की घटना का खुलासा करते एसपी, एएसपी व सीओ तिर्वा, बदमाशों के साथ गिरफ्तार करने वाली टीम। अमृत विचार

### गिरफ्तारी करने वाली टीम

- प्रभारी निरीक्षक तिर्वा जितेन्द्र प्रताप सिंह, तिर्वा के अतिरिक्त निरीक्षक राधेश्याम, दरोगा सुरेश चन्द्र, एसओजी टीम प्रभारी कमल भाटी, एसओजी के हेड सिपाही सुधीर कुमार आदि। एसपी ने थाना तिर्वा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम को घटना का पटाक्ष करने पर 25,000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया।

### लूटी गई नकदी व जेवरात बरामद

- एक मंगलसूत्र, एक जोडी झाला, दो अंगूठी, दो जोडी तोड़िया, करधनी, एक हार, एक जोडी बृजबाला, एक बेसर, दो कड़ा, एक हाफ पेटी, एक लौंग, एक जोडी कुंडल, 4700 रूपये नगद व एक तमंचा और लूट में प्रयोग की गई बाइक बरामद हुई।

### यह बदमाश हैं फरार

- **कन्नौज।** तिर्वा में लूट कगी घटना को अंजाम देने में शावेज पुत्र जलवीशा निवासी हरसिंहपुर जिला संभल हालपता सांगानेर सदर जिला जयपुर (राजस्थान) व सरगम उर्फ गोला निवासी खरग थाना कुन्दरकी जिला मुरादाबाद हालपता मुहाना मोड जयपुर (राजस्थान) फरार हो गये थे।

### इस तरह लूट की घटना को दिया अंजाम

- **कन्नौज।** एसपी के अनुसार लुटेरों ने बताया कि दो सप्ताह पहले वह गांधीनगर तिर्वा कस्बे के बाहर एकान्त में बने एक मकान में घुसे थे। अपने साथी शावेज के साथ लूट को अंजाम देने के लिये तीसरे साथी सरगम उर्फ गोबा के साथ आए थे। घटना के दौरान सरगम गाड़ी लेकर दूर सड़क पर खडा था। उसी के पास अपने अपने कपड़े उतारकर आये थे। घटना को अंजाम देने के दौरान एक लडका आ गया था जिससे बचने के लिये हाथ में लिये डण्डे से उस पर वार कर दिया। इस पर वह घर से सीढी के रास्ते छत पर होते हुये भाग गया था। दूसरे कमरे में सो रहे दूसरे लडके को भी बाहर बुलाकर मारपीट किया था। लूटे गये माल का आपस में बंटवारा कर लिया।

## शादी में गए युवक का शव नाला में मिला, छाया मातम

**सौरिख,कन्नौज।** युवक का शव गांव के बाहर स्थित नाले में पड़ा मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। युवक पड़ोसी गांव में एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शामिल होने गया था।

दौलताबाद चौकी क्षेत्र के सराय प्रताप गांव निवासी इनाम सिंह यादव (35) पुत्र दुलारेलाल यादव रविवार शाम को गांव निवासी युवक की शादी में शामिल होने के लिए परौर गांव में स्थित एक गेस्ट हाउस में शामिल होने गया था। सुबह तक घर न पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने युवक की खोजबीन शुरू कर दी। सोमवार सुबह खोजबीन के दौरान गांव जाने वाले रास्ते के पास स्थित बंबा में युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि युवक को गेस्ट हाउस में देखा गया जहां उसने खाना भी खाया था। इसके बाद कब चला गया कोई जानकारी नहीं है। हालांकि घटना के संबंध में परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

आरआरसी का निरीक्षण करते सीडीओ रामकृपाल चौधरी।

## आरआरसी में मिली कमियां, जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- सीडीओ पहुंचे उमर्दा, मोबाइल चलाते मिला केयरटेकर

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत सर्वेक्षण के तहत संचालित आरआरसी सेंटरों पर हो रही लापरवाही सरकार की मंशा को पलीता लग रहा है। इस क्रम में सीडीओ ने उमर्दा ग्राम पंचायत में स्थित आरआरसी सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कमियां पाए जाने से भड़के सीडीओ ने एडीओ पंचायत व सचिव से स्पष्टीकरण मांग लिया।

बता दें कि उमर्दा में आरआरसी सेंटर का निर्माण करीब 10 लाख रुपये की लागत से किया गया था। सोमवार को सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने अचानक सेंटर पहुंच गए। इस दौरान वहां मौजूद केयर टेकर मोबाइल चलाने में व्यस्त मिला। साथ ही सेंटर पर कूड़ा बिल्कुल भी नहीं था। इससे सीडीओ भड़क गए। लापरवाही पर फटकार लगाते हुए एडीओ पंचायत व सचिव से स्पष्टीकरण मांग लिया। वहीं सेंटर पर पूर्व में तैनात सचिव का नाम लिखे होने पर नाराजगी जताई। पूछा कि वर्तमान सचिव का नाम अब तक क्यों नही लिखा गया? पुराना नाम लिखे होने से ग्रामीणों में असमंजस की स्थिति रहती है। लापरवाही को लेकर एडीओ व सचिव से स्पष्टीकरण मांगा।

## अभिभावक भी तोड़ते नियम...

**कन्नौज।** अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल इसलिए भेजते हैं कि वो पढ़-लिखकर नेक इंसान बन सकें। नियमों के बारे में जानकारी हो सके। कई विद्यालयों में अनुशासन व यातायात का पाठ भी पढ़ाया जाता है लेकिन विद्यार्थियों को स्कूल ले जाने व लाने के दौरान यातायात नियमों की धज्जियां उड़तीं हैं। यह हम नहीं बल्कि ये तस्वीर बयां कर रही है। एक-एक बाइक पर तीन व चार तक सवारियां बैठीं हैं। सोमवार को यह नजारा कन्नौज-तिर्वा फोरलेन किनारे स्थित शहीद चंद्रभान सिंह स्कूल के निकट से गुजरी गली का है। यहां केबीएस हायर सेकेंड्री स्कूल भी है। इस स्कूल के संचालक के भाई का भी वहीं कक्षा आठ से नीचे तक के बच्चों का विद्यालय है। गली से तीनों संस्थाओं के बच्चे आते-जाते हैं।

## गोली से घायल हुआ किसान गंभीर हालत में सैफई में भर्ती

**सौरिख,कन्नौज।** खेत पर गोली लगने से घायल अधेड़ किसान को मेडिकल कॉलेज तिर्वा से गंभीर हालत में रेफर किये जाने पर मिनी पीजीआई सैफई भर्ती कराया गया है।

खड़िनी चौकी क्षेत्र के निजामपुर गांव निवासी किसान राजवीर सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह बैंस रविवार सुबह करीब 4 बजे खेतों के लिए घर से निकला था। कुछ देर बाद ही ग्राम पंचायत मोहद्दीनगर में निर्माणाधीन पानी की टंकी के पास गोली लग गई और वह घायलावस्था में पानी भरे गड्ढे के पास मिला था। 112 पुलिस ने सीएचसी भर्ती कराया था। किसान ने आधा दर्जन लोगों पर गोली मारने के आरोप लगाए थे। किसान को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया था। वहां से रविवार को मिनी पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया है।

## पुलिस के खिलाफ किसान यूनियन ने खोला मोर्चा

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस की कार्यशैली को लेकर लोगों में आक्रोश है। इस मुद्दे पर किसान यूनियन भानु गुट की बैठक हुई। इसमें पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धरना- प्रदर्शन का ऐलान किया।

विशुनगढ़ रोड के एक गेस्ट हाउस में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 18 नवंबर को जिले के सभी पदाधिकारी एकत्रित होकर अतिरिक्त इंस्पेक्टर के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। पुलिस के उच्च अधिकारियों ने उचित कार्रवाई नहीं की तो धरना अनिश्चितकालीन व भूख हड़ताल का रूप ले सकता है। आवश्यकता पड़ी तो सभी जिलों के पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष को बुलाया जा सकता है। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव आर पी ठाकुर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव, कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित वर्मा, कानपुर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा रविकांत श्रीवास्तव, कानपुर मंडल अध्यक्ष छात्र मोर्चा प्रांजल चौबे, कानपुर मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा विकास यादव, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, कानपुर मंडल प्रचार मंत्री प्रेम चतुर्वेदी, कन्नौज जिला अध्यक्ष सत्यम गुप्ता, कन्नौज जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा सुशील कुमार राठौर, कन्नौज जिला अध्यक्ष कार्यकारिणी रामकुमार यादव, जिला अध्यक्ष मजदूर मोर्चा नौशाद, छिबरामऊ तहसील अध्यक्ष अनिल शर्मा, छिबरामऊ तहसील अध्यक्ष महिला मोर्चा नेहा गुप्ता, छिबरामऊ नगर अध्यक्ष अंशु यादव आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### पहली दिसंबर को होगी विद्या ज्ञान स्कूल प्रवेश परीक्षा

**कन्नौज।** शैक्षिक सत्र 2024-25 की विद्या ज्ञान स्कूल में प्रवेश के लिए परीक्षा पहली दिसंबर को दो पालियों में होगी। सुबह की पाली में बालिकाएं और दूसरी पाली में बालक शामिल होंगे। इसके लिए शहर के दो इंटर कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि डीआईओएस की ओर से शहर के सरायमीरा शिवाजीनगर स्थित अशोक दुबे इंटर कॉलेज और रानी देवी इंटर कॉलेज शिवाजीनगर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। पहली पाली की परीक्षा में बालिकाएं शामिल होंगी जिनको सुबह साढ़े 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक का समय दिया गया है। बीएसए का कहना है कि बालक दूसरी पाली में दोपहर ढ़ाई से शाम साढ़े चार बजे तक परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि अशोक दुबे इंटर कॉलेज में छिबरामऊ, तालग्राम, कन्नौज व हसेरन के 426 छात्र व 412 छात्राएं परीक्षा देंगे। रानी देवी इंटर कॉलेज में उमर्दा, सौरिख, गुगरापुर व जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्रों के बच्चे शामिल होंगे। इसमें 393 बालिकाएं व 361 बालक परीक्षा देंगे। दोनों परीक्षा केंद्रों में कुल 805 बालिकाएं और 788 बालक शामिल होंगे। बताया गया है कि कक्षा पांच में पढ़ने वाले विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होते हैं। चयनितों को विद्या ज्ञान स्कूलों में पढ़ाई के अलावा छात्रावास, यूनीफार्म, कंप्यूटर शिक्षा के अलावा शारीरिक विकास के लिए खेलकूद व नेतृत्व विकास आदि की निशुल्क सुविधा मिलती है।

### पंचायत सहायकों की जारी हुई सूची, सात फिर भी रिक्त

**कन्नौज।** पंचायत सहायकों के चयन की सूची जारी हो गई है। जिले में कुल 57 पद रिक्त थे उसके सापेक्ष 51 का चयन हुआ है जबकि सात पद फिर भी खाली रह गए हैं। चयनितों को छह हजार रुपये प्रति महीने मानदेय दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि आवेदन सभी जगह से आए थे लेकिन कुछ स्थानों पर प्रपत्रों में कमियां थीं। जनपद ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवन/ सचिवालयों में पंचायत सहायक की तैनाती होती है। पंचायत सहायक आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के अलावा अन्य तरह के जरूरी आवेदन कर प्रमाण पत्र जारी कराते हैं। इससे गांव के लोगों को कस्बा या शहर की दौड़ नहीं लगानी पड़ती है। कई तरह की योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन भी पंचायत सहायक जरूरतमंदों के करा सकते हैं। उसके एवज में आवेदक को निर्धारित सरकारी शुल्क देना पड़ता है। ग्राम पंचायतों से आए प्रस्ताव के बाद उच्चाधिकारियों के अनुमोदन के बाद डीपीआरओ राजेंद प्रकाश ने चयनितों की सूची जारी की है। इसमें ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र में आठ, छिबरामऊ में 10, उमर्दा में 11, हसेरन में चार, तालग्राम मंर सात, सौरिख में छह, गुगरापुर में एक व कन्नौज की ग्राम पंचायतों के लिए चार पंचायत सहायकों का चयन किया गया है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ माकपा का अभियान

**इटावा।** डीएपी की किल्लत, धान की लूट, बिजली चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं से लूट, बेतहाशा बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और एक देश एक चुनाव आदि के खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी 25 नवंबर तक देशव्यापी अभियान चलाएगी। इस संबंध में क्षेत्रीय कमेटी की बैठक आशाराम की अध्यक्षता में ब्रांच कार्यालय यासीनगर में हुई। माकपा सचिव मंडल सदस्य अमर सिंह शाक्य ने कहा कि जब किसान रबी की फसल बो रहे हैं, किसानों को डीएपी नहीं मिल रही है। जिस कारण फसल की बुवाई पिछड़ रही है। इससे फ़सल उत्पादन पर भारी कुप्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारें तत्काल ध्यान दें और मांगों को हल करें, अन्यथा पार्टी आने वाले समय में तेज आंदोलन करने पर मजबूर होगी। श्रीकृष्ण, रामशंकर, रघुवीर सिंह, पिंटू, स्वदेश कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

निशान यात्रा को लेकर में जुटे लोग। अमृत विचार

## 1100 निशान के संग आज निकलेगी खाटू श्याम यात्रा

संवाददाता,सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** बाबा श्रीखाटू श्याम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में खाटू श्याम कमेटी के तत्वाधान में मंगलवार को कस्बा में विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी। और विशाल भंडारे का आयोजन भी कराया जाएगा। कस्बा में खाटू श्याम कमेटी के सौजन्य से बाबा श्री खाटू श्याम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को संतोषी माता मंदिर से सुबह 8 बजे से खाटू श्याम निशान यात्रा शुरू की जाएगी। यात्रा के बाद भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज में 1 बजे से भंडारे का आयोजन होगा। जिसको लेकर कमेटी ने तैयारी कर ली है। कमेटी ने लोगों से कार्यक्रम में अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## युवक का तमंचा लहराते वीडियो वायरल, गिरफ्तार

**कन्नौज।** एक युवक का तमंचा लहराते वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो ठठिया थाना क्षेत्र का बताया गया है। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को सोशल मीडिया पर एक युवक महिला का हाथ पकड़े लोअर में देशी तमंचा लगा कर रील बनाता दिखाई दे रहा है। बाद में वह लोअर से तमंचे को बाहर निकाल लेता है। यह वीडियो मकान के अंदर बनाया गया है। कुछ सेकेंड का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। लोगों ने तमंचे के साथ युवक का वीडियो देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ठठिया थानाध्यक्ष अरुण चौधरी ने खोज की तो युवक औसेर चौकी क्षेत्र के गांव बरियारपुर्वा का किशन निकला। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## सीओ ने सर्किल क्षेत्रों में बैंक एटीएम में सीसीटीवी खंगाले

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** बैंक से निकलने के बाद हो रही लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने वालो की धरपकड़ के लिये पुलिस क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने सर्किल क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सायरन समेत सीसीटीवी कैमरे चेक किये गये।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई ने अपने अपने सर्किल क्षेत्र में बैंक, एटीएम के अन्दर-बाहर व आसपास संदिग्ध व्यक्ति चेक किये। इस दौरान बैंक के बाहर बाइकों के पास खड़े संदिग्ध लोगों से खड़े होने के संबंध में जानकारी ली। यही नहीं पुलिस ने इस दौरान कई बैंक के बाहर खड़ी बाइकों को भी चेक किया। सीओ ने बैंक शाखा के प्रबन्धक से वार्ता कर सायरन व सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया। कहा कि वह नियमित बैंक व एटीएम के सीसीटीवी कैमरे चेक करा लिया करें।

बैंक शाखा के बाहर बैठए संदिग्ध से जानकारी लेते सीओ सदर कमलेश कुमार।

हाल-बेहाल — ठठिया क्षेत्र के गांव में यूपीपीटीसीएल की तरफ से कराया गया था निर्माण

## गुरौली विद्युत इकाई लीज पर देने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** तिर्वा तहसील क्षेत्र में करीब आठ साल पहले करोड़ों की लागत से तैयार खड़ा विद्युत उपकेंद्र संचालन इकाई का भवन अब तक शोपीस बना हुआ है। गुरौली गांव में बने इस उपकेंद्र का निर्माण यूपीपीटीसीएल (उप्र. पॉवर कॉरपोरेशन लि.) की ओर से कराया गया था। अब बताया जा रहा है कि इसको लीज पर देकर संचालन की तैयारी है।

वर्ष 2016 में करीब 25 करोड़ से यूपीपीटीसीएल ने ठठिया क्षेत्र के गुरौली गांव में विद्युत उपकेंद्र का निर्माण कराया था। इकाई में बड़ी पावर लाइन बिछाने के लिए टॉवर समेत संबंधित उपकरणों को बनाने का काम होना था। इकाई बनकर तैयार होने के बाद 8 साल बीत चुके हैं लेकिन यहां लगी मशीनें जंग खा रही हैं। इकाई की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को रोजगार मुहैया कारना था लेकिन बिजली विभाग में प्राइवेट सेक्टर के बढ़ते दखल से इसका संचालन अब तक नहीं हो सका है। लोगों का कहना है कि इकाई का संचालन होने पर आसपास क्षेत्र का तेजी से विकास होता और व्यापार में बढ़ोतरी होती। जिम्मेदारों की अनदेखी से सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है। जेई इएफयू श्रवण कुमार ने इस संबंध में बताया कि विभागीय कारणों के साथ बजट के अभाव से इकाई का संचालन नही हों पा रहा है। इकाई को लीज पर देने की क़वायद चल रही है। उम्मीद है कि छह महीने में इकाई का संचालन शुरू हो जाएगा।

निर्माण के बाद इकाई में पड़ा ताला। अमृत विचार

- आठ साल से तैयार खड़ा करोड़ो का भवन, वहां लगी मशीनें खा रहीं जंग

### सौ से अधिक लोगों कों मिलता रोजगार

इकाई का संचालन होने पर सौ से अधिक लोगों को रोजगार मिल जाता। पूर्ण रूप संचालन होने पर तीन चार साल बाद और लोगों कों भी रोजगार मिल सकता था। वहीं आसपास र खानेपीने की दुकानों सहित बाजार भी विकसित हो सकता था।

## पराली जलाने पर जुर्माना दोगुना, कंबाइन पर रोक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- करीब दो महीने में 17 मामले पकड़े गए, वसूला जा रहा जुर्माना

**अमृत विचार।** पराली व फसल अवशेष जलाने पर जुर्माना बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है। कंबाइन से फसल कटाई पर भी रोक है। करीब दो महीने में 17 मामले पकड़े गए हैं। इन सभी से अर्थदंड वसूला जा रहा है। सबसे अधिक पराली जलाने के मामले तिर्वा तहसील इलाके के बताए जा रहे हैं। डीडी कृषि ने बताया कि नए नियम के तहत दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों से फसल अवशेष में आग लगाने पर पांच हजार रुपये जुर्माना कर दिया गया है। पहले यह जुर्माना ढाई हजार रुपये ही था। दो से पांच एकड़ पर पहले पांच हजार रुपये जुर्माना था जो बढ़कर अब 10 हजार रुपये हो गया है। पांच एकड़ से अधिक जमीन होने पर किसानों से अब 30 हजार रुपये जुर्माना का नियम बन गया है जो पहले 15 हजार रुपये ही था। फसलों की कटाई के लिए कंबाइन के साथ स्ट्रारीपर या रीपर कम्बाइन्डर का प्रयोग जरूरी है। फसल अवशेष जलाने पर रोक है। डीडी कृषि ने बताया कि विभाग के कर्मी व अन्य अधिकारी निगरानी करते हैं। पकड़े जाने पर जांच व रिपोर्ट के बाद जुर्माना की कार्रवाई होती है। अब तक 37,500 रुपये वसूला जा चुका है। छिबरामऊ तहसील क्षेत्र से रिकवरी होनी बाकी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि **मैं रवीशंकर सिंह व बृजेश सिंह पुत्रगण स्व. सभाजीत सिंह, निवासी** C-21। **विज्ञानपुरी महानगर लखनऊ** के छोटे सगे भाई रमन सिंह व उसकी पत्नी सौम्या भारद्वाज एवं उनके परिवार से कोई वास्ता सरोकार न पूर्व मे रहा है न ही वर्तमान में है उनके किसी कृत्य से कोई मतलब नही है।

**सूचना**
मैंने अपना नाम RINKU से बदलकर RINKU KUMAR रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: DULARE R/O: JAYRAJMAU POST-RAYPUR, DIGVIJAYPUR, UNNAO.

**सूचना**
मैं, **संजना जौहरी पत्नी श्री अमित जौहरी (नि. 3/ 448, कुर्सी रोड, सेक्टर- H, जानकीपुरम, लखनऊ उ. प्र.- 226021)** मैंने अपना नाम संजना जौहरी से बदलकर दर्शन कौर रख लिया है। भविष्य में मुझे दर्शन कौर के नाम से जाना - पहचाना जाए।

**सूचना**
मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम अहाना (AHANA) दर्ज हो गया है। इसे सुधार कर उसका सही नाम उम्मे स्वालेहा (UMME SWALIHA) लिखा पढ़ा व जाना जाये। **रानू पत्नी आमिर खान, 120/115, बेलदारी लेन, लालबाग, लखनऊ**

**सूचना**
मेरे सभी शैक्षिक प्रमाणपत्रों में मेरा नाम NOORUL HAQUE NAIMI s/o QUMRUL HAQUE है। जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम NURULHAK NA IMI s/o KAMRULHAK है। जो कि अलग है। मेरा सही नाम NOORUL HAQUE NAIMI s/o QUMRUL HAQUE GRAM- MA DHYA NAGAR MADHWA NAGAR KHADAR DIST-BALRAMPUR मुझे इसी नाम व पते से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**
मेरे सभी प्रपत्रों में मेरे नाम की SPELLING SARWAR JAHAN w/o NURUL HAQ NAIMI है। जबकि पासपोर्ट मे मेरे नाम की SPELLING SARVARA JAHAN w/o NURULHAK NAIMI है जो कि अलग है। मेरा सही नाम SARWAR JAHAN w/o NURULHAQ NAIMI GRAM-MADHYA NAGAR BASANTPUR DIST-BALRAMPUR मुझे इसी नाम व पते से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**
मैंने अपने बड़े पुत्र मधुर प्रताप सिंह उर्फ टुनटुन के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **देव रघुनाथ सिंह पुत्र श्रीराम - निवासी- नहराबोझ -हाल निवास -कुदरकोट -थाना -कुदरकोट तहसील -बिधूना-जनपद- औरैया।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम सुशीला मिश्रा पत्नी रामयश 36सीतापुर रुरल सीतापुर माफी चित्रकूट है भूलवश कुछ जगह सुशीला देवी पत्नी रामयश 36सीतापुर रुरल सीतापुर माफी चित्रकूट लिख गया है अत: अब मेरा नाम **सुशीला मिश्रा पत्नी रामयश 36सीतापुर रुरल सीतापुर माफी चित्रकूट** माना जाय।

**आज का मौसम**

सोमवार को धूप खिली रहने की संभावना है।

31.0° अधिकतम तापमान | 18.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:28 | सूर्यास्त 05:21

# हसेरन ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की हुई तैयारी

## 45 सदस्यों के हस्ताक्षरयुक्त शपथ पत्र जिलाधिकारी को सौंपे गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भाजपा समर्थित हसेरन ब्लॉक प्रमुख सीमा शाक्य के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। कुल 60 क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) के सापेक्ष 45 सदस्यों ने शपथ पत्र भी दे दिए हैं। सोमवार को कुछ बीडीसी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रपत्र सौंपे। इससे सियासी हलचल तेज हो गई है।

तिर्वा तहसील इलाके के ब्लॉक विकास खंड हसेरन में राजपुर गांव के पुष्पेंद्र शाक्य की पत्नी सीमा शाक्य प्रमुख पद पर आसीन हैं। जुलाई 2021 में हुए ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में वह निर्विरोध निर्वाचित हुईं थीं। कलेक्ट्रेट पहुंचे कुछ बीडीसी ने बताया कि विकास कार्य न होने से अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए शपथ पत्र दिए हैं। एक बीडीसी के प्रतिनिधि प्रवीण राजपूत ने बताया कि बहन वार्ड 29 नेकपुर नादेमऊ से सदस्य है। साढ़े तीन साल में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि डीएम को 45 बीडीसी के शपथ पत्र दिए गए हैं। कहा गया है कि संवैधानिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होगी। उधर, जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने बताया कि उनको अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के लिए शपथ पत्र या प्रस्ताव नहीं मिला है। पत्र मिलने के बाद ही आगे की प्रक्रिया हो सकेगी।

अविश्वास प्रस्ताव की जानकारी देने पहुंचे सदस्य व प्रतिनिधि। अमृत विचार

**अब दो तिहाई बहुमत चाहिए**

जानकार बताते हैं कि पहले अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए आधे से अधिक ही बहुमत होना जरूरी था लेकिन अब संख्या बढ़कर दो तिहाई हो गई है। साथ ही पहले एक साल में ही अविश्वास प्रस्ताव लाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती थी लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे बढ़ाकर दो साल कर दिया। हालांकि समय तीन साल से अधिक हो गया है।

## लेखपाल ने की बंजर भूमि पर कब्जे की शिकायत

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम विशुनपुर हासिलपुर क्षेत्र की सरकारी बंजर भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे की जानकारी पाकर पहुंचे लेखपाल के मना करने पर दबंगों ने गालीगलौज कर विवाद करने की कोशिश की। दबंगों के खिलाफ लेखपाल ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

पुलिस से की शिकायत में प्रशांत कुमार ने बताया कि तहसील क्षेत्र के ग्राम विशुनपुर हासिलपुर क्षेत्र में लेखपाल के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को किसी व्यक्ति ने फोन पर सूचना दी कि कुछ दबंगों के द्वारा बंजर भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर वह मौके पर जाकर जांच करने लगे। जांच में पता चला कि कुछ लोग साथ मिलकर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। उक्त लोगों को जब रोका गया तो गालीगलौज कर बलवा करने की कोशिश करने लगे। वर्तमान में भी उक्त दबंग लोगों के द्वारा अवैध कब्जा कर नींव भरी जा रही है। उक्त लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

# दुकान में घुस कर दुकानदार के बेटे को जमकर मारापीटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पीड़ित ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है
- एक अन्य मामले में तोड़फोड़ किए जाने का मामला दर्ज

**अमृत विचार।** दुकान में घुसकर आरोपियों ने दुकानदार के बेटे के साथ मारपीट कर दी। घटना को लेकर पुलिस से शिकायत करने पर आरोपियों ने परिवार समेत जान से मार देने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने तीन नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उमर्दा कस्बा निवासी रामेन्द्र सोनी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कस्बा में सराफा की दुकान है। रविवार को दवा लेने के लिए बाहर गया था। दुकान पर बेटा रमन सोनी मौजूद था। रविवार दोपहर कस्बा के तारापुर गांव निवासी विपिन यादव, तुलापुर्वा गांव निवासी अनुज यादव, उमर्दा कस्बा निवासी सैफ खान समेत दो अज्ञात लोग दुकान के अंदर घुसकर बेटे के साथ मारपीट करने लगे।

धमकी देने लगे कि घटना को लेकर पुलिस से शिकायत की तो परिवार समेत जान से मार देंगे। सोमवार को पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में क्षेत्र के टिड़ियापुर गांव निवासी अंकित राजपूत ने रिपोर्ट में दर्ज कराई कि कस्बा के खैरनगर रोड पर जनसेवा केंद्र का संचालन करता है। रविवार दोपहर को किसी बात को लेकर क्षेत्र के पतरियनपुर्वा गांव निवासी अभिषेक दुकान के अंदर घुस आया और वहां रखा कंप्यूटर व एक मोबाइल तोड़ दिया विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है।

## अभद्रता का विरोध करने पर महिला को पीटा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** घर के बाहर दरवाजे पर बैठी एक महिला के साथ गांव के ही दबंग किस्म के लोगों ने अभद्रता करते हुए गाली-गलौज किया। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। मामले की शिकायत पुलिस से की गई।

सिकन्दरपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला शाम को बच्चों के साथ दरवाजे पर बैठी थी। तभी गांव के ही दबंग किस्म के लोग शराब के नशे में दरवाजे से गुजर रहे थे। महिला को देख कर अभद्रता करते हुए गाली देने लगे। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर दी। चीखपुकार सुनकर पड़ोस के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। गांव पहुंची पुलिस ने घटना के बाबत ग्रामीणों से जानकारी ली लेकिन देर रात तक मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

## एक नजर

**नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार घायल**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तालग्राम स्थित बिजली घर से बिल जमा कर घर लौट रहे युवक की बाइक से नीलगाय टकरा गई। इससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम तिसौली निवासी सौरभ कुमार राजपूत (20) पुत्र आदित्य कुमार राजपूत सोमवार को बाइक से बिजली का बिल जमा करने के लिए तालग्राम स्थित बिजली घर गया था। घर लौटते समय लगभग 12.30 बजे निकवा के निकट सामने नीलगाय आ गई। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल सौरभ कुमार को निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

**युवक के नाजुक अंग पर हमला कर किया घायल**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शराब के नशे में गालीगलौज कर रहे युवक का विरोध करना पीड़ित को भारी पड़ गया। आरोपी ने पीड़ित से गालीगलौज व मारपीट शुरू कर दी। नाजुक अंग पर प्रहार कर घायल कर दिया। ग्राम रसूलपुर निवासी शिवपाल पुत्र रघुवीर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 30 अक्टूबर की शाम करीब 8.30 बजे गांव के ही रामनाथ व अवनीश शराब के नशे में गालीगलौज कर रहे थे। जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। चाकू से नाजुक अंग पर वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया।

**मनरेगा से बनेगा अग्निवीर बलिदान स्मारक**

**कन्नौज।** आरआरसी के बाद पिछले दिनों शहीद हुए भरखरा गांव निवासी अग्निवीर के स्मारक के निर्माण को लेकर सीडीओ ने ग्राम पंचायत निरीक्षण किया। बताया कि स्मारक का निर्माण मनरेगा के तहत किया जाएगा। इसको लेकर इस्टीमेट बनाया जा रहा है।

# फर्जी वैकेंसी निकालकर बेरोजगारों को ठग लिया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तीन तरह के सूबे में निकाले गए थे करीब साढ़े छह हजार पद

**अमृत विचार।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण कार्यालय के नाम से फर्जी वैकेंसी निकालकर बेरोजगारों को ठगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। किसान मित्र के 3672, सोलर टेक्नीशियन के 1834 और ब्लॉक कोआर्डिनेटर के 922 पदों को भरे जाने की विज्ञप्ति जारी हुई थी। इसमें 11 नवंबर को सभी जिलों में मंडलीय सदस्यों की अध्यक्षता में गठित समिति की ओर से साक्षात्कार होने का भी जिक्र है।

अगस्त में जब विज्ञप्ति जारी हुई होगी तो किसान मित्र के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपये, सोलर टेक्नीशियन के लिए 650 और ब्लॉक कोआर्डिनेटर के लिए भी 500 रुपये शुल्क मांगा गया था। उसके बाद कृषि विकास एवं किसान कल्याण सचिव लखनऊ की ओर से पत्र भी जारी हुआ। उसमें इन सब ब्योरा समेत 10 अन्य बिंदुओं पर नियमावली जारी हुई। साथ ही जिला कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग के निर्देश के तहत नियुक्त व नौकरी करने का हवाला दिया गया। सोमवार को साक्षात्कार देने के लिए कुछ आवेदक विकास भवन परिसर व आसपास भटकते रहे। इस बाबत डीडी कृषि प्रमोद सिरोही का कहना है कि यह विज्ञप्ति फर्जी है। उनको डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी ने फोन कर जानकारी मांगी थी, तब इस मामले की हकीकत पता चल सकी।

# विधायक के हस्तक्षेप पर लिखी रिपोर्ट

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** कस्बा निवासी विधवा पिछले 6 माह से मारपीट की रिपोर्ट लिखाने के लिए दर-दर भटक रही है। अंत में पूर्व राज्य मंत्री एवं भाजपा विधायक से गुहार लगाने पर हस्तक्षेप के बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

कस्बा के मोहल्ला गांधीनगर सदर बाजार निवासी रुचि पाल पत्नी अखिलेश चंद्र पाल ने प्रदेश सरकार की पूर्व राज्य मंत्री एवं छिबरामऊ भाजपा विधायक अर्चना पांडेय से गुहार लगाते हुए बताया कि 21 मई को पति की मौत हो गई थी। इसके चलते मायके पक्ष से भाई-बहन घर पर रुके हुए थे। पति की मौत की चिता की आग शांत भी नहीं हुई तभी 24 मई को देवर कृष्णा पाल, पुत्र जगदीश चंद्र, सास उषा देवी, ननद पूनम, व ज्योति एक राय होकर घर से निकालने के उद्देश्य से गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट करने लगे। तभी शोर गुल की आवाज सुन मैनपुरी जनपद के करहल थाना क्षेत्र के नगला धारा गांव निवासी बहन मधु व रचना मुझे बचाने पहुंची तो उपरोक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान विधवा समेत तीन लोग घायल हुए थे। आरोप है कि 7 नवंबर को ससुर जगदीश चंद्र, चचिया ससुर लक्ष्मी नारायण घर में घुस आए और धमकी देते हुए मकान खाली करने का दबाव बनाने लगे।

कहने लगे की मकान को बेंच देंगे और जमीन जायदाद में कोई हिस्सा नहीं देंगे। मामला संज्ञान में आते ही पूर्व राज्य मंत्री ने पुलिस से बात कर विधवा का मुकदमा पंजीकृत कराया है।

**दो पक्षों में मारपीट, महिला सहित चार घायल**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव में हो रहे शौचालय निर्माण को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों से महिला सहित चार लोग घायल हो गए। ग्राम डिगसरा निवासी लाल सिंह पुत्र मंगली प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह ग्राम प्रधान के कहने पर ग्राम समाज की भूमि पर सोमवार की सुबह लगभग 09 बजे शौचालय का निर्माण करा रहा था। तभी गांव के लोगों ने इसका विरोध करते हुए गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसकी मां किरन देवी को मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से रामकुमार ने बताया कि गांव के लोग उसकी भूमि पर शौचालय का निर्माण करा रहे थे। विरोध करने पर गाली गलौज की और उसे व उसकी नातिन ज्योति को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जन्मदिवस के अवसर पर मौजूद अतिथि व अन्य। अमृत विचार

# राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी का जन्मोत्सव मनाया गया

संवाददाताजलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी का जन्म दिवस स्वदेशी स्वालंबन दिवस के रूप में मनाया गया। सोमवार को पं. वृंदावन मेमोरियल विद्यालय पांडेपुरवा में राष्ट्र ऋषि के जन्म दिवस पर कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष गीता पाठक ने दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक शिवानंद, घनश्याम राठौर, अवधेश राठौर, प्रबंधक प्रवीना पांडे, गीता चतुर्वेदी, शालिनी शाक्य, प्रीति, रितिका रहीं।

# वन विभाग से अनुमति के बाद ही काट सकेंगे 29 प्रजातियों के पेड़

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वेबसाइट पर होता है ऑनलाइन आवेदन व अवैध कटान रोकने को निर्णय
- ग्रामीण व शहरी इलाकों के लिए एक हजार रुपये प्रति पेड़ एनएससी जरूरी

**अमृत विचार।** जिले में प्रतिबंधित पेड़ों का अवैध कटाने तेजी से हो रहा है। लकड़ी माफिया व ठेकेदार के बहकावे में आकर वन विभाग से बिना परमिट के ही वृक्षों का कटान कर दिया जाता है। सरकार ने 29 प्रजातियों के पेड़ों को काटने से पहले अनुमति जरूरी बताई है।

डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि विभाग से परमिट लेने में देरी नहीं होती है। संबंधित प्रपत्र जमा करने के बाद 15-20 दिनों में ही अनुमति दे दी जाती है। देरी की बात कहकर ठेकेदार व लकड़ी माफिया चोरी से पेड़ों का कटान कराते हैं। डीएफओ ने बताया कि 29 प्रजातियों को छोड़कर अगर पेड़ किसान या अन्य व्यक्ति की निजी जमीन आदि पर लगे हैं तो काटने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं है।

उन्होंने बताया कि परमिट लेने के लिए विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन होता है। प्रति वृक्ष काटने के लिए एक हजार रुपये एनएससी लगती है। इसके अलावा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के पेड़ को काटने के लिए अलग-अलग प्रपत्रों की जरूरत होती है, उसे लगाने पड़ते हैं।

**इन प्रजातियों पर है प्रतिबंध, परमिट जरूरी**

आम (देसी/तुकमी), नीम, साल, महुआ, बीजसाल, पीपल, बरगद, गूलर, पाकड़, अर्जुन, पलास, बेल, चिरौंजी, खिरनी, कैथा, इमली, जामुन, असना, कुसुम, रीठा, भिलावा, तून, सलई, हल्दू, बाकली, धौ, खैर, शीशम व सागौन बिना वन विभाग के परमिट से नहीं मिटेंगे।

## योग से मिलती मानसिक शांति

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत व्यायाम सत्र का आयोजन हुआ। छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए योग एवं व्यायाम का अभ्यास करने का सुझाव दिया गया। कहा गया कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक गतिविधियों को करते रहना जरूरी है। योग करने वालों का शरीर हमेशा निरोग रहता है। इस दौरान बताया गया कि व्यायाम करने से शारीरिक फिटनेस और योग करने से मानसिक शांति मिलती है। प्रभावशाली व्यक्तित्व प्राप्त करने के लिए मन और शरीर दोनों का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को वार्मअप, हस्तपादासन, ताड़ासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, कुर्सी मुद्रा, वीरभद्रासन आदि आसन का अभ्यास कराया।

गोष्ठी में मौजूद काजी नसीम अहमद अब्बासी। अमृत विचार

# जन्मदिन पर मौलाना अबुल कलाम आजाद को याद किया

संवाददाता,गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** कस्बा समधन स्थित मौलाना आजाद लाइब्रेरी में अबुल कलाम आजाद का जन्मदिन सोमवार को दोपहर लगभग 03:00 बजे केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इसी में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता काजी नसीम अहमद अब्बासी ने की। उन्होंने अबुल कलाम आजाद के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि अबुल कलाम ने देश को नई विचारधारा और उर्जा देकर बेहतर मुकाम हासिल किया। प्रवक्ता डॉ. जहीर, डॉ. अम्बार, हाफिज अब्दुल कयूम खां, मुंशी कासिम, तुलाराम, ताहिर, हाफिज साबान, जुगुल किशोर, हरिश्चन्द्र, लालाराम आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

**पाइप की फिटिंग करने आए प्लंबर की बाइक चोरी**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सदर कोतवाली के बिबिया जलालपुर द्वारिकापुर निवासी शिव पुत्र अनिल कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह रविवार की सुबह करीब 11 बजे ग्राम मिश्रापुर के ग्राम प्रधान चन्द्रकांत के आरआरसी सेंटर पर पाइप लाइन की फिटिंग करने गया था। जलभराव होने के कारण आरआरसी सेंटर से पहले ही बाइक खड़ी कर दी और पाइप लाइन ठीक करने चला गया। लगभग 06.20 बजे जब लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। इसकी सूचना उसने सराय प्रयाग चौकी व कोतवाली पुलिस को दी।

**भाभी व देवरों को मारपीट कर किया घायल**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोस में आई बारात के बारातियों ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। महिला सहित उसके देवरों को मारपीट कर घायल कर दिया। कुलापुर के ग्राम सहतेपुर्वा निवासी सुनीता देवी पत्नी सुधीर ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 नवंबर की रात उसके पड़ोस में बारात आई थी। जनपद हरदोई के तीन लोग अपने साथियों के साथ देर रात लगभग 12.30 बजे उसके दरवाजे पर आए और उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने मना किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया। उसे बचाने आए उसके देवर अर्जुन व लंकुश से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**नादेमऊ चौराहे पर बार-बार लगता है जाम**

**सौरिख,कन्नौज।** प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद कस्बा में स्थित नादेमऊ चौराहे पर जाम लगने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसके चलते आने जाने वाले राहगीरों समेत दुकानदारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा में स्थित नादेमऊ चौराहे पर ई रिक्शा एवं टेंपो के रोड पर खड़े होने से दिन में कई बार जाम लगना एक आम बात हो गई है। स्कूलों की छुट्टी के दौरान जाम लगने से काफी देर तक स्कूल के वाहन व बच्चे जाम में फंसे रहते हैं। चौराहे पर पुलिस की मौजूदगी के बावजूद ई रिक्शा एवं टेंपो चालकों की मनमानी देखने को मिल रही है। दिन में कई बार जाम लगने से राहगीरों समेत आसपास के दुकानदारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

नादेमऊ चौराहे पर जाम में फंसे वाहन।

**प्रतियोगिता** | चौधरी चंदन सिंह परास्नातक महाविद्यालय में हुआ आयोजन, छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया

# भाषण, पोस्टर व क्विज में झलकी छात्र-छात्राओं की प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** 11 नवंबर 2024 को मकरंद नगर स्थित चौधरी चंदन सिंह परास्नातक महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत भाषण, पोस्टर तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता प्राचार्य लेफ्टिनेंट डॉ. आर एन मिश्रा के नेतृत्व में हुई। आयोजन के उपरांत महाविद्यालय में ही प्राचार्य की अध्यक्षता में गठित कोऑर्डिनेटर डॉ. सुदीप शर्मा तथा प्रश्निका समिति ने मूल्यांकन किया और परिणाम घोषित किए गए। इनमें क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नवीन यादव, द्वितीय स्थान प्रियांशी दीक्षित रहे तथा तृतीय स्थान पर काजल और चतुर्थ स्थान पर नीतू रहीं। इसी तरह पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नीतू सिंह, द्वितीय स्थान पर सान्या सिंह रहीं, तृतीय स्थान पर एंजल द्विवेदी को मिला। सड़क सुरक्षा एक चुनौती विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियांशी दीक्षित, द्वितीय स्थान पर जतिन कुशवाहा तथा तृतीय स्थान पर सीमा सिंह राठौड़ रहीं। सभी प्रतियोगिताओं में कोऑर्डिनेटर के अलावा उमेश चंद्र द्विवेदी गोविंद दुबे, रामदेव बाजपेई, आरके दीक्षित, सत्येंद्र यादव, डॉ. आरती वर्मा मौजूद रहे।

प्रमाण पत्र के साथ खड़े विजेता प्रतिभागी। अमृत विचार



तिर्वा के महेंद्र नीलम इंटर कालेज में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते प्रभारी आफाक खां। अमृत विचार

**बच्चों को अपने बायीं तरफ करके पैदल चलें**

**कन्नौज।** यातायात माह के अवसर पर स्कूलों में जागरुकता अभियान चलाया गया। स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। बताया कि बड़े जब बच्चों को लेकर चलें तो उनको अपने बायें हाथ की अंगुली पकड़ाएं। सोमवार को यातायात प्रभारी आफाक खां ने तिर्वा के महेंद्र नीलम इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं से यातायात संबंधी सवाल भी पूछे गए, सही जवाब देने वालों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। प्रभारी ने बताया कि बहुत से माता-पिता या भाई-बहन अपने छोटे बच्चों या भाई बहनों को पैदल सड़कों पर जब लेकर चलते हैं तो बच्चों को दाहिनी तरफ रखकर उनको अपनी उंगली पकड़ा देते हैं जो खतरनाक है। हमेशा छोटे बच्चों को अपने बाईं तरफ रखना चाहिए और उनका हाथ पकड़ कर रखना चाहिए। हेलमेट, सीट बेल्ट, और मोबाइल से बात करने, सड़क को क्रॉस करने के संबंध में जानकारी दी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जनपद कन्नौज**

पत्रांक :- 1845/के0जे0/स0अनु0/2024-25 दिनांक :- 09.11.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद कन्नौज को पूर्व में ODF++ घोषित किया जा चुका है, जिसका पुनः प्रमाणिकरण किया जाना है। निम्नलिखित वार्ड सूची के अनुसार नागरिकों एवं वार्ड सदस्यों के बहुमूल्य प्रयासो से इस निकाय के समस्त वार्ड ODF++ से सम्बन्धित समस्त मानको को पूर्ण कर चुके है। इस आशय का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाना है, जिस हेतु निम्नलिखित वार्डो में खुले में सौच ODF++ से सम्बन्धित यदि किसी व्यक्ति / सामाजिक संस्था को कोई आपत्ति अथवा सुझाव है तो इस विज्ञप्ति के जारी होने के दस दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद कन्नौज में किसी भी कार्य दिवस में लिखित रूप से अपनी आपत्ति / सुझाव दे सकते है। निश्चित अवधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कन्नौज

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जनपद कन्नौज**

पत्रांक :- 1846/के0जे0/स0अनु0/2024-25 दिनांक :- 09.11.2024

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद कन्नौज सीमान्तर्गत निर्मित सेप्टिक टैंको से निकलने वाली गंदगी (Feacal Sludge) को खुले में, तालाब, नदी अथवा नाले में डालना पूर्णतयः प्रतिबन्धित है। इससे जल एवं भूमि प्रदूषित होती है। नगर पालिका परिषद कन्नौज कार्यालय में सेप्टिक टैंको से निकलने वाली गंदगी (Feacal Sludge) को साफ करने हेतु सक्शन मशीन उपलब्ध है। जिसके लिए बड़ी सक्शन मशीन रु0 1500/- प्रति फेरा निर्धारित है। इच्छूक व्यक्ति/प्रतिष्ठान निर्धारित शुल्क जमा कराते हुए सेप्टिक टैंक की सफाई कराने हेतु हेल्पलाइन नं0 1533/14420 पर सम्पर्क कर सकते है। यदि कोई व्यक्ति / प्रतिष्ठान किसी प्राइवेट व्यक्ति से सेप्टिक टैंक की सफाई करवाता है और सफाई के दौरान कोई दुर्घटना होती है तो इसके लिए सम्बन्धित नियोक्ता/फर्म स्वयं जिम्मेदार होंगे और ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध मैनुअल स्कैवेंजर अधिनियम 2013 की धाराओं में मामला पंजीकृत कराया जाएगा। नगर पालिका परिषद कन्नौज सीमान्तर्गत यदि कोई सीवर टैंक की सफाई करने वाली यदि कोई संस्था/ व्यक्ति है तो वह नगर पालिका परिषद कन्नौज में अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कन्नौज

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# प्रधान के परिजनों ने कर दी विवादित जमीन पर बुवाई

## जिलाधिकारी ने एडीएम सदर को जांच कर कार्रवाई के लिए कहा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

प्रधान के परिजनों ने रोक लगायी जमीन पर की आलू की फसल की बुवाई।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के आदेश को दरकिनार कर प्रधान के परिजन व उसके ससुरालीजनों ने रोक लगायी जमीन पर दंबगई कर आलू की फसल की बुवाई कर दी है। इस मामले में जिलाधिकारी ने एडीएम सदर को जांच कर कार्रवाई करने के लिए कहा है। लेखपाल ने ग्राम सभा प्रधान व ग्राम सभा दानमंडी के प्रधान को सूचित कर दिया है कि उक्त जमीन पर न जोताई और ना ही फसल बोई जानी चाहिए। अगर आदेश का उल्लंघन हुआ तो कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

इस बाबत ग्राम सभा दानमंडी, ब्लॉक कमालगंज के निवासी सचिन दीक्षित ने प्रधान राखी दीक्षित के ससुर शिवरतन लाल व कौशल किशोर पर गंभीर आरोप लगाये है। जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि प्रधान व उनके परिजनों का मकसद सिर्फ किसी भी तरह से पैसा पैदा करना है। उसके लिए चाहे उनको जमीनों पर कब्जा करना पड़े। सरकारी चकरोड, नाली, व बचत या फिर मनरेगा के अंतर्गत घोटाला करना हो यह सब काम उनके लिए बहुत छोटे काम हो चुके हैं। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि ग्राम सभा दानमंडी में उनके द्वारा कब्जा किया गया चक रोड गत 21 अक्टूबर को कब्जा मुक्त होने के बाद इन लोगों ने ग्राम सभा सिरोंज के मजरा गांव फरीदापुर में भी गाटा संख्या 6 चक रोड, गाटा संख्या 3 रास्ता, गाटा संख्या 5 नाली, गाटा संख्या 4 नॉन जेड ए जमीन पर कब्जा कर रखा है । जिसकी शिकायत जिलाधिकारी फर्रुखाबाद को की गई थी। जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच एडीएम सदर को सौंपी है।

# महिला उत्पीड़न के मामलों पर तत्काल संज्ञान लें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- राज्य महिला आयोग ने जारी किए निर्देश, कहा मामलों में लापरवाही न की जाए
- जनपद स्तर पर हर माह महिला उत्पीड़न संबंधी शिकायतों की होगी समीक्षा

**अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग ने महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में त्वरित न्याय दिलाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा है कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों पर अधिकारी गंभीरता से संज्ञान लें और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएं। आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने इस संबंध में आदेश जारी कर अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। जिसमें महिला उत्पीड़न मामलों की सुनवाई की जाएगी।

आदेश में यह भी कहा गया कि जनपद स्तर पर एक महिला जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगी। इस अभियान का उद्देश्य है कि प्रदेश में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों में कमी लाई जाए और उन्हें न्याय प्राप्त हो। आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन शिविरों के आयोजन की सूचना व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से जनता तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें।

यह भी आदेश दिया गया है कि प्रत्येक बैठक के बाद प्राप्त मामलों की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि शिविर में आए मामलों की समीक्षा करते समय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी और उनकी अनुपस्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश जिले के अधिकारीयों द्वारा भी तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है, ताकि क्षेत्र में महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम लगाई जा सके।

# समाजवादी छात्र सभा ने सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 को पूर्व की भांति कराने की मांग उठाई
- ज्ञापन में कहा गया कि नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण व विवादित रही है

सपा के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिल कठेरिया आदि ने दिया ज्ञापन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजवादी छात्र सभा ने उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024, समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023 को पूर्व की भांति आयोजित करने के संदर्भ में लोक सेवा आयोग प्रयागराज को प्रेषित एक ज्ञापन जनपद के सिटी मजिस्ट्रेट संजय सिंह को सौंपा। जिसमें इन परीक्षाओं को पूर्व की भांति आयोजित करने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि परीक्षा की अलग-अलग पालियों के प्रश्न पत्रों में प्रश्नों की प्रकृति सरल व कठिन के पहचान की कोई प्रक्रिया नहीं है, इस अंतर को नॉर्मलाइजेशन से भरा नहीं जा सकता है। नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण व विवादित रही है, पूर्व में भी या विभिन्न परीक्षा परिणाम में व्यापक विसंगति उत्पन्न की गई है। स्केलिंग प्रक्रिया पूर्ण में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में भ्रष्टाचार व विधिक विवाद का प्रमुख कारण रहे हैं जिसकी सीबीआई जांच अभी भी विचाराधीन है। समाजवादी छात्र सभा ने मांग की करते हुए कहा कि परीक्षाओं को एक से अधिक पालियों में कराना व नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया उचित या न्यायपूर्ण नहीं है। समाजवादी छात्र सभा इसका विरोध करती है। ज्ञापन देने सपा के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अखिल कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शाक्य एडवोकेट व पुष्पेंद्र यादव एडवोकेट, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा देवेंद्र सिंह यादव, रामपाल सिंह यादव जिला सचिव व फ्रंटल प्रभारी, निजाम अंसारी,राजपाल यादव, पवन यादव, नरेंद्र सिंह यादव, राहुल कुमार,जियाउल हक आदि पहुंचे।

## एक नजर

### तिलक का खाना खाने से एक दर्जन से अधिक बीमार

**कायमगंज।** रविवार की देर नगर से सटें गांव गढ़ी कुबेरपुर निवासी रक्षपाल के पुत्र का तिलक का कार्यक्रम था। तिलक में खाना खाने से मंयक, नीरज. शिवम, अर्जुन, मीरा, अल्का, रोली, राजपाल, अभिषेक, गौतम, राजपाल, अभिषेक, गौतम, सरला देवी, सुखराम, सीमा, प्रमोद, शकुंतलास, विमलेश, यश व हंसराम की अचनाक हालत बिगड़ गई। एक दर्जन से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ने से अफरातफरी मच गई। परिजन सभी को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां सभी का इलाज किया गया।

### श्रीश्याम बाबा कथा कल से

**फर्रुखाबाद।** श्री राधा श्याम शक्ति मंदिर प्रबंध समिति की देख रेख में मंदिर परिसर लोहाई रोड के प्रांगण में श्रीश्याम जन्मोत्सव के मौके पर श्रीश्याम कथा 12 व 13 नवंबर को होगी। यह जानकारी देते हुए मंदिर प्रबंध समिति के हवाले से व्यापारी नेता संजय गर्ग ने बताया कि स्कंध पुराण में वर्णित श्याम प्रभु की कथा का श्रवण झुंझनू धाम राजस्थान से पधारे कथा प्रवाहक आनंद भट्ट के मुखारविंद से सुनाई जाएगी। कथा का समय शाम पौने पांच बजे से रात नौ बजे तक रहेगा। 12 नवंबर को प्रातः 8 बजे अभिषेक पूजा होगी और शाम को श्याम जन्मोत्सव के साथ कथा का प्रारंभ होगा। 13 नवंबर को शीश दान कथा होगी।

### गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा कल से 15 तक

**फर्रुखाबाद।** कनासी नवाबगंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के निर्देशन में हो रहे 24 कुंडीय महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। धार्मिक अनुष्ठान कराने को शांतिकुंज हरिद्वार से टोली सोमवार को पहुंची । 24 दंपति प्रतिदिन गायत्री महायज्ञ में यजमान बनेंगे। 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा 12 से 15 नबम्बर 2024 तक हो रही है। यज्ञ आयोजक चेतन गंगवार ने बताया कलश यात्रा के साथ यज्ञ की शुरुआत होगी।

# भारत विकास परिषद ने किया परिवार मिलन महोत्सव

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव एवं श्याम प्रकाश, कन्हैयालाल जैन दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की।

क्लासिकल नृत्य की नेहा श्रीवास्तव ने दी प्रस्तुति।

**अमृत विचार ।** भारत विकास परिषद पांचाल शाखा द्वारा रविवार को अग्रवाल धर्मशाला नंबर एक में दीपावली परिवार मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया। शुरुआत मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉक्टर प्रशांत श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि नेहा श्रीवास्तव एवं श्याम प्रकाश शाखा अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन, शाखा सचिव देवेंद्र नारायण श्रीवास्तव, महिला संयोजिका ममता सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारी ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत तिलक कर माल्यार्पण द्वारा किया गया। परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम वंदे मातरम से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। समारोह में दुष्यंत श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत कर दीपावली की शुभकामनाएं दी संजीव बाथम मीडिया प्रभारी द्वारा संस्था का परिचय विस्तार से दिया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवक डॉ प्रशांत श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में पांचाल शाखा द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा किए जाने वाले जन जनजागरूकता के कार्यक्रम से जनता एवं समाज को काफी लाभ पहुंचता है और समाज अपनी संस्कृति को पहचानता है। विशिष्ट अतिथि नेहा श्रीवास्तव ने कहा कि भारत विकास परिषद एक ऐसा गैर-राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठन है जो लगभग 6 दशक से समाज के वंचित वर्ग की सेवा कर रहा है। अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन सचिव देवेंद्र नारायण श्रीवास्तव एवं अन्य पदाधिकारी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में लकी ड्रा का आयोजन किया गया जिसमें तीन सदस्यों को पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर नेहा श्रीवास्तव ने अपने खास क्लासिकल नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अविका सिंह, काश्वी सिंह, गार्गी गुप्ता, आराध्या कटियार, अथर्व गुप्ता, गर्व गुप्ता आदि ने अपनी नृत्य की प्रस्तुति दी। परिषद के सभी सदस्यों को दीपावली उपहार देकर एवं आतिशबाजी की गई। अध्यक्ष कन्हैयाजी ने सभी अतिथियों का सहयोग शाखा, फतेहगढ़ शाखा, विवेकानंद शाखा, महीयसी शाखा मुख्य शाखा से आये हुए सभी पदाधिकारी एवं प्रांतीय पदाधिकारी का आभार प्रकट किया। संचालन सचिन देवेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, अनुश्रिया अग्रवाल ने किया। संयोजक सुनील सक्सेना, प्रवेन्द्र गुप्ता, दुष्यंत श्रीवास्तव, रिंकी अग्रवाल ने व्यवस्था संभाली।

# किसानों ने खत्म किया धरना

संवाददाता कायमगंज

उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते राष्ट्रीय अध्यक्ष मौजूद अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** बीते चार दिनों से मण्डी समिति में धरने पर बैठे किसानों ने एसडीएम के अश्वासन के बाद धरना समाप्त किया। इस दौरान किसानों ने पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

बीते शुक्रवार से जय जवान जय किसान लोकशक्ति संगठन के एक सैकड़ा से अधिक किसान मण्डी समिति में पांच सूत्रीय मांगो के लेकर धरने पर बैठे थे। सोमवार को किसानों ने पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम रवीन्द्र सिंह को सौंपा। जिसमें उन्होने कहा कि मण्डी समिति में किसानों के लिए बने नीलामी चबूतरों को खाली कराया जाए। गंगा में बाढ़ से बचाव के लिए तट पर बांध बनवाया जाए। नबावगंज के अचरा तिराहे निवासी अजब शाक्य के मकान पर से अवैध कब्जा हटवाया जाए। गांव कोट पहाड़ी में मंदिर, अस्पताल व स्कूल के सामने शराब का ठेका हटवाया जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यभान चौहान अग्निवंशी, कमलेश राजपूत, वारिस खां, रामसरन राजपूत, डॉ देवारज सिंह, जोगराम राजपूत, राम विलास, भईया लाल, शेर सिंह रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक में शिक्षकों की महत्वपूर्ण मांगों पर विचार-विमर्श किया गया और उन्हें पूरा कराने की बात कही गई। बैठक की अध्यक्षता अवनीश चौहान ने की, जबकि संचालन राज किशोर शुक्ला ने किया। बैठक के बाद बीएसए को शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा। बैठक में लगभग आधा दर्जन मांगों पर चर्चा की गई, जिनमें मुख्य रूप से सेवा निवृत्त शिक्षकों की पेंशन संशोधन के लिए मंगाई गईं सेवा पुस्तिकाएं बीएसए कार्यालय से वापस करने, पुरानी पेंशन विकल्प की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने, अवकाश के दिनों में कार्य के बदले छुट्टी देने, कायाकल्प के अधूरे कार्य पूरे करने, एरियर मिलने के बाद शैक्षिक प्रमाणपत्र वापस देने, और कटे हुए जीपीएफ का विवरण उपलब्ध कराने की मांगें शामिल थीं। शाहिद गौरी, राजेश यादव, निर्देश गंगवार, दिव्यांश गंगवार, गजेंद्र सिंह, मुन्नालाल, अमित मिश्रा, अनुपम मिश्रा, सत्यभामा राठौर, उपेंद्र गंगवार, अश्विनी चतुर्वेदी और राकेश यादव मौजूद रहे। शिक्षको ने ज्ञापन फतेहगढ़ बीएसए गौतम प्रसाद को सौपा।

## सार-संक्षेप


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते रेजीमेंट समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार सागर।

### चमार रेजीमेंट को बहाल करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**फर्रुखाबाद।** चमार रेजीमेंट को बहाल करने के लिए रेजीमेंट नाम से बनाई गई संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार सागर की अगुवाई में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में रेजिमेंट की उपलब्धियां की बिंदुवार चर्चा की गई। ज्ञापन में कहा गया कि देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना को और ज्यादा सशक्त बनाना होगा। जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं को लगातार बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को भी सबक सिखाने के लिए ने हेतु सेना को सशक्त बनाने की जरूरत है । ऐसे में चमार रेजीमेंट को बहाल किया जाना चाहिए। जिससे सेना को मजबूती मिलेगी। ज्ञापन देने वालों में संगठन के प्रमुख रिजवान अहमद ताज सहित पदाधिकारी शामिल रहे।

पारस हेल्थ के निदेशक डा. सौमित्र भारद्वाज डाक्टरों के साथ प्रेस वार्ता करते हुए।

### पारस हेल्थ ने सिटी हॉस्पिटल के साथ लगाया हेल्थ कैंप

**फर्रुखाबाद।** पारस हेल्थ कानपुर ने सिटी हॉस्पिटल फर्रुखाबाद के सहयोग से निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन आवास विकास स्थित सिटी हॉस्पिटल में आयोजित किया गया है। यह बात पारस हेल्थ के क्षेत्रीय निदेशक डा.सौमित्र भारद्वाज ने प्रेस वार्ता में डायमंड पैलेस में देते हुए बताया कि पारस हेल्थ के मेडिकल पैनल में कार्डियोलाजी,कार्डियक सर्जरी,आंकोलाजी,आनको सर्जरी,आर्थोपेंडिक्स, यूरोलाजी,न्यूटोलाजी,न्यूरो सर्जरी, गस्ट्रोएंट्रोलाजी,जी आई सर्जरी और अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। कैंप में मौजूद 11 डाक्टरों में डा.राकेश अरोड़ा,डा.निलेश अग्रवाल, डा.पवनकरेला,डा.अभिमन्यु कड़ापंथी,आशुतोष सिंह,डा.आदित्य नरूला, डा.योगेश कुमार, डा.गोपाल शुक्ला आदि शामिल रहे। प्रत्येक डाक्टर ने संतुलित पोषण, नियमित एक्सरसाइज, मानसिक स्वास्थ्य जैसे पॉजिटिव हेल्थकेयर आदतों के महत्व को समझाते हुए मौजूद लोगो को सलाह दी। सिटी हॉस्पिटल में सुबह 10 बजे से सायंकाल तक कैंप में मरीजों का परीक्षण किया। यह अस्पताल प्रधानमंत्री आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत योजना से गरीबों का निशुल्क इलाज भी कर रहा है। डा. सौमित्र भारद्वाज ने बताया की हर महीने के पहले बुधवार को नि:शुल्क हेल्थ कैंप सिटी हॉस्पिटल में लगेगा।

कपड़े व मिठाई बांटते मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे, मिस फर्रुखाबाद शिवांगी चौहान।

### भाजपा नेता विनय कटियार के जन्मदिन पर बांटी मिठाई

**फर्रुखाबाद।** भाजपा के सांसद,वरिष्ठ नेता विनय कटियार के जन्मदिन पर जरूरतमंदों में कपड़े व मिठाई बांटी गई। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख नायक और शेर–ए–हिंदुस्तान के नाम से प्रसिद्ध राज्यसभा सांसद विनय कटियार के जन्मदिन के अवसर पर उनके भतीजे और युवा समाजसेवी अभिषेक कटियार, युवा महोत्सव समिति मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे और मिस फर्रुखाबाद शिवांगी चौहान के नेतृत्व में भट्टा श्रमिकों के बीच कपड़े और मिठाई वितरित की गई। इस मौके पर जरूरतमंदों ने कपड़े पाकर खुशी जाहिर की। युवा टीम के समक्ष श्रमिकों ने अपनी कठिनाइयों को साझा किया और बताया कि उनके काम के दौरान उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। वहीं मिस फर्रुखाबाद शिवांगी चौहान ने बच्चों को कपड़े बांटते हुए कहा कि वे भविष्य में भी हर संभव सहायता करेंगी। अभय तिवारी, आयुष गुप्ता, अंकित पाण्डेय, केशव कुशवाह, अभिषेक कटियार, और विशाल शाक्य ने बच्चों को बिस्कुट और नमकीन वितरित की। भट्टा स्वामियों ने इस सहायता कार्य के लिए सभी योगदानकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### राशन वितरण में बदलाव,अब मिलेगा आधा गेहूं, आधा चावल

**फर्रुखाबाद।** अब राशन वितरण में बड़ा बदलाव हुआ है यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव ने दी। उन्होने बताया कि अब राशन वितरण में अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को 35 किलो ग्राम राशन दिया जाएगा। जिसमें 17 किलो गेहूं एंव 18 किलो चावल दिया जाएगा। वहीं पात्र ग्रहस्थी राशन कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 5 किलो राशन वितरण किया जाएगा। जिसमें 2.50 किलो ग्राम गेहूं एंव 2.50 किलो ग्राम चावल दिया जाएगा।

व्यवस्था | जिलाधिकारी ने डीपीआरओ व ईओ नगर पालिका को व्यवस्था करने के लिये निर्देश दिए

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान व मेले की तैयारियों की हुई समीक्षा

जिलाधिकारी ने अफसरों को निर्देश देकर व्यवस्था चौकस रखने को कहा।

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में कार्तिक पूर्णिमा पर होने बाले स्नान व मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ढाई घाट पर 12 से 18 नवंबर तक लगने बाले मेले व अटैना घाट, श्रृंगिरामपुर घाट पर स्नान पर प्रकाश व्यवस्था नदी के किनारों पर बैरिकेडिंग तट का समतलीकरण कराने, नाव, नाविक व गोताखोरों की तैनाती करने, चेंजिंग रूम बनाने, अधिकारियों के लिये कैम्प बनाने के लिये निर्देश दिया। पांचाल घाट पर डीपीआरओ व ईओ नगर पालिका को उक्त व्यवस्था करने के लिये निर्देशित किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मेडिकल कैम्प व एम्बुलेन्स उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया गया, सभी घाटो पर अग्निशमन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये, जिलाधिकारी द्वारा सभी घाटो पर महिला पुलिस की नियुक्ति करने के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर, एसडीएम कायमगंज, ईओ नगर पालिका, डीपीआरॉओ व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बीईओ पर नाराज हुए जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

नेशनल अचीवमेंट सर्वे/निपुण असेसमेंट टेस्ट की बैठक जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह।

- नेशनल अचीवमेंट सर्वे/निपुण असेसमेंट टेस्ट 22024/25 कराने के लिए हुई बैठक

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में नेशनल अचीवमेंट सर्वे, निपुण असेसमेंट टेस्ट 2024-25 को कराने के लिए बैठक आयोजित की गई। इस दौरान शिक्षा में गुणवत्ता न होने पर जिलाधिकारी ने बीईओ पर नाराजगी जताई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जिला विद्यालय निरीक्षक जिले के सभी 405 स्कूलों में 25029 बच्चों को प्रत्येक शनिवार परीक्षा की प्रैक्टिस कराये। बीएसए ने बताया कि उनके सभी स्कूलों में प्रैक्टिस हो रही है, जिलाधिकारी द्वारा प्रेक्टिस की मॉनिटरिंग के लिये अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के लिये निर्देशित किया गया है। उन्होंने बीईओ द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान न दिये जाने पर नाराजगी जताई। निर्देशित किया कि सभी एआरपी अपने क्षेत्र के विद्यालयों में खुद जाकर पठन पाठन करेगे, बीईओ महीने में कम से कम 30 विद्यालयों में पढ़ाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला व उसके पुत्र को गायब करने में पति, ससुर व देवर के खिलाफ केस

**फर्रुखाबाद।** विवाहिता व उसके पुत्र को गायब करने में उसके ससुर, पति व देवर के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है ।

थाना राजेपुर के ग्राम चाचूपुर निवासी सालिगराम ने न्यायालय के आदेश पर थाना कादरी गेट में केस दर्ज कराया । कहाकि उसने पुत्री सपना उर्फ कल्पना की शादी 8 वर्ष पूर्व सुरजीत निवासी ग्राम सुलखानपुर थाना कादरीगेट के साथ की थी। पुत्री कल्पना के ससुर रामनरेश,पति सुरजीत व देवर मुकेश कुमार को शादी के बाद से ही परेशान करने लगे। पति सुरजीत ने कई बार मारपीट की। जिससे कल्पना को मायके ले आए। 14 सितंबर को कल्पना को उसका भाई ससुराल छोड़ आया। 25 सितंबर को सुरजीत कल्पना व पुत्र अमन को बाजार ले गया। तबसे पुत्री व उसका पुत्र गायब है। सालिगराम ने हत्या कर पुत्री कल्पना व अमन का शव गायब करने का आरोप लगाया ।

## एक नजर

### पुत्र ने पिता को पीटा

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के भीखनपुरा में पुत्र ने पिता के साथ मारपीट कर दी। वह पिता से जमीन मांग रहा था। कोतवाली पहुंचे बुजुर्ग कप्तान सिंह ने बताया कि उसने अपना खेत बेटे को नहीं दिया था। बेटा खेत जबरदस्ती लेने पर अड़ रहा था तो उसे देने से मना कर दिया। इसी बात पर उसने सोमवार दोपहर में डंडे से मारपीट कर घायल कर नीचे गिरा दिया, जिससे चोटें आईं। पुलिस ने घायल अवस्था में वृद्ध को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा।

### पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, ड्राइवर घायल

**जसवंतनगर।** तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। सड़क हादसे में कार ड्राइवर को घायल हो गया। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और कार में फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला। पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली। ड्राइवर का नाम पता अज्ञात है। घटना केस्त गांव के समीप एक मैरिज होम के पास रामलीला मार्ग की है।

### किशोरी को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला कर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को जारपुरा का शिवम कुमार बहला फुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस जब उसकी तलाश में जुटी थी तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बहारपुरा नहर पुल के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### खाटू श्याम भजन संध्या और छप्पन भोग आज

**इटावा।** छिपैटी पटी गली स्थित खाटू श्याम मंदिर पर 12 नवम्बर का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यहां 12 नवम्बर को खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार होगा, छप्पन भोग लगाए जाएंगे तथा भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। शाम 6 बजे से शुरू हो जाएगा। इसके लिए बाहर से कलाकार बुलाए गए हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ विधायक सरिता भदौरिया मौजूद रहेंगी। यह जानकारी रमेश सक्सेना एड, आशीष सक्सेना तथा राजेश कुमार शर्मा ने दी है। उन्होने बताया है कि इस आयोजन को भव्य बनाने की सभी तैयारिया कर लीं गई है। उन्होने सभी श्रद्धालुओं से इस कार्यक्रम में आने की अपील की है। कार्यक्रम के बाद प्रसाद का वितरण भी किय जाएगा।

# सेंट्रल जेल में राजस्थान के सजायाफ्ता कैदी की मौत

## हत्या के प्रयास के मामले में काट रहा था 10 साल की सजा

संवाददाता, सैफई (इटावा)

- 2 अक्टूबर को राजस्थान से सेंट्रल जेल आया था

**अमृत विचार।** केंद्रीय कारागार में हत्या के प्रयास में 10 वर्ष की सजा काट रहे 48 वर्षीय कैदी को बीमार होने पर रविवार को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार की सुबह 6 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सजायाफ्ता कैदी को पिछले महीने ही राजस्थान से यहां सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था।

राजस्थान के अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के मूनपुर निवासी बदरी प्रसाद मीणा (48) पुत्र लालजी को हत्या के प्रयास के मामले में 11 जनवरी 2022 को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट संख्या-2 ने 10 वर्ष की सजा सुनाई थी। कैदी एक दूसरे मामले में अलवर जिले की जेल में बंद था। पिछले महीने 2 अक्टूबर को उसे राजस्थान से इटावा के वैदपुरा थाना क्षेत्र में स्थित केंद्रीय कारागार में शिफ्ट किया गया था, जहां वह बैरिक नंबर-1/6 में बंद था।

9 नवंबर को कैदी बदरी प्रसाद मीणा के पेट और सीने में दर्द होने की शिकायत पर जेल प्रशासन ने पुलिस कस्टडी में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इलाज के लिए भेजा था। सैफई में जांच होने के बाद उसे फिर से जेल वापस भेज दिया गया था। 10 नवंबर की सुबह फिर उसके पेट और सीने में दर्द हुआ तो जेल प्रशासन ने सरकारी एंबुलेंस से सैफई विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बेटे ने मौत पर उठाए सवाल

- जेल प्रशासन की सूचना पर यहां पहुंचे कैदी बदरी प्रसाद मीणा के पुत्र ब्रजमोहन मीणा और भाई हरीराम मीणा ने बताया कि जेल प्रशासन की ओर से सीधे मौत की सूचना दी गई है, जबकि बीमार होने की कोई सूचना नहीं दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर बदरी प्रसाद की तबीयत खराब थी तो जेल प्रशासन की ओर से सूचना क्यों नहीं दी गई। उन्होंने बाएं पैर पर जले का निशान मिलने पर जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर नायब तहसीलदार सैफई अलख शुक्ल ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज सैफई भेजा।

# अवैध क्लीनिक को किया सीज

**बकेवर।** क्षेत्र में अवैध तरीके से चल रहे अपंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ कार्यवाही का अभियान स्वास्थ्य विभाग ने शुरू कर दिया है।

उझियानी में एक झोलाछाप लंबे अरसे से गेस्ट हाउस में मरीजों का उपचार कर रहा था। सूचना मिलते ही झोलाछाप मौके से भाग निकला। दवाइयों को कमरे में बंद कर मरीजों को गेस्ट हाउस से बाहर निकल कर मौके से फरार हो गया। कस्बा बकेवर की औरैया रोड पर स्थित एक झोलाछाप का क्लीनिक डीप्टी सीएमओ यतेन्द्र राजपूत ने सीज कर दिया। अवैध तरीके से चल रहे क्लीनिक पर कार्यवाही की खबर मिलते ही कस्बा बकेवर में खुले सभी झोलाछाप शटर डालकर मौके पर से फरार हो गये। डिप्टी सीएमओ ने क्लीनिक संचालक से रजिस्ट्रेशन अन्य कागजात दिखाने में असमर्थ मिला। डिप्टी सीएमओ यतेन्द्र राजपूत ने नागेन्द्र क्लीनिक को बिजौली चौकी पुलिस की मौजूदगी में सीज कराया। डिप्टी सीएमओ यतेन्द्र राजपूत ने बताया कि बकेवर व बिजौली में एक-एक अस्पताल सीज किया गया है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा के 66 केंद्र बने

- इन केन्द्रों में कड़ी निगरानी के बीच कराई जाएगी परीक्षा
- केंद्रों की सूची में 12 राजकीय विद्यालय शामिल किए गए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड में हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा कराने के लिए जिले के 66 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया है और उनकी सूची बोर्ड से जारी कर दी गई है इनमें 12 राजकीय विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है इसके बाद एडेड विद्यालय और कुछ वित्त विहीन विद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षार्थियों की संख्या और स्थान को देखते हुए परीक्षा केदो का निर्धारण किया गया है।

यूपी बोर्ड की ओर से परीक्षा केदो की सूची भेजे जाने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने यह सूची जारी कर दी है। इसमें कुल 66 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। हालांकि पिछले साल 67 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस साल इनकी संख्या में एक परीक्षा केंद्र की कमी आई है। ऐसा इसलिए भी संभव है क्योंकि परीक्षार्थियों की संख्या में भी कमी आई है। बोर्ड की ओर से पिछले सप्ताह परीक्षा केदो की लिस्ट भेजे जाने का इंतजार किया जा रहा था लेकिन इसमें कुछ देरी हुई। सोमवार को बोर्ड की ओर से परीक्षा केदो की लिस्ट भेजी गई अब यह लिस्ट जारी कर दी गई है। जिले में हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा में लगभग 42000 परीक्षार्थी बैठेंगे और इनको इन 66 परीक्षा केदो पर परीक्षा देने के लिए भेजा जाएगा। यूपी बोर्ड की ओर से हर साल परीक्षा केंद्र बनाए जाते है इसके लिए विद्यालयों से ऑनलाइन आवेदन किए जाते हैं।

ऑनलाइन आवेदन के आधार पर ही बोर्ड की ओर से परीक्षा केंद्र बनाकर उनकी लिस्ट जिला मुख्यालय को भेजी जाती है। अब इन परीक्षा केदो पर यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा कराई जाएगी। विद्यालयों ने परीक्षा केंद्र बनाए जाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था और ऑनलाइन आवेदनों की छानबीन के बाद बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों की यह लिस्ट जारी की है।

**परीक्षा केंद्रों पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| 12 राजकीय विद्यालय | 39 एडेड विद्यालय |
| 15 वित्त विहीन विद्यालय | 66 कुल परीक्षा केन्द्र |

# विवादों में चले लाठी डंडे, 11 लोग घायल

संवाददाता, जसवंतनगर

- जसवंतनगर और बलरई थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं

**अमृत विचार।** दो थाना क्षेत्रों के दो गांवों में हुए झगड़े में 11 लोग गंभीर घायल हो गए। सभी घायलों को दोनों पक्षों को पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी भेजा।

जसवंतनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुरसेना के हनुमंतखेड़ा के अनेक सिंह ने बताया कि पुश्तैनी जमीन का बंटवारा हुआ, जिसमें एक हिस्सा सड़क के किनारे मिला था। भाई के मांगने पर वह जमीन दे दी। उसके बदले में जमीन मांगने पर सोमवार को भाई और उनके बेटे लड़ाई पर आमादा हो गए और पीटने लगे। बेटे प्रदीप, गनेश कुमार और बहू बचाने आए तो भाई और उनके दो बेटे, नाती और दो पुत्रवधू लाठी-डंडे लेकर आ गए और परिवार के ऊपर ताबड़तोड़ प्रहार करने लगे, जिससे बेटे प्रदीप के हाथ-पैर में चोट के अलावा सिर फट गया। बेटे गनेश और पुत्रवधू पूनम के सिर, हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई। वहीं दूसरे पक्ष से विद्याराम, सुनीता देवी, जितेन्द्र कुमार सहित पुलिस ने सभी घायलों को सीएसची भेजा है।

दूसरी घटना बलरई थाना क्षेत्र के नगला विशुन में घटी, जहां 5 लोग घायल हुए। 16 वर्षीय मोनिका, आशारानी, सन्तोष, नारायणा देवी, आरती देवी के साथ पड़ोसियों ने मारपीट की। घायल किशोरी मोनिका और आशारानी को पुलिस ने एंबुलेंस और तीन लोगों को पुलिस ने अपनी गाड़ी से सीएचसी मेडिकल परीक्षण के लिए भर्ती कराया, जहां पर उनका इलाज किया गया।

# युवाओं को आजाद से प्रेरणा लेनी चाहिए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

मौलाना आजाद की जयंती में भाग लेते खादिम अब्बास, तसलीम मंसूरी। अमृत विचार

- सरकारों ने उनके बलिदान को भुला दिया: खादिम अब्बास
- इस्लाम पार्टी हिन्द कार्यालय में मनी मौलाना आजाद की जयंती

**अमृत विचार।** जंग-ए-आजादी के महान सपूत एवं देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती इस्लाम पार्टी हिंद के महेरा चुंगी स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष तसलीम मंसूरी की अध्यक्षता में मनाई गई।

कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास ने कहा कि देश की आजादी में मौलाना आजाद ने अहम भूमिका निभाई, अफसोस की बात है कि सरकारों ने उनके बलिदान को भुला दिया। आज कुछ फिरकापरस्त ताकतों ने इंसानियत और भाईचारे को छिन्न-भिन्न करके रख दिया। फिरकापरस्त ताकतें हमारे बुजुर्गों के सपनों को साकार नहीं होंने देना चाहतीं। नई पीढ़ी को बुजुर्गों के संघर्षों से सीख लेनी चाहिए। इस्लाम पार्टी हिन्द के जिलाध्यक्ष तसलीम मंसूरी एड गुड्डू ने कहा कि मौलाना आजाद भारत के बंटवारे के प्रबल विरोधी थे। मौहमें ऐसे महान क्रांतिकारी से प्रेरणा लेनी चाहिए। कारी सरफराज आलम निजामी ने कहा मौलाना आजाद जंगे आजादी के ऐसे सिपाही थे जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवादियों की चूलें हिला दीं। देश का दुर्भाग्य है कि जंगे आजादी के ऐसे महान क्रांतिकारी, त्यागी,महान सपूत को देश के सत्ताधारियों ने भुला दिया। मौलाना आजाद के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई लड़ी गई।

इस अवसर पर हाफिज तौसीक, सतीक मंसूरी, शावेज नकवी, इंतजार अहमद, राशिद रजा, शान मोहम्मद, नईम मंसूरी, सगीर मंसूरी, मुस्तकीम, शमीम मंसूरी, गुड्डू, शब्बीर मंसूरी, आरिफ मंसूरी, मो.रिजवान, शमसुल मंसूरी, दिलशाद मंसूरी, बाबर अली, आमिर मंसूरी, राज मंसूरी, हसन खां, उमर मंसूरी, ताज खां, सभासद अफजाल वारसी, मो. जीशान आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### इलाज के लिए पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

**बकेवर।** महेवा ब्लाक के ग्राम पंचायत उधन्नपुर के मजरा मड़ैया किकयानी में महीने भर से डेढ़ सैकड़ा से अधिक लोग बुखार से पीड़ित हैं। दो लोगों की मौत हो चुकी है। सोमवार को खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग जागा और एक टीम डिप्टी सीएमओ डॉ यतेंद्र राजपूत, दूसरी टीम महेवा सीएचसी से डॉ जितेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में डॉ महेंद्र, फार्मासिस्ट गोविंद त्रिपाठी, एएनएम अमरीन जाफरीन के साथ गांव पहुंची। ग्राम प्रधान रामकुमार राजपूत सहित मरीजों को टीम ने देखा। डॉ. जितेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि गांव में 85 मरीजों का इलाज किया गया। दोनों गांवों में 55 लोगों की खून की जांच किट से की गई। ज्यादातर मरीज जोड़ों के दर्द, वायरल मलेरिया, जुकाम-खांसी के थे। सभी को दवा दे दी गई है।

### गोवर्धन लीला की कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर

**महेवा।** ढकाताल में समाजसेवी सियाराम राजपूत के यहां चल रही श्रीमद भागवत कथा में पांचवें दिन आचार्य अभिषेक द्विवेदी ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। जन्मोत्सव, नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। आचार्य ने कहा कि भगवान ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। इस मौके पर गोवर्धन लीला की झांकी भी सजाई गई। कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। संगीतमय कथा के दौरान भजनों पर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भजनों पर नाचते रहे। लोकमान्य रूरल इंटर कालेज के संस्कृत प्रवक्ता शिव शंकर यादव ने आचार्य और परीक्षित सियाराम राजपूत का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

### एसडीएम ने धान खरीद केंद्र की जांचीं व्यवस्थाएं

**जसवंतनगर।** एसडीएम ने मंडी समिति स्थित क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान धान की नमी को भी जांचा। एसडीएम कुमार सत्यमजीत ने नवीन मंडी समिति के चार धान क्रय केंद्र व पांच बाजरा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने अनाज की आवक के साथ धान की गुणवत्ता व उसकी नमी के प्रतिशत को देखा। किसानों से समस्याएं जानी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि क्रय केंद्र पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या किसान का उत्पीड़न किया गया तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



धान खरीद केंद्र देखते एसडीएम।

### अभिनव ने मध्य प्रदेश में दूसरी बार जीता कांस्य पदक

**इटावा।** ताइक्वांडो खिलाड़ी अभिनव कुशवाहा ने विदिशा मध्य प्रदेश की स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय स्पर्धा में दूसरी बार कांस्य पदक जीत कर नया इतिहास भी रचा है। अभिनव दो बार पदक जीतने वाले जिले के पहले ताइक्वांडो खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने बालक अंडर 17 आयु वर्ग के अंडर 35 किग्रा भार वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पूर्व पिछले वर्ष भी अभिनव ने स्कूल गेम्स में कांस्य पदक प्राप्त किया था। इसके साथ ही रुद्र प्रताप ने भी अंडर 14 आयु तथा अंडर 29 किग्रा भर वर्ग में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। इन दोनों खिलाड़ियों का नेतृत्व इटावा ताइक्वांडो के महासचिव हिमांशु यादव ने किया। ताइक्वांडो की कोषाध्यक्ष एवं प्रशिक्षिका नबीला ने दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन और अभिनव की पदक उपलब्धि पर हर्ष जताया। अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी ने कहा कि इससे जिले में ताइक्वांडो को बढ़ावा मिलेगा। उपाध्यक्ष डॉ. प्रत्युष तिवारी, प्रशिक्षक श्यामजी सक्सेना, ज़िला मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता, संरक्षक देवेंद्र पाल, शीलरत्न शाक्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

जिला ताइक्वांडो महासचिव हिमांशु यादव के साथ अभिनव व रुद्र।

### बाइक सवार युवक का शव खड्ड में पड़ा मिला

**महेवा।** बकेवर क्षेत्र के टढवा इस्माइल पुर के पास खड्ड में एक युवक का शव पड़ा मिला। शव के पास ही उसकी बाइक भी पड़ी थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त रवि पुत्र बृजकिशोर निवासी दांदरपुरा के रूप में की। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। परिजनों ने बताया कि रवि कानपुर में रहकर पानी-पूड़ी बेचने का काम करता था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसे में मौत प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### बकरी पालन जीवन यापन का महत्वपूर्ण विकल्प

**इटावा।** भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केंद्र पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण खत्म होने पर उपनिदेशक कानपुर मंडल ने प्रमाण पत्र वितरित किये। उपनिदेशक ग्रेड-2 /मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में बकरी पालन जीवन यापन एवं खाद्य सुरक्षा का महत्वपूर्ण विकल्प है। सभी पशुपालक आधुनिक/वैज्ञानिक तरीके से बकरी पालन कर आर्थिक लाभ कमाएं। उप प्रधानाचार्य डा अशोक कुमार, डॉ. शिवानी पाण्डेय, डा सुनील कुमार भटेले ट्रेनिंग इंचार्ज, शिवम कुमार, योगेश यादव, हरिओम एमटीपी के अलावा पशुपालकों में हरकेश, इमरान अहमद, सलमान सैफी, लाखन प्रसाद शर्मा, नरेंद्र कुमार, बृजमोहन, अवधेश सिंह, अतुल यादव, जय तिवारी, देवीलाल, उपदेश कुमार, आदेश कुमार, जितेंद्र सिंह, राजन राठौर, मोहित चौहान ने प्रदेश के मेरठ, हरदोई, अलीगढ़ चंदौली, संतकबीरनगर, कासगंज,हाथरस, गोंडा आदि जनपदों के 41 पशुपालकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### नींबू-चम्मच दौड़ में संदीप, चेयर रेस में आराध्या अव्वल

**ताखा।** दिव्यांग बच्चों की एक दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता बीआरसी मामन में हुई। नींबू चम्मच दौड़ में संदीप, म्यूजिकल चेयररेस में आराध्या अव्वल रही। शुरुआत एसडीएम श्वेता मिश्रा ने झंडी दिखाकर की। नींबू चम्मच दौड़ बालक वर्ग में संदीप ने पहला, प्रियांशु ने दूसरा,शिवम ने तीसरा, बालिका वर्ग में सुनैना ने पहला, पूनम ने दूसरा, वैष्णवी ने तीसरा स्थान पाया। चित्रकला में आदिल खान ने पहला, कृष्णम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर रेस में आराध्या ने पहला, राघव ने दूसरा, संदीप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गुब्बारा फोड़ में संदीप ने पहला, गौरव ने दूसरा, सृष्टि ने तीसरा स्थान पाया। सुलेख प्रतियोगिता, अनाज छूकर पहचान, वाची सॉफ्ट बॉल थ्रो समेत कई प्रतियोगिताएं हुईं। बीईओ सर्वेश कुमार सिंह एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा ने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया।

# पोस्टर प्रतियोगिता में शिवानी अव्वल

संवाददाता, बकेवर

निरीक्षण करते प्राचार्य डा राजेश किशोर त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनता कॉलेज बकेवर में एक्टिविटी एवं कल्चरल क्लब की ओर से वर्तमान परिदृश्य में नारी की भूमिका विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में विज्ञान, कृषि विज्ञान और वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

निर्णायक मंडल के सदस्य प्राध्यापक डा ज्योति भदौरिया, डा इंदुबाला मिश्रा एवं शैली यादव के संयुक्त निर्णय में प्रथम स्थान पर शिवानी सिंह बीएससी पंचम सेमेस्टर बायो, प्रज्ञा ओझा बीएससी प्रथम सेमेस्टर कंप्यूटर एप्लीकेशन द्वितीय स्थान और प्राची वर्मा बीएससी तृतीय सेमेस्टर कंप्यूटर एप्लीकेशन तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम में प्रो डा महेश प्रसाद यादव, एसकेएस चंदेल, इंजी अजित प्रताप अग्निहोत्री, ईरम सलीम, स्वतंत्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, नीतू एवं रविशंकर मिश्र सहित आर्यन गोयल, अमित कुमार, कशिश शर्मा, प्रज्ञा ओझा, नंदिनी शर्मा, आयुषी, तृप्ति, दिव्यांशी त्रिपाठी, प्राची वर्मा, शिवा त्रिपाठी, अंशिका एवं शिवांगी सिंह आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन मुख्य संयोजक डॉ. दिव्य ज्योति मिश्र ने किया। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, डॉ. डीजे मिश्र, डा संजीव कुमार, डा सत्यार्थ प्रकाश मौर्य ने पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं का उत्साहबर्द्धन किया।

# वाशिंग मशीन के करंट से किशोरी की मौत

**इकदिल।** थाना क्षेत्र के पक्काबाग में वाशिंग मशीन का प्लग लगाते बिजली करेंट की चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गई।

शहर में इकदिल थाना क्षेत्र के पक्का बाग में रहने वाले महेंद्र सिंह की 15 साल की बेटी गुनगुन सोमवार सुबह घर में वाशिंग मशीन का प्लग लगा रही थी, तभी बिजली का करंट लगने से जमीन पर गिरकर काल के गाल में समा गई। परिजनों में कोहराम मच गया। जमीन पर पड़ी बेटी को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका एक भाई और चार बहनों की बीच घर की छोटी बेटी थी। मां सरोजा देवी के साथ तीन बहनों और भाई का रो रोकर बुरा हाल था।

# जाति का बंधन तोड़ प्रेमी को ही चुना जीवनसाथी

संवाददाता, बकेवर

- 12 नवंबर को ग्वालियर में होनी थी शादी, मंदिर में हुई शादी

**अमृत विचार।** जाति की दीवार तोड़कर प्रेमी-प्रेमिका ने तालेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक रीति से शादी की। शादी में वर पक्ष के लोग तो मौजूद रहे, लेकिन लड़की के माता-पिता शामिल नहीं हुए।

लखना निवासी युवक का प्रेम प्रसंग मोहल्ला की ही युवती से लंबे समय से चल रहा था। जातीय दीवार दोनों के वैवाहिक बंधन में आड़े आ रही थी। इसी बीच युवती के परिजनों ने उसकी शादी ग्वालियर में तय कर दी। यह शादी 12 नवंबर को होनी थी। वहीं प्रेमी से ही शादी करने पर अड़ी थी। मामला चौकी पर पहुंचा तो पुलिस ने युवती को समझा बुझाकर उसके माता-पिता के साथ घर भेज दिया। युवती अपने प्रेमी के अलावा कहीं शादी करने को तैयार नहीं थी। वह जातीय दीवार तोड़ प्रेमी के साथ तालेश्वर महादेव गई, जहां तालेश्वर सेवा समिति के सामने प्रेमी से शादी करने की बात रखी। दोनों को बालिग देख समिति ने आचार्य मनु महाराज को बुलाया और दोनों की वैदिक रीति रिवाज से शादी कराई। समिति के विवेक राठौर, सुमित भोजशाला रवि जैन, अजय कुमार, सतीश दोहरे, बऊआ चौहान, सत्यम चौहान, बल्लू राठौर ने आशीर्वाद देकर विदा किया।

**उपलब्धि** डीन डॉ .एनके शर्मा बोले- बीटेक, डेयरी और फिशरीज की गुणवत्तापरक शिक्षा ही हमारा लक्ष्य

# पूरे देश में बढ़ रही फिशरीज इंजीनियरों की डिमांड

कार्यालय संवाददाता, इटावा

वार्ता करते डीन डॉ . एनके शर्मा एवं डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ . पीकेएस भदौरिया।

- कृषि इंजीनियरिंग कालेज बन रहा उपलब्धियों का केंद्र

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय एवं मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा ने कहा कि इटावा का इंजीनियरिंग कालेज अब तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में अपने कौशल की छाप छोड़ रहा है। यहां के बच्चों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शैक्षिक माहौल देने के लिए कई महत्वपूर्ण संस्थानों से एमओयू साइन किए गए हैं।

सीएसए के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह के इन्नोवेटिव विजन से यहां के शैक्षिक माहौल की गुणवत्ता में आशातीत सुधार आया है। यही कारण है कि आज हमारे यहां से निकले तकनीकी विशेषज्ञ देश के कई महत्वपूर्ण संस्थानों में अपनी पहचान कायम कर नाम रोशन कर रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इटावा में मत्स्य महाविद्यालय होना अपने आप में महत्वपूर्ण है। इंटर बॉयोलाजी से करने के बाद प्रवेश परीक्षा के माध्यम से फिशरीज इंजीनियरिंग में प्रवेश ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में अयोध्या और इटावा में दो ही फिशरीज के कालेज हैं। पूरे देश में फिशरीज इंजीनियरों की डिमांड बढ़ रही है। अभी तक यहां शिक्षकों की कमी रहती थी। कुलपति के प्रयासों से पहली बार हमें फिशरीज पढ़ाने वाले विशेषज्ञ मिले हैं। गेस्ट टीचरों के माध्यम से यह कमी पूरी की गई है। आने वाले दिनों में इंजी कालेज और डेयरी कालेज में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोलर रूफटॉप के लिए कृषि अभियंत्रण संकाय एवं मत्स्य महाविद्यालय को 20 लाख और 10 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। इससे बिजली का खर्च बचेगा। स्टाफ के लिए बॉयोमेट्रिक की अनिवार्यता, जीपीएस तस्वीरों से पठन-पाठन की निगरानी, सैद्धान्तिक कक्षाओं की अतिरिक्त व्यावहारिक प्रशिक्षण, आईसीएआर द्वारा अनुशंसित अण्डर ग्रेजुएट स्टूडेन्ट रेडी प्रोग्राम के क्रियान्वयन, आईसीएआर संस्थानों जैसे एनवीएफजीआर लखनऊ और सीआईएफई मुम्बई के साथ छात्र हितों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के कारण सीआईएफए भुवनेश्वर, केन्द्रीय मत्स्य प्रौद्योगकि संस्थान वेरावल गुजरात और केन्द्रीय खारा जल संस्थान, कोलकाता आदि के छात्रों को इनप्लांट प्रशिक्षण एवम अन्तिम वर्ष के छात्रों को पहली बार ट्रैक्टर उद्योग सोनालिका ट्रैक्टर, एस्कार्ट ट्रैक्टर, जेन इरीगेशन आदि में हार्डकोर इन प्लांट ट्रेनिंग कराई गई। यहां डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. पीकेएस भदौरिया एवं प्रो. डॉ. आशुतोष लोहवंशी, मीडिया प्रभारी मनीष सहाय भी रहे।

### मोतीझील का कराया जाएगा सौंदर्यीकरण

- डीन डॉ. एनके शर्मा ने कहा कि मत्स्य महाविद्यालय के कौशल उपयोग से इटावा शहर में स्थित मोतीझील का सौंदर्यीकरण नगर पालिका परिषद के सहयोग से किया जाएगा। झील के पानी को स्वच्छ कर वहां प्रकाश की आकर्षक व्यवस्था होगी। मछली पालन भी करके दिखाया जाएगा। किसानों को आधुनिकतम तरीके से मत्स्य पालन और उसके लाभ के बारे में जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि अभी हाल में सीएसए कानुपर में आयोजित मेले में इटावा के मत्स्य महाविद्यालय के माडल को पहला स्थान मिला है। डिप्टी रजिस्ट्रार डा पीकेएस भदौरिया ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शोध करते हुए तीन पुस्तकों की रचना की। उन्हें भी कुलपति ने सम्मानित किया।

# बाइक की टक्कर से छात्र की मौत

**इटावा।** कचौरा घाट मार्ग पर साइकिल सवार छात्र को बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया।

आगरा के चित्रहाट के रहने वाले बच्चूलाल 12 वर्षीय बेटा विपिन सोमवार को स्कूल से साइकिल पर सवार होकर फोटो स्टेट कराने के लिए जा रहा था, तभी बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका मौसा एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने चेकअप करके मृत घोषित कर दिया। मौसा संजीव ने बताया की वह प्राइमरी स्कूल में पढ़ता था। स्कूल के अध्यापक ने उसे फोटो स्टेट कराने के लिए भेजा था, तभी बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। परिवार में इकलौता था। पिता सूरत गुजरात में रहकर काम करते हैं। मां सूरजमुखी मायके में रहकर अपने बच्चे का भरण पोषण कर रही है। जिनका रो रोकर हाल बेहाल था।

# नदी किनारे झाड़ियों में मिला नवजात

संवाददाता बिधूना औरैया

अस्पताल में महिला पुलिसकर्मी व स्टाफ नर्स के साथ नवजात। अमृत विचार

- नवजात को गांव की महिला ने थाने पहुंचाया

**अमृत विचार।** कुदरकोट क्षेत्र में अलोपा देवी मंदिर के निकट पुरहा नदी पुलिया के पास झाड़ियों में एक नवजात मिला। बताया जाता है कि नवजात का जन्म करीब एक घंटे पूर्व हुआ था। एक महिला ने बच्चे को थाना कुदरकोट पहुंचाया। जहां से बच्चे को एम्बुलेंस द्वारा महिला सिपाही ईशा सिंह के साथ सीएचसी बिधूना पहुंचाया गया। बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है।

कुदरकोट निवासी 15 वर्षीय मोहम्मद अहमद खान बीती रात करीब 11 बजे शौच क्रिया के लिए आलोपा देवी मंदिर के पास पुरहा नदी के किनारे गया था। जहां पर उसे पुलिया के पास झाड़ियों में किसी बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी, तो वह डर गया और भाग कर घर पहुंचकर अपनी मां गुड्डी बेगम को इस बात की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही गुड्डी देवी, अहमद के साथ नदी किनारे पुलिया के पास पहुंची। जहां उसने झाड़ियों में रोता हुआ नवजात देखा। जिसके बाद वह शिशु को उठाकर थाना कुदरकोट में ले आयी और नदी किनारे झाड़ियों में बच्चा मिलने की जानकारी पुलिस को दी। थाना कुदरकोट के मुंशी ने इस बात की जानकारी फोन पर कंट्रोल रूम के अलावा चाइल्ड केयर हेल्पलाइन को दी। साथ ही एम्बुलेंस बुलाकर महिला सिपाही ईशा सिंह के साथ उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे देखा और पूरी तरह स्वस्थ्य बताया। चिकित्सकों के अनुसार बच्चा पैदा होने के करीब एक घंटे बाद ही नदी किनारे झाड़ियों में रखा गया है। वहीं नवजात के मिलने की जानकारी क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी। जिसे देखने व अपनाने वालों की होड़ लग गई। बताया गया कि बच्चे को अपनाने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम औरैया में तैनात हेड कांस्टेबल संजय बाबू भी प्रयासरत हैं। लेकिन इसके लिए लम्बी प्रक्रिया होने के कारण उन्हें इंतजार करना पड़ सकता है। स्टाफ नर्स हेमवती ने बताया कि अस्पताल में रात करीब 12:30 कांस्टेबल ईशा सिंह बच्चे को लेकर अस्पताल आयीं थीं। बच्चा ठीक है, फीड करा दिया, वैक्सीनेशन करा दिया।

## बाइकों की टक्कर में 4 लोग घायल

**अछल्दा।** फफूंद थाना क्षेत्र के अमेला पुलिया पर आमने-सामने मोटर साइकिल की भिड़ंत हो गयी। इसमें चार लोग घायल हुए।

श्याम मिश्रा पुत्र बुद्ध प्रकाश अपनी पत्नी सीटू देवी के साथ भाऊलपुर चपुन्ना से औरैया जा रहे थे अमेला पुलिया पर सामने से नगरिया निवासी अनिल पुत्र अहिवरन सिंह व अहिवरन सिंह पुत्र होतीलाल बुलट से गांव जा रहे थे तभी आमने सामने टक्कर हो गई। नगरिया निवासी के परिजन मौके पर पहुंचे अनिल व अहिवरन को ले गए जबकि सौरिख निवासी वहीं पड़े रहे। सूचना पर पहुंचे थानाप्रभारी अछल्दा ब्रजेन्द्र सिंह ने एम्बुलेंस से सौरिख निवासी घायलों को सीएचसी भेजा। यहां से सैफई रेफर किया गया। थानाप्रभारी ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला फफूंद थाने का है, मौके पर फफूंद थाने की पुलिस ने पहुंच कर मोटरसाइकिलों को कब्जे में लिया।

# स्वयंसेवक समाज सेवा करें

संवाददाता दिबियापुर, औरैया

योजना के बारे में जानकारी देते शिक्षक व उपस्थित छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तहत ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक आनंद कुमार गुप्त ने एनएसएस महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों को आदर्श नागरिक बनने और समाज सेवा करने की बात कही।

कहा कि महाविद्यालय छात्रों के कल्याण और समुदाय के हित में कार्य करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद ने की। उन्होंने कहा एनएसएस ओरिएंटेशन प्रोग्राम को अत्यधिक उपयोगी बताया और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों में सामुदायिक भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का कार्य कर रही है। उनके अनुसार, स्वयंसेवकों को सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए और उसका लाभ समाज के विकास के लिए उठाना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. यश कुमार ने किया। उन्होंने एनएसएस उद्देश्य, मिशन, लाभ, और एनएसएस द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. कुमार ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा के अवसरों को समझने और उसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष इफ्तिखार हसन ने राष्ट्रीय सेवा योजना को व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, सामाजिक चेतना और सेवा की भावना विकसित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राकेश तिवारी, नंदन पांडेय, विनोद कुमार, योगेश कुमार, श्याम नारायण, राजेश राजपूत, शीलू त्रिवेदी, हिमांशु यादव और एनएसएस के सक्रिय स्वयंसेवक निखिल यादव, निखत साहिमा, नेहा, पलक आदि मौजूद थे।

# डंपर ने कक्षा 6 की छात्रा को रौंदा कानपुर जाते समय गई जान

## डंपर को पकड़कर पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता, औरैया

एम्बुलेंस में घायलावस्था में छात्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्कूल जा रही एक साइकिल सवार एक छात्रा को दिबियापुर की ओर से आ रहे एक डंपर ने टक्कर मार दी। साइकिल सवार छात्रा सड़क पर गिर गई और डंपर उसके पैरों के ऊपर से निकल गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। छात्रा को गंभीर हालत में रेफर किया गया है। लेकिन कानपुर जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

ग्राम सौथरा की रहने वाली 13 वर्षीय नव्या पुत्री सर्वेश कुमार जो सोमवार की सुबह अपने घर से जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इकघरा अरियारी के लिए निकली थी। दिबियापुर की ओर से आ रहे डंपर ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद छात्रा डंपर के नीचे आ गई व पहिया पैरों के ऊपर से निकल गया। जिससे छात्रा के दोनों पर फैक्चर हो गये व गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने छात्रा को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। इलाज के लिए कानपुर ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। नव्या कक्षा 6 की छात्रा है, जो आज हिंदी का पेपर देने के लिए जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल जा रही थी। मौके पर पहुंचे सहार थाना एसआई नरेन्द्र कुमार ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। बताया की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी की मौत के बारे में नहीं बता पाया शिवम

फालोअप

- दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता अयाना, औरैया

शिवम।

**अमृत विचार।** शादी के पांचवें दिन हिमानी की मौत के मामले में उसके भाई ने बहनोई सहित 8 ससुरालीजन पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में वह पत्नी की मौत के बारे में पुलिस को कुछ स्पष्ट न बता सका।

अयाना थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को घेराबंदी कर दहेज हत्या के आरोपी शिवम निवासी करके का पुरवा को सिखरना मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के में आरोपी ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद घर में रिश्तेदार रुके हुए थे। वह खेत पर बाजरे की फसल काटने गया था। देर शाम को वापस लौटने पर अधिक थकान होने पर वह छत पर जाकर सो गया था। सुबह छह बजे आंख खुलने पर जब वह कमरे में गया तो पत्नी का शव फंदे पर लटका मिला। इससे डरकर वह घर से भाग गया। बता दें कि शिवम की शादी पांच नवंबर को अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के चांदूपुर निवासी हिमानी 19 के साथ हुई थी। शादी के पांचवें दिन उसका शव घर के कमरे में फंदे पर मिला था। मृतका के भाई हेमंत ने पति शिवम, ससुर चरन सिंह, सास राजकुमारी, जेठ सौरभ, गौरव, जेठानी आरती, रश्मि व ननद शिल्पी के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी पति को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## मोबाइल हैक कर एक लाख रुपये किए पार

**फफूंद, औरैया।** फफूंद के ब्लॉक भाग्यनगर क्षेत्र की एक ग्राम पंचायत अधिकारी का मोबाइल हैक करके उनके खाते से साइबर ठगों ने एक लाख रुपये पार कर दिए। जानकारी होने पर ग्राम पंचायत अधिकारी ने बैंक और थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

फफूंद निवासी संगीता दोहरे ब्लाक भाग्यनगर में ग्राम पंचायत अधिकारी हैं। रविवार को रात टीवी रिचार्ज करने के लिए जब उन्होंने अपना अकाउंट खोला तो खाते में कम पैसा देख वह चौंक उठीं। इसके बाद उन्होंने नेट बैंकिंग से खाते की स्थित देखी तो उसमें से एक लाख रुपया निकाला जा चुका था जो दो फोन नंबरों पर ट्रांसफर हुआ था यह देख वह परेशान हो उठीं। सोमवार सुबह उन्होंने बैंक और थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके अकाउंट में लगे मोबाइल नंबर को हैकरों ने हैक करके चार बार में 20, 20 हजार और दो बार में 10, 10 हजार रुपये करके एक लाख रुपये निकाल लिए जिसका उनके पास मेसेज भी नहीं आया। थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि साइबर क्राइम विभाग को इसकी जानकारी दी जा रही है।

## सार-संक्षेप

विभागीय किट प्राप्त करते शिक्षक। अमृत विचार

### 4 दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अजीतमल, औरैया।** कस्बा बाबरपुर स्थित बीआरसी पर आयुष्मान भारत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेश कार्यक्रम के अंतर्गत चार दिवसीय कार्यशाला के प्रथम बैच का आयोजन किया गया। इसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। वहीं कार्यक्रम का उद्देश्य जूनियर विद्यालय के प्रत्येक स्कूल से प्रधानाध्यापक और एक अधयापक को ट्रेनिंग दिया जाना है। सोमवार को बीआरसी पर आयोजित कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों को गिरेंद्र सिंह स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी और ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी अनीश कुमार ने पारस्परिक संबंध मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य को किस प्रकार से सही रखना हे साथ ही विस्तार से बताया कि वच्चों को किस तरह का खाना खिलाना चाहिए फास्ट फूड बच्चो के लिए बहुत हानिकारक हे रिफाइंड तेल का प्रयोग कम से कम करना चाहिए स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना चाहिए बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को किस प्रकार का भोजन कराया जाए जिससे वह स्वस्थ्य रह सके। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रा. शिक्षक संघ अजीतमल, दीपक दुबे, सीमा राजपूत, खालिद सिद्दीकी, मीना सेंगर, शिवनाथ राजपूत, स्मृति दीक्षित, गोविंद तिवारी, राघवेंद्र राजपूत समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

### प्लास्टिक सिटी के अवर अभियंता का हुआ स्थानांतरण

**ककोर, औरैया।** जिला मुख्यालय के निकट प्लास्टिक सिटी लखनपुर में तैनात विद्युत वितरण खंड के अवर अभियंता विवेक खरे का स्थानांतरण हो गया है। अवर अभियंता विवेक खरे इससे पहले औरैया नगर में तैनात रहे। इसके बाद पुन: स्थानांतरण ककोर जिला मुख्यालय कर दिया गया। स्थानांतरण का आदेश बीती देररात अधीक्षण अभियंता कार्यालय से जारी हुआ।

### किसान को पीटकर किया लहूलुहान

**अछल्दा, औरैया।** गांव बंशी देशी शराब के ठेका के पास सो रहे किसान ओम प्रकाश ने बताया 10 नंवबर को रात्रि दस बजकर तीस मिनट के करीब दो लोग मोटर साइकिल पर सवार होकर आए और उन्होंने ने देशी शराब की दुकान का गेट तोड़ दिया तो किसान ने विरोध किया। इस पर उसे बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। उसने एक की पहचान कर ली और डायल 112 पर सूचना दी और साथ में सेल्समैन ने भी सूचना दी। थाना प्रभारी ब्रजेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिल चुकी है, जांच की जा रही है।

### मनकामेश्वर धाम में श्याम महोत्सव आज

**कंचौसी, औरैया।** कंचौसी रेलवे स्टेशन के समीप स्थित मनकामेश्वर धाम पर 12 नवंबर को भव्य तृतीय श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा और निशान एवं शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें लगभग 1100 निशान बाबा को अर्पित किये जायेंगे। शोभायात्रा के बाद विशाल भंडारा होगा। वहीं 12 नवंबर को ही नहरपुल स्थित बलरामपुर रोड पर विशाल श्याम जन्मोत्सव जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही हैं। आयोजक मण्डल ने बताया कि रेलवे स्टेशन स्थिति प्राचीन शिव मन्दिर से शाम 3 बजे खाटू श्याम की निशान यात्रा गाजे बाजे के साथ निकलेगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजू आदि मौजूद रहेंगे।

### आज निकलेगी शोभायात्रा

**अछल्दा।** नेविलगंज में खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव के दिन मंगलवार को कस्बे में सुबह 11 बजे आशुतोष धाम मन्दिर होते हुए नहर कोठी तक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। भारी संख्या में भक्त इसमें शामिल होंगे।

### ओवरलोड ई-रिक्शा पलटा

**अछल्दा।** फफूंद की ओर से ओवरलोड ई-रिक्शा सोमवार को फाटक पर पलट गया। जिससे पीछे आ रहे वाहन वहीं पर रुक गए राहगीरों की मदद से ई-रिक्शा को सीधा करके अपने गन्तव्य को रवाना किया गया।

## कस्बे में चलाया गया सफाई अभियान

**संवाददाता, अछल्दा।** आदर्श नगर पंचायत में नालों की अभियान चलाकर साफ-सफाई कराई जा रही है। अभियान की शुरुआत वार्डों में स्थित आदर्श इंटर कालेज के पास बने नाले-नालियों की सफाई के साथ ही घर के पीछे की जगह पर भी फोकस किया जा रहा है। मच्छर भी पनपते हैं।

विशेष सफाई अभियान के तहत वार्डों हरीगंज बाजार, नहर बाजार, बोडेपुर वार्ड, चिह्नित कर सफाई कराई गई। इसके साथ ही यहां पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी किया गया। कस्बा के मुख्य मार्ग की साफ सफाई कराते हुए सभासद दीपू यादव मौके पर मौजूद रहे। नाले की सफाई की गई। इस दौरान सफाई अभियान को देखकर लोगों ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि इससे सर्दियों में मच्छरों की भरमार से राहत मिल सकेगी, जिससे बीमारियों में कमी आएगी।

# भाजपा ने बनाए चुनाव अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- अब मंडल कार्यशालाओं में बनाई जाएगी रणनीति
- 3 विधानसभा क्षेत्रों के 13 मंडलों में की घोषणा

**अमृत विचार।** भाजपा के संगठनात्मक चुनाव के लिए पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला चुनाव अधिकारी सुधीर हलवासिया ने जनपद प्रवास किया।

इस दौरान कानपुर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह, जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता व जिला सह चुनाव प्रभारी कुलदीप दुबे व अनिल तोमर के साथ बैठक तीनों विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले समस्त 13 मंडलों के लिए मंडल चुनाव अधिकारियों की घोषणा की है। औरैया विधानसभा के के लिए क्रमशः औरैया नगर मंडल के लिए जिला मंत्री इंद्रपाल सिंह पाल, देहात मंडल जिला महामंत्री धीरेन्द्र सिंह गौर, मुरादगंज मंडल अवधेश शुक्ला, क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा, अजीतमल मंडल जिला मंत्री ऋषि पांडेय को वहीं दिबियापुर विधानसभा के दिबियापुर मंडल के लिए जिला पंचायत सदस्य सहार वासुदेव प्रजापति, फफूँद मंडल के लिए जिला उपाध्यक्ष अनंग पाल सिंह तोमर, बल्लापुर मंडल के लिए जिला मंत्री योगेंद्र कैथवार, अछल्दा मंडल के लिए रजनीश पांडेय जिला उपाध्यक्ष को मंडल चुनाव अधिकारी बनाया गया। बिधूना विधानसभा के पांच मंडलों के लिए क्रमशः बिधूना नगर से पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष माधव सिंह राजपूत, बिधूना देहात मंडल से गिरीश तिवारी जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, सहायल मंडल के लिए जिला उपाध्यक्ष यशवीर सिकरवार, सहार मंडल के लिए जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांती मिश्रा, एरवाकटरा मंडल के लिए भाजयुमो प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा को मंडल चुनाव अधिकारी बनाया है।

### मंडल कार्यशालाएं आज से

**औरैया।** मंडल संगठन पर्व कार्यशाला मंगलवार से शुरू होगी जिसमें सभी मंडलों में मुख्य वक्ताओं को भेजा गया है। इसके तहत 12 जनवरी को औरैया विधानसभा के औरैया देहात मंडल, मुरादगंज मंडल में व दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के दिबियापुर, बल्लापुर, फफूंद में एवं बिधूना विधानसभा क्षेत्र के बिधूना देहात, शहार में व 13 नवंबर को औरैया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत औरैया नगर, अजीतमल व दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अछल्दा में व बिधूना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एरवाकटरा, सहायल मंडल में एवं 14 नवंबर को बिधूना नगर में मंडल कार्यशाला आयोजित होंगी। यह जानकारी सह जिला चुनाव अधिकारी व भाजपा जिला महामंत्री कुलदीप दुबे, अनिल तोमर ने दी।

स्टेशन पर प्रतीक्षा करते यात्री। अमृत विचार

## ढाई घंटे देरी से पहुंची मेमू पैसेंजर, यात्री परेशान

**कंचौसी, औरैया।** दिल्ली हावड़ा रेल रूट पर स्थित कंचौसी रेलवे स्टेशन पर सोमवार को टुंडला कानपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन अपने समय से ढाई घंटे देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची। इससे ट्रेन पकड़ने आए यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मेमू ट्रेन सुबह के अपने निर्धारित समय सुबह 8:21 सुबह बजे के बजाय 10:40 सुबह यानी ढाई घंटे की देरी से रेलवे स्टेशन पहुंची। फफूंद, पाता, अछल्दा, भरथना, इकदिल, इटावा एवं अन्य जगहों पर जाने वाले यात्रियों को देरी होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेन लेट होने के चलते यात्री अन्य प्राइवेट वाहनों से गंतव्य की ओर निकल गए। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार ने बताया कि पैसेंजर ट्रेन लेट होने की जानकारी यात्रियों को समय समय पर दी जा रही थी।

कामयाबी — 11 को आई एम रमन और 11 बच्चों को आई एम क्यूरी अवार्ड दिया

# विज्ञान में हुनर दिखाने वाली प्रतिभाओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

विद्यालय के गुरुओं के साथ विजेता प्रतिभागी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज में "कौन बनेगा रमन और कौन बनेगी क्यूरी" कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान स्पर्धा में प्रतिभा उन्हें सम्मानित किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य किशोर कुमार ने 22 होनहार छात्र-छात्राओं को "आई एम रमन" और "आई एम क्यूरी" अवार्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में बौद्धिक और रचनात्मक विकास को नई दिशा मिलती है तथा उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता रामेन्द्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि वर्ष 2019 में आरंभ किए गए "केबीआर और केबीसी" कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति गहरी रुचि उत्पन्न करना और उनके ज्ञान के स्तर को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष इस अनोखे आयोजन का छठवां संस्करण सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने पूरी उत्साह और लगन से भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नसीराबाद की प्रधानाचार्य प्रियंका ने कहा कि यह आयोजन विज्ञान के क्षेत्र में छात्रों के कौशल और समर्पण का प्रतीक है।

### इन बच्चों को मिला अवार्ड

इस दौरान आई एम रमन अवार्ड प्रशांत कुमार कक्षा 6, अरुण कुमार कक्षा 6, श्रेष्ठ प्रताप कक्षा 8, माधव कक्षा 9, कृष्णा सविता कक्षा 10, केशव कुमार कक्षा 10, हर्ष कुमार कक्षा 10, आदित्य चौहान कक्षा 11, सुमित कुमार कक्षा 11, जावेद खान कक्षा 11, राघव त्रिपाठी कक्षा 12 को दिया गया। वहीं आई एम क्यूरी अवार्ड लगन कक्षा 8, तनु कक्षा 9, अक्शा शेख कक्षा 9, पायल कक्षा 9, नम्रता यादव कक्षा 10, साक्षी यादव कक्षा 11, जिया सैनी कक्षा 11, काजल कक्षा 11, नंदिनी शुक्ला कक्षा 12, सृष्टि कुमारी कक्षा 12, रिया कक्षा 12 को दिया गया।

## पॉक्सो एक्ट के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**फफूंद औरैया।** पुलिस ने दो अलग अलग जगह छापा मारकर पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहे दो आरोपियों को पकड़ा।

रविवार रात को थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम फोर्स के साथ ककोर मार्ग पर गश्त कर रहे थे। मुखबिर ने सूचना दी कि पॉक्सो एक्ट के फरार बाल अपाचारी जैतपुर गांव के बाहर मोड़ पर कहीं भागने की फिराक में खड़ा है जिस पर पुलिस ने वहां पहुंच कर उसे पकड़ लिया। वहीं पॉक्सो एक्ट के दूसरे मुकदमे में फरार चल रहे भूपेंद्र राजपूत पुत्र रामदास निवासी गदनपुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी अलग अलग मुकदमों में वांछित चल रहे थे।

# खाद न मिलने से किसान परेशान

संवाददाता कंचौसी, औरैया

बिना खाद के समिति पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाग्यनगर ब्लाक के कंचौसी गांव स्थित साधन सहकारी समिति पर इन दिनों डीएपी के लिए मारामारी चल रही है। जबकि रबी की बुआई जोरों पर है। आलू की अगेती फसल हो गेहूं की बुआई या सरसों सभी के लिए खाद की आवश्यकता जोरों पर है। लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते किसानों को खाद की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। डेली किसानों को समिति के चक्कर लगाकर वापस खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मजबूरन किसानों को निजी दुकानों से औने-पौने दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। जिससे किसानों को लागत बढ़ने की चिंता सता रही है। ऐसे में साधन सहकारी समिति पर खाद न होने से निजी दुकानदारों मुनाफा उठाने के चक्कर में महंगे दामों पर खाद की बिक्री कर रहे है। किसानों की लागत बढ़ने की चिंता सता रही है। किसान लल्ला, रवि, अशोक कुमार व राम सिंह, आशीष, मुकेश, अनिल सुरेश, आदि लोगों ने बताया कि डीएपी खाद की बोरी समिति पर न होने से निजी दुकानदार 1500-1600 रुपये में बिक्री कर रहे हैं। समिति सचिव अनोज कुमार ने बताया कि खाद के लिए उच्चाधिकारियों से डिमांड भेजी गई है। जल्द ही खाद की आपूर्ति कराई जाएगी।

## एक नजर

### ट्रैक्टर के विवाद में छोटे भाई को पीटा, अस्पताल में भर्ती

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के टेकसारी खुर्द में रविवार की शाम ट्रैक्टर के विवाद में बड़े भाई ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर छोटे भाई को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। बीचबचाव करने पर पुत्र-पुत्री को भी पीटा। घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। टेकसारी खुर्द निवासी बचानीलाल को उसके बड़े भाई रामप्रसाद व भतीजे रिंकू, नन्दकिशोर और आशीष ने खेत में लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। पास में काम कर रहा पुत्र आलोक व पुत्री अनामिका बचाने पहुंचे तो उनको भी मारा पीटा, जिससे भाई-बहन जान बचाकर भाग खड़े हुए। बचानीलाल को पीटकर घायल कर दिया। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने धमका कर भगा दिया। घर वालों ने जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। घायल ने बताया कि घर में पुराना ट्रैक्टर आया था, जिसे उसका भाई रामप्रसाद अपने कब्जे में लेना चाहता है। इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद हमला किया।

### युवती ने किया जान देने का प्रयास, हालत गंभीर

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर अपनी बड़ी मां के घर गयी 21 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। शहर के मसवानी निबहरा निवासी अफताब खान उर्फ राजू की पत्नी फलक ने अपनी बड़ी मां के घर आबूनगर पहुंच जहर खा लिया कुछ समय बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। इलाज करा रहे पिता मोहम्मद असलम निवासी उसरैना थरियांव ने बताया कि उसकी पत्नी की जेठानी की प्रताड़ना से तंग आकर उसकी पुत्री ने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया है।

### थाने के दीवान पर रिश्वत मांगने का लगा आरोप

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के खदरहा के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर थाने के दीवान पर बंदूक वापस करने के एवज में 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में खदरहा निवासी अजय सिंह उर्फ राकेश सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में उसने असोथर थाने में 5 अप्रैल को बंदूक जमा की थी, जो मालखाने में जमा है। उसके विरुद्ध वन अधिनियम का एक वाद दर्ज हुआ था। लोक अदालत में अपना जुर्म स्वीकार कर दोषमुक्त हो चुका है। इसके बावजूद बंदूक रिलीज करने में थाने का दीवान अतुल कुमार पटेल उससे 10 हजार रुपये मांग रहा है और न देने पर लाइसेंस निरस्त करने की धमकी दे रहा है। एसडीएम ने बंदूक वापसी का आदेश दिया था, इसके बावजूद वापस नहीं की जा रही है। पीड़ित ने एसपी से बंदूक वापस दिलाने की मांग की है।

### महिलाओं ने आंवला की पूजा कर मांगी समृद्धि

**खागा।** इच्छा नवमी पर महिलाओं ने आंवला वृक्ष के नीचे भोजन पकाकर प्रसाद ग्रहण किया। यह परंपरा अक्षय सौभाग्य, स्वास्थ्य और समृद्धि से जुड़ी है। आंवला और इच्छा नवमी का महत्व इसी में निहित है कि महिलाएं आंवला की पूजा कर अपने परिवार के कल्याण की कामना करती हैं। महिलाएं व्रत, पूजा, और भोजन पकाती हैं और इसे देवताओं का आशीर्वाद मानकर प्रसाद रूप में ग्रहण करती हैं। महिलाएं आंवला वृक्ष के चारों ओर परिक्रमा करती हैं और पारंपरिक गीत गाते हुए अपनी इच्छाओं को आंवला वृक्ष को समर्पित करती हैं। पंडित परमेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के बाद आंवला वट के नीचे भोजन पकाकर खाने से शरीर निरोग और परिवार के लोगों पर हमेशा भगवान की कृपा बरसती है।

# टेंट में करंट दौड़ने से युवक की थमी सांस

## मलवां क्षेत्र के बरीगोविंदपुर में हुआ हादसा, अफरा-तफरी मची

संवाददाता, फतेहपुर

- तिलक समारोह के मौके पर नौटंकी का कार्यक्रम था
- टेंट में लगी लाइट को चेक करते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार।** मलवां थाना क्षेत्र के बरीगोविन्दपुर गांव में रविवार की देर रात टेंट में दौड़े करंट की चपेट में आ जाने से 21 वर्षीय मजदूर युवक की मौत हो गई। हादसे से तिलकोत्सव समारोह में अफरा-तफरी मच गई।

मलवां थाना क्षेत्र के बरीगोविन्दपुर गांव के रहने वाले इंदल सिंह का पुत्र शिव सिंह (21) गांव के ही दीपक के टेन्ट हाउस में मजदूरी करता था। रविवार को गांव में ही रामविशाल के बेटे का तिलक समारोह था। तिलक के मौके पर नौटंकी का भी कार्यक्रम रखा गया था। इसके लिए टेंट लगाया गया था। रात करीब 10 बजे शिवसिंह टेंट में लगी लाइट को चेक कर रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। परिवार और गांव वाले उसे लेकर फौरन अस्पताल ले गए। उसे जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस में भाई बालकुमार ने हादसे के बारे में जानकारी दी। मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया।

हादसे के बाद घायलों के घर जुटी भीड़। अमृत विचार

# डीजे को धक्का दे रहे 6 लोग करंट से झुलसे

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र में मुंडन संस्कार में जा रहा डीजे एछटी लाइन की चपेट में आ गया, जिससे डीजे में करंट दौड़ गया। करंट से 6 लोग गम्भीर रूप से झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थरियांव थाना क्षेत्र के मुराव से डीजे मुंडन कार्यक्रम में समेरइया गांव जा रहा था। रास्ते में पानी भरा होने की वजह से डीजे फंस गया। वहां मौजूद लोग डीजे को धक्का लगाकर निकालने लगे। इसी दौरान ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन डीजे में छू गई, जिससे डीजे में करंट दौड़ गया और धक्का लगा रहे देवराज, दीपक, राज, कमल, सनी और डीजे चालक करंट की चपेट में आ गए। करंट की चपेट में आए डीजे आपरेटर और चालक समेत सभी लोगों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर शाम तक सभी की हालत खतरे से बाहर थी।

# खातों की गड़बड़ी दूर करने में शिक्षकों ने नहीं दिखाई रुचि

संवाददाता, फतेहपुर

- आधा शिक्षासत्र बीत गया, 10 हजार बच्चों को नहीं मिली ड्रेस
- परिषदीय बच्चों के अभिभावकों के खाते में भेजी जाती धनराशि

**अमृत विचार।** शिक्षासत्र 2024-25 आधे से अधिक बीत गया, लेकिन अभी तक करीब 10 हजार बच्चों को ड्रेस की धनराशि नहीं मिल सकी। पूरे सत्र बच्चे बिना ड्रेस के ही विद्यालय जाते रहे। आधार सीडिंग न होने और बैंक खातों में गड़बड़ी के चलते इन बच्चों के अभिभावकों के खातों में धनराशि नहीं भेजी जा सकी। गड़बड़ी दूर कराने की जिम्मेदारी शिक्षकों को दी गई थी, लेकिन वे लापरवाह बने रहे।

जिले में करीब 2706 परिषदीय स्कूल हैं। 2024-25 में इन विद्यालयों में करीब पौने तीन लाख बच्चे नामांकित थे। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को निशुल्क पुस्तकें और दोपहर में पका-पकाया भोजन दिया जाता है। इसके साथ ही शासन की तरफ से बच्चों के यूनिफार्म के लिए अभिभावकों के खाते में 12 सौ रुपये की धनराशि भेजी जाती है। इस धनराशि से बच्चों को दो जोड़ी

> करीब 10 हजार बच्चों के अभिभावकों के खातों में गड़बड़ी होने के कारण यूनिफार्म की धनराशि नहीं भेजी जा सकी। अभिभावकों द्वारा सहयोग न किए जाने से उनको लाभ नहीं मिला है।
>
> -अखिलेश सिंह, जिला समन्वयक

यूनिफार्म, जूता-मोजा, स्कूल बैग, स्वेटर व कॉपी-पेंसिल खरीदनी होती है। 10 हजार से अधिक बच्चों के अभिभावकों के खाते में शासन से धनराशि नहीं भेजी जा सकी। शासन स्तर से जानकारी मांगने पर हुई छानबीन के दौरान पता चला कि इन बच्चों के अभिभावकों के खातों में गड़बड़ी है। तमाम खातों में आधार सीडिंग नहीं हो पाई है। जिसके कारण इन बच्चों के अभिभावकों के खातों में धनराशि नहीं भेजी जा सकी।

# भूमि शोधन से किसान बढ़ाएं आमदनी

**फतेहपुर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि भूमि एवं बीजशोधन अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। फसलों में प्रतिवर्ष खरपतवारों, रोगों, कीटों तथा चूहों आदि से अनुमानतः 15 से 20 प्रतिशत की क्षति किसानों को होती है। खरपतवारों के बाद सबसे अधिक क्षति रोगों से होती है। कभी-कभी रोग महामारी का रूप ले लेते हैं जिसमें शत-प्रतिशत फसल नष्ट हो जाती है। फसलों में रोगों का प्रसार मुख्यता बीज, मृदा, वायु, जल एवं कीटों द्वारा होता है। बीज/भूमि जनित रोगों से बचाव हेतु कृषक रबी 2024-25 में बोई जाने वाली फसलों में बीज एवं भूमिशोधन करके अपनी फसलों को सुरक्षित कर अधिक पैदावार ले सकते है जिससे कृषकों की आमदनी बढ़ेगी।

# सरकार से पत्रकार हत्याकांड की निष्पक्ष जांच मांगी

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय श्रीमाली महासभा ने सोमवार को पत्रकार दिलीप सैनी को न्याय दिलाने के लिए कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें जिलाध्यक्ष ललित कुमार सैनी के नेतृत्व में नहर कॉलोनी में लोग इकट्ठा हुए और वहां से जुलूस निकालते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर पत्रकार दिलीप सैनी की हथियारों को कठोर सजा दिलाए, जाने व पीड़ित परिवार को न्याय दिए जाने को लेकर 10 सूत्रीय मांग का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया।

ज्ञापन में मांग की गई कि पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए, घटना की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा कराई जाए, घटना के जो दोषी हैं उनकी पहचान उजागर कर कठोर कार्रवाई की जाए, घटना में सम्मिलित शेष अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए, दोषियों के घरों पर बुलडोजर की कार्रवाई की जाए, पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, पत्रकारों को सुरक्षा दी जाए, अपराधियों के ऊपर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए, घटना में शामिल सभी अभियुक्त की संपत्ति की जांच कराई जाए, घटना के चश्मदीद गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। ज्ञापन देने वालों में पाल समाज के जिलाध्यक्ष डा. अमित पाल, संदीप कुमार श्रीमाली एडवोकेट, फूल सिंह मौर्य, शिव शंकर सैनी, कामता प्रसाद श्रीमाली, वीरेंद्र साहू, राजेंद्र पासवान, अश्वनी यादव, इंद्रराज पाल, दिनेश पाल बौरा, रमेश कुमार श्रीमाली, विजय सैनी, राजेश कुमार श्रीमाली, शैलेंद्र सैनी, कुशल सैनी, दिलीप कुमार श्रीमाली, दिनेश कुमार सैनी, रामचंद्र सैनी, विनोद सैनी, सचिन सैनी, हरिओम सैनी, शिवशंकर सैनी, मिथिलेश सैनी, राजल सैनी, नवनीत सैनी, राजू शाहिद शाहिद तमाम लोग उपस्थित रहे।

पत्रकार की हत्या के विरोध में कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते श्रीमाली महासभा के लोग।

- पत्रकार की हत्या के विरोध में मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन
- पीड़ित परिवार को सुरक्षा दिए जाने की मांग उठाई

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के दरवेशाबाद के समीप सोमवार की दोपहर ट्रैक्टर की चपेट में आने से 45 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बिन्दकी कोतवाली के अलियाबाद गांव निवासी बिंदाप्रसाद का पुत्र ननकू प्रसाद सोमवार की दोपहर बाइक से जा रहा था। जब वह दरवेशाबाद गांव के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे ननकू गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन फौरन बिन्दकी सीएचसी ले गए, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद उसकी पत्नी केवला देवी व बच्चो का रो-रोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम हाउस में भतीजा विनीत बिलखता रहा।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बालक घायल, अस्पताल में भर्ती

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर के समीप सोमवार की दोपहर ई-रिक्शा की चपेट में आ जाने से 10 वर्षीय साइकिल सवार बालक घायल हो गया, जिसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पीरनपुर मोहल्ला निवासी जमाल का पुत्र बादशाह दोपहर में साइकिल से सामान लेने जा रहा था। जैसे ही वह रोड पर पहुंचा, तभी ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

# लेखपाल पर किस्त रोकने का आरोप

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम किस्त दिलाने के नाम पर लेखपाल पर पैसे की मांग किये जाने से पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बकाया किस्त दिलाने व आरोपी लेखपाल पर कार्रवाई की मांग की।

सदर तहसील के अस्ती वार्ड निवासिनी रिज़वाना बेगम ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके पति मोबिन दिव्यांग है। प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची उसका नाम आने के बाद तत्कालीन लेखपाल द्वारा जांच पड़ताल करने व पात्रता पाए जाने के बाद उसे आवास योजना का लाभ मिला था। प्रथम व दूसरी किस्त जारी की गई थी। लाभार्थी द्वारा स्लैब लेविल तक निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया गया है। लेखपाल के स्थानांतरण के बाद आये दूसरे लेखपाल अंकित पर योजना की अंतिम किस्त दिलाने के नाम पर धनराशि की मांग करने व न देने पर निर्माणाधीन मकान को अवैध घोषित कर बुलडोजर से धराशाई करने की धमकी देने का आरोप लगाया। पीड़ित ने बताया कि पैसों की मांग करते हुए उसका उत्पीड़ित किया जा रहा है।

कलेक्ट्रेट के बाहर प्रार्थना पत्र देने के लिए खड़ी पीड़िता। अमृत विचार

कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देने के लिए खड़े पीड़ित। अमृत विचार

# जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग

**फतेहपुर।** बिन्दकी तहसील के क्षेत्र के ग्राम गाग परगना कोड़ा बकेवर निवासिनी बरम देवी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए गांव के ही लोगो पर पुस्तैनी भूमि पर मकान का निर्माण कार्य को रोके जाने और क्षेत्रीय लेखपाल पर आरोप मढ़े।

पीड़िता बरमदेवी पत्नी जगदीश ने बताया कि उक्त ग्राम में गाटा संख्या 389 श्रेणी 6 आबादी में अंकित है इसी गाटा पर रकबा 439.89 वर्ग मीटर में उसका कच्चा मकान बना हुआ था जिसका घरौनी के कागजात पति के नाम बना है। जो निजी परिवारिक भवन अंकित है। उक्त कच्चा मकान बरसात के समय गिर गया था। जिसे तोड़कर नए तौर पर पक्के मकान का निर्माण कराया जा रहा था लेकिन बगल के भूति गाटा संख्या 388 के खातेदार शिवसागर, रश्मि देवी ग्राम आलमपुर परगना कोड़ा द्वारा झूठे तथ्यों के आधार पर प्रशासनिक अधिकारियों को बरगलाकर शिकायती पत्र दिया।

जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल विपक्षी लोगों से मिलकर मौके पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया, जिससे उसका मकान अधूरा पड़ा है। अधूरे मकान की वजह से विभिन्न प्रकार के जीव जन्तु घुसकर परेशान कर रहे है। जिससे परिवार के ऊपर खतरा बना है।

गूंजीं तालियां

## राजकीय महिला महाविद्यालय में मेवाती घराने की शिक्षण पद्धति पर हुई कार्यशाला

# राग यमन और भैरवी की तान में झूमीं छात्राएं

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को शास्त्रीय संगीत के अंतर्गत मेवाती घराने की शिक्षण पद्धति पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.गुलशन सक्सेना ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि को प्राचार्य ने मोमेंटो व शाल ओढ़ाकर और प्रोफेसर प्रशांत द्विवेदी ने बैज लगाकर स्वागत किया।

तबले पर संगत कर रहे मिथलेश का स्वागत प्रोफेसर श्यामजी सोनकर द्वारा बैज अलंकरण कर और प्रोफेसर सरिता गुप्ता द्वारा शाल ओढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य का स्वागत प्रोफेसर मीरा पाल ने बैज लगाकर और प्रोफेसर सरिता गुप्ता ने शाल ओढ़ाकर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मेवाती घराने के बारे में बताते हुए मुख्य प्रशिक्षक सिद्धार्थ मिश्र ने सर्वप्रथम राग भैरव के गायन से प्रारंभ किया। यहां राग यमन में कई भजन सुनाए।

तबले की संगत पर भजन सुनाते सिद्धार्थ मिश्र। अमृत विचार

मेवाती घराने की शिक्षण पद्धति पर बताते हुए उन्होंने फिल्म संगीत में प्रयोग हुए, गीतों के मूल रूप में गाए जाने वाले बंदिशों को बताया। जैसे पायल पैजन रुनझुन बजे, आन मिलो सजना, मोरा सैया मोसे बोले ना, गुलाम अली का रघुवर तेरी तुमको, भीमसेन जोशी का प्रसिद्ध भजन बाजे रे मुरलिया बाजे। रागों की श्रृंखला में राग भैरवी के बारे में बताते हुए मिले सुर हमारा तुम्हारा तो सुर बने हमारा, तीनताल में बंदिश कहो जी तुम कैसे, अब मोरी छाड़ दे कलाई भजन और रगों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में राग नंद की प्रसिद्ध बंदिश अजहू न आए श्याम की बंदिश से कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. चंद्र भूषण सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक क्लब की समन्वयक प्रोफेसर सरिता गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रोफेसर मीरा पाल, प्रोफेसर लक्ष्मीना भारती, प्रोफेसर श्यामजी सोनकर, प्रोफेसर प्रशांत द्विवेदी, बसंत राय, रमेश सिंह, बसंत कुमार मार्य, अनुष्का छोकर, डॉ. राजकुमार, आनंद नाथ और महाविद्यालय स्टाफ रहा।

## सार-संक्षेप

स्थानांतरित जिला जज को चांदी का मुकुट पहनाते अधिवक्ता शाश्वत गर्ग।

### अधिवक्ताओं ने जिला जज को दी विदाई

**फतेहपुर।** गैर जनपद स्थानांतरित हुए जिला जज रणंजय कुमार वर्मा का पूर्व डीबीए अध्यक्ष सुशील मिश्रा व शाश्वत गर्ग की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इन दौरान अधिवक्ताओं ने उनके कार्यकाल में बार और बेंच के बीच संबंधों को और भी मजबूती मिलने की बात कही। जनपद के जिला जज रहे रणंजय कुमार वर्मा के स्थानांतरण के बाद अधिवक्ताओं की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें पूर्व जिला जज को विदाई देते हुए सभी की आंखें नम हो गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने स्थानांतरित जिला जज रणंजय कुमार वर्मा के कार्यकाल को बार व बेंच के बीच संबंधों को मजबूती मिलने की बात कही। ज्ञात रहे कि जिला जज रहे रणंजय कुमार वर्मा का जिला जज से स्थानांतरण कर अयोध्या जनपद का जनपद न्यायाधीश बनाया गया है। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उनके कार्यकाल को याद किया। अधिवक्ता शाश्वत गर्ग की ओर से स्थानांतरित जिला जज को 51 किलो की माला व चांदी की गदा भेंट की गई। अधिवक्ताओं का स्नेह देखकर पूर्व जिला जज भी भाव-विभोर हो गये व सभी अधिवक्ताओं का आभार प्रकट किया। यहां मणिप्रकाश दुबे, अजीत सिंह, राजकुमार मौर्या, बचानी लाल, विशेष बाजपेई, प्रशांत श्रीवास्तव, शोएब खान मौजूद रहे।

यातायात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते सीओ थरियांव।

### एनसीसी कैडेट ने निकाली जागरूकता रैली

**फतेहपुर।** मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी यातायात माह नवंबर मनाया जा रहा है। जिसके तहत प्रतिदिन कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सोमवार को एनसीसी कैडेटों ने तांबेश्वर नंदी चैराहे से जागरूकता रैली निकालकर जनमानस के बीच प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित की। एसपी धवल जायसवाल के दिशा-निर्देशन में मनाए जा रहे यातायात माह नवंबर के तहत नंदी चैराहे पर बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट एकत्र हुए। जहां क्षेत्राधिकारी थरियांव/यातायात अरुण कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली सदर अस्पताल तिराहे पर पहुंचकर समाप्त हुई। इसके साथ-साथ एनसीसी की छात्र-छात्राओं के माध्यम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित की गई। सीओ का कहना रहा कि यातायात नियमों का पालन करके ही मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। दुर्घटना से एक व्यक्ति की मृत्यु अवश्य होती है लेकिन पूरा परिवार बिखर जाता है। इसलिए नियमों का पालन अवश्य करें और सुरक्षित घर पहुंचे।

महाराजा मोदनसेन महाराज की जयंती कार्यक्रम में भाग लेते समाज के लोग।

### धूमधाम से मनाई महाराज मोदनसेन की जयंती

**फतेहपुर।** महाराजा मोदनसेन महाराज की जयंती धूमधाम से मोदनवाल समाज ने मनाई। समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और उनके जीवन चरित्र पर चर्चा कर आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई मोदनवाल समाज ने वैक हनुमान मंदिर (हलवाई धर्मशाला) में मोदनसेन महाराज के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती पूजन व हवन किया, तदोपरांत समाज के लोगों ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें प्रतिभागी बच्चों को समाज की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाकर बच्चे आनंदित हुए कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी रही। इस मौके पर संरक्षक गंगाचरन मोदनवाल, जिलाध्यक्ष दरगाही लाल, कंधई मोदनवाल, गुड्डू मोदनवाल, दिलीप मोदनवाल, संजय मोदनवाल, ओम प्रकाश मोदनवाल, विनोद, विष्णुदत, मनोज कुमार, शिव गोविंद, रजनी मोदनवाल, माया, मनोरमा, अर्चना मोदनवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### कृष्ण की लीलाओं में जीवन का दर्शन

**फतेहपुर।** श्रीमद भागवत कथा में आचार्य श्रीराम कृष्ण तिवारी ने सोमवार को श्री कृष्ण की बाल लीला की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने अपनी शरारतों और दिव्य लीलाओं से सभी का दिल जीता। उनकी लीला में जीवन का दर्शन होता है आचार्य ने गोवर्धन पर्वत उठाने, कंस का वध और माखन चोरी की लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन भक्तों के लिए प्रेरणादायक हैं और जीवन में सच्चे भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कहा कि श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं न सिर्फ मनोरंजन का साधन थीं, बल्कि जीवन के गूढ़ सिद्धांतों को सरलता से समझाने का एक अद्वितीय तरीका भी थीं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का आनंद लिया और जीवन में उनके उपदेशों को अपनाने का संकल्प लिया। आचार्य ने कहा कि श्रीकृष्ण की लीला में हर व्यक्ति के जीवन के अलग-अलग पहलुओं का दर्शन होता है, उसे अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस मौके पर भजन गायक सुनील बाजपेई, राजकुमार मिश्रा, सह कलाकार मुन्नू अवस्थी, मुख्य यजमान शोभा शुक्ला, सह यजमान भगौती प्रसाद मौजूद रहे।

कथा सुनाते आचार्य।

एसडीएम व सीओ को सम्मानित करते व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष।

### व्यापार मंडल ने अधिकारियों को किया सम्मानित

**खागा।** सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल (कंछल गुट) ने आयोजित सम्मान समारोह में तहसील क्षेत्र व नगर क्षेत्र में अब तक के समस्त हिंदू मुस्लिम के त्योहार व वार्षिक मेले को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर उपजिलाधिकारी अजय कुमार पांडेय, क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा व अवर अभियंता विद्युत डीडी सोलंकी को व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद शुक्ला की अगुवाई में अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष शिवचंद शुक्ला व जिला उपाध्यक्ष राजेश चैधरी ने बताया कि खागा तहसील व नगर क्षेत्र में अब तक के हिंदू मुस्लिम भाइयों के प्रमुख समस्त त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए व्यापार मंडल द्वारा बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए सर्वप्रथम उपजिलाधिकारी अजय कुमार पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय को माला पहनाकर व अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर जोरदार ढंग से सम्मानित किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्र व विद्युत अवर अभियंता डीडी सोलंकी को भी सम्मानित किया गया। एसडीएम व सीओ ने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में जो प्रयास किया गया उसमें आप सभी का भी योगदान रहा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जनहित में कार्य होते रहेंगे। सम्मान को बरकरार रखेंगे। अवर अभियंता ने कहा कि व्यापार मंडल के सम्मान से निश्चित रूप से सभी का जनहित में और भी अधिक कार्य करने का मनोबल बढ़ता है। इस दौरान अध्यक्ष खागा अमिताभ शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय अग्रहरि, मनोज शुक्ला, महामंत्री अतुल साहू, वरिष्ठ संरक्षक कमलेश बाजपेई, संरक्षक अब्दुल हफीज हाफिज, मीडिया प्रभारी अनुपम शुक्ला मौजूद रहे।

अनभ्यासे विषं शास्त्रमजीर्णे भोजनं विषम्।
दरिद्रस्य विषं गोष्ठी वृद्धस्य तरुणी विषम्॥

जिस प्रकार बढ़िया–से बढ़िया भोजन बदहजमी में लाभ करने के स्थान में हानि पहुँचता है और विष का काम करता है, उसी प्रकार निरन्तर अभ्यास न रखने से शास्त्रज्ञान भी मनुष्य के लिए घातक विष के समान हो जाता है।

## संपादकीय

# प्रगति का महत्वपूर्ण अवसर

अजरबैजान की राजधानी बाकू में सोमवार से शुरू हुआ संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन (कॉप 29) देशों के लिए जलवायु प्रतिबद्धताओं पर प्रगति करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। क्योंकि विकसित देश जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में अपनी भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पा रहे। जमीनी हकीकत यही दर्शाती है कि लक्ष्यों की प्राप्ति में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है और सफलता के लिए कार्रवाई की गति तेज करनी होगी। संयुक्त राष्ट्र जलवायु रिपोर्ट ने पुष्टि की है कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो वैश्विक तापमान में वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस से पार हो जाने की आशंका है और बार-बार ख़तरनाक चरम मौसम घटनाओं का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में, संयुक्त राष्ट्र ने तुरन्त सामूहिक कार्रवाई का आहवान किया है। वास्तव में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक अहम उपाय है, इसके लिए ज़िम्मेदार ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कटौती लाना। इस पृष्ठभूमि में, इस वर्ष कॉप 29 में, जीवाश्म ईंधन के स्वच्छ विकल्प ढूंढने के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के मसले को शीर्ष पर रखा गया है। हाल के वर्षों में कार्बन बाज़ार अंतर्राष्ट्रीय जलवायु नीति में महत्वपूर्ण बिंदु बन गए हैं, जिसका मुख्य कारण उनके मिश्रित परिणाम हैं। एक ओर, उन्होंने भारी उत्सर्जकों से स्वच्छ या हरित परियोजनाओं के लिए वित्त को चैनल करने के लिए ऋण-मुक्त तरीके के रूप में क्षमता दिखाई है। दूसरी ओर, कठोरता की कमी का मतलब है कि अक्सर, कार्बन बाज़ार वास्तविक उत्सर्जन में कमी नहीं लाते हैं, इसके बजाय अनावश्यक या अपुष्ट स्थानों पर धन लगाते हैं और ग्रीन वाशिंग को सक्षम बनाते हैं।

गौरतलब है कि जलवायु संकट किसी एक देश तक सीमित नहीं है। इससे निपटने के लिए अभूतपूर्व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है, और इस बहुपक्षीय प्रयास में संयुक्त राष्ट्र केंद्रीय भूमिका में हैं। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभाव अब अपरिहार्य हो चुके हैं, इसलिए मजबूत अनुकूलन रणनीतियां आवश्यक हैं। राष्ट्रीय अनुकूलन योजनाएं (एनएपी) महत्वपूर्ण उपकरण हैं और कॉप 29 को वित्तीय और तकनीकी सहायता पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनके विकास और कार्यान्वयन के लिए समर्थन बढ़ाना चाहिए। अनुकूलन वित्त अंतर को पाटना महत्वपूर्ण है, दाता देशों को अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करना चाहिए, और निजी क्षेत्र के निवेश सहित अभिनव वित्तपोषण तंत्रों की खोज की जानी चाहिए ताकि सबसे कमजोर देश जलवायु चुनौतियों के खिलाफ बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। वित्तीय अंतर को कम करके, मजबूत अनुकूलन रणनीतियों का पालन करके, और अभिनव और समावेशी समाधानों को बढ़ावा देकर कॉप 29 व्यापक जलवायु कार्रवाई के लिए एक मिसाल कायम कर सकता है।

# दीर्घावधि का अंतरिक्ष निवास

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**सुनीता का शरीर गुरुत्वाकर्षण की कमी के प्रति अभ्यस्त होने और गर्म रहने के लिए अधिक ऊर्जा का उपयोग कर रहा है। अंतरिक्ष यात्रियों को ठंडे और कठिन वातावरण में मांसपेशियों और हड्डियों के क्षरण को रोकने के लिए हर दिन लगभग ढाई घंटे व्यायाम करने की आवश्यकता होती है।**

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लंबे समय तक रहने के बाद स्वास्थ्य संकट का सामना कर रही हैं। स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान की खराबी के कारण आठ दिनों का मिशन 6 महीने तक खिंच गया है। सिएटल स्थित पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. विनय गुप्ता के अनुसार, हाल की तस्वीरें अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा बनाए गए सकारात्मक सार्वजनिक मुखौटे से परे एक चिंताजनक स्थिति पेश करती हैं। सुनीता की तस्वीर ऐसे व्यक्ति की है जो लंबे समय तक बहुत अधिक ऊंचाई पर, दबाव वाले केबिन में रहने के कारण प्राकृतिक तनाव का अनुभव कर रहा है। डॉ। गुप्ता ने कहा कि संभवतः वह जितनी कैलोरी आहार के जरिए से लेती रही हैं, उससे अधिक की खपत अपने शरीर में संचयित ऊर्जा से कर चुकी हैं। उनके गाल थोड़े धंसे हुए दिखाई दे रहे हैं और, आमतौर पर ऐसा तब होता है जब शरीर का कुल वजन कम हो जाता है।

सुनीता का शरीर गुरुत्वाकर्षण की कमी के प्रति अभ्यस्त होने और गर्म रहने के लिए अधिक ऊर्जा का उपयोग कर रहा है। अंतरिक्ष यात्रियों को ठंडे और कठिन वातावरण में मांसपेशियों और हड्डियों के क्षरण को रोकने के लिए हर दिन लगभग ढायी घंटे व्यायाम करने की आवश्यकता होती है। सुनीता के लिए तत्काल खतरा तो नहीं दिखता, लेकिन सवाल है कि क्या उनका वर्तमान वजन स्वस्थ रहने की सीमा के भीतर बना हुआ है?

नासा के ऐसे ही एक मिशन ले लौटे अन्य चालक दल के अस्पताल में भर्ती होने तक का घटनाक्रम हाल ही में सामने आया है जिसमें लंबी अवधि के अंतरिक्ष यान से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उजागर हुए हैं। क्रू-8 के चार अंतरिक्ष यात्रियों, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 200 से ज़्यादा दिन बिताए थे, 5 नवंबर को पृथ्वी पर लौटने के बाद चिकित्सा मूल्यांकन के लिए अस्पताल में लाया गया था। वे 25 अक्टूबर को स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल के ज़रिए फ्लोरिडा में उतरे थे। नासा ने पुष्टि की कि एक अंतरिक्ष यात्री को शुरू में चिकित्सा की आवश्यकता थी, और कुछ ही समय बाद, सभी

क्रू सदस्यों को निगरानी के लिए अस्पताल लाया गया। मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट, जीनेट एप्स और अलेक्जेंडर ग्रेबेनकिन अपने सफल 235-दिवसीय अंतरिक्ष मिशन के बाद धरती पर उतरने के तुरत बाद अच्छी स्थिति में दिखाई दिए। एहतियात के तौर पर, उन्हें बाद में एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। नासा के अनुसार यह निर्णय अत्यधिक सावधानी के चलते लिया गया था, जिसमें एक क्रू सदस्य को एहतियाती उपायों के कारण रात भर रुकना पड़ा। नासा ने अभी तक क्रू-सदस्यों के स्वास्थ्य का डाटा मीडिया से साझा नहीं किया है लेकिन उल्लेख किया है कि टीम के सदस्यों का चिकित्सा गोपनीय है और उसे अभी जारी नहीं किया जा सकता।

ईश्वर करे ऐसा न हो लेकिन एक एस्ट्रोनॉट की मृत्यु होने पर उसके शव के परिरक्षण का मामला नए तरह की चुनौती पेश करता है। मृत एस्ट्रोनॉट का क्या करना चाहिए यह स्टेशन-विन्यास, मिशन के एजेंडे और परिवार की इच्छाओं पर निर्भर करता है। परिवार अगर चाहता है और यह संभव है, तो शव को व्यक्ति की सीट पर बांधकर या उसके स्लीपिंग बैग में रखकर धरती पर वापस लाया जा सकता है। अंतरिक्ष स्टेशन में मानव कर्मियों को भेजे जाने का एक पूर्व निर्धारित और निश्चित एजेंडा होता है जिसमें उन द्वारा धरती से काफी ऊपर, माइक्रो-ग्रेविटी में रहते बहुत से साइंटिफिक एक्सपेरिमेंट्स किए जाते हैं। इन प्रयोगों का डिजाईन धरती पर बहुत-संस्थानिक वैज्ञानिक करते हैं। अंतरिक्ष स्टेशन में लगी अनेक प्रकार की मिनिएचर यांत्रिक ऑब्जर्वेटरीज से ब्रह्माण्ड सम्बन्धी डाटा एकत्रित किया जाता है। यह डाटा धरती पर नई मिश्र धातुओं, यौगिकों के निर्माण और पदार्थ के व्यवहार को जानने में सहायक होता है। सुदूर ब्रह्मांड से आने वाले रेडिएशन-विजिबल और इनविजिबल दोनों तरह का, ब्रह्मांड में द्रव्य का व्यवहार, करोड़ों पिंडों, अत्यंत विशाल गैस क्लाउड्स, ब्लैक होल्स, पल्सर्स, क्वासर्स, चार्ज्ड पार्टिकल्स, उच्च एनर्जी, गुरुत्व और पिंडों की चमक अर्थात ल्युमिनोसिटी का रहस्य और इसे ऊर्जा देने वाली शक्ति, लिविंग टिश्यू और कोशिका का माइक्रो-ग्रेविटी में स्पेस स्टेशन के भीतर व्यवहार आदि पर अध्ययन किया जाता है। मानव युक्त अंतरिक्ष उड़ानों और स्पेस स्टेशन में समय गुजारने के अभी तक के कुल अनुभव से एक बात जाहिर होती है कि एक ही व्यक्ति को दो या अधिक बार अंतरिक्ष यात्री बनाना या स्पेस स्टेशन में लम्बी अवधि के निवास के लिए भेजने अनेक प्रकार की कम्पलीकेशंस खड़ी हो सकती हैं। इस बारे में एथिक्स संबंधी साहित्य भी उपलब्ध है जिसे साइंटिफिक जर्नल्स में सन 2017 के बाद के तीन महत्वपूर्ण शोध-समीक्षा पेपर्स के रूप में प्रकाशित किया गया है। नासा के एथिक्स सलाहकार एडम ऍफ़ ग्रीनस्टोन ने कुछ पहलुओं पर अपने पर्चे एथिक्स एंड पब्लिक इंटिग्रिटी इन स्पेस एक्सप्लोरेशन में इसे दर्ज किया सन 2017 में दर्ज किया जिसका प्रकाशन एल्सेविएर ने किया, रिसर्चगेट डॉट नेट पर दिसंबर 2022 में मौरिजियो बलिस्त्रेरी और स्टीवन अम्ब्रेलो ने संयुक्त रूप से द एथिक्स ऑफ़ स्पेस ट्रेवलिंग एंड एक्स्ट्राटेरेस्ट्रियल कॉलोनाईजेशन–व्हाट इज मॉरल इन स्पेस इज आल्सो मॉरल ऑन अर्थ नामे से अप लोड किया। इनके अलावा फरवरी 2018 के एक्टा एस्ट्रोनॉटिका जर्नल में एडम ऍफ़ ग्रीन स्टोन ने स्वतंत्र लेखक के रूप में अपना पर्चा एथिक्स एंड पब्लिक इंटीग्रिटी इन स्पेस एक्सप्लोरेशन, दाखिल किया था। अंतरिक्ष यानों में दीर्घावधि की यात्रा और स्पेस स्टेशन में दीर्घकाल तक मनुष्य शरीर के स्वस्थ रूप से टिके रहने की टेक्नोलॉजी का विकास जारी है। मनुष्य का शरीर पूरी तरह से अनुकूलन नहीं कर पा रहा है। हो सकता है इसमें अभी पचास वर्ष का समय और लगे।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईआईएस) में अभी तक पहुंचे अनेक एस्ट्रोनॉट्स ने सैंकड़ों किस्म के वैज्ञानिक प्रयोग किए हैं। एस्ट्रोनॉट्स के शरीर के व्यवहार और बदलाओं के बारे में भी डाटा जुटाया गया है। इसके नतीज़न स्टेशन के भीतर की टेक्नोलॉजी को उन्नत करने के उपाय लगातार सामने आए हैं जिसका इस्तेमाल नए मिशंस के चालू किये जाने से पहले और मिशन के दौरान भी किया गया ताकि एस्ट्रोनॉट्स निर्भय होकर स्वास्थ्य के एक निश्चित स्तर को बनाकर रखते हुए कार्य कर पाएं। फिर भी प्रत्येक बार की यात्रा से मनुष्य देह के बारे में कुछ नया ही डाटा सामने आता है और टेक्नोलॉजी को सुधारने वाले फिर से काम पर लग जाते हैं। यह एक अनंत प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य मनुष्य की सह्य-क्षमता अर्थात एंड्यूरेन्स को धीरे-धीरे बढ़ाना या अंतरिक्ष यात्रियों को एकाधिक यात्राओं हेतु बेहतर तरीके से प्रशिक्षित करना और सक्षम बनाना है। अंतरिक्ष में दीर्घावधि तक निवास के दौरान मानसिक अवसाद, अनजाने भय और और अकल्पित मृत्यु के सपनों से जूझने और शरीर को ठीक रखने के लिए व्यायाम और योग क्रियाओं के अनिवार्य पालन को भी बनाए रखने के लिए जूझना होता है। अंतरिक्ष यात्रा चाहे अल्पावधि की रही या दीर्घावधि की, यान और स्टेशन चाहे रूस, अमरीका या भारत और चीन के हैं अथवा आईआईएस है, साझा प्रकरणों का डाटा साझा हो जाता और पब्लिश भी होता है, लेकिन चीन और अन्य वे देश जिन्होंने स्वतंत्र रूप से कार्य किया अपना क्रूशियल डाटा विस्तार से इंटरनेशनल साइंटिफिक कम्युनिटी से साझा शायद नहीं करते। फिर भी अंतर्राष्ट्रीय साइंटिफिक जर्नल्स में अभी तक जो भी जानकारी प्रकाशित हुई है उससे किसी भी देश को मानव युक्त स्पेस मिशन्स के बारे में महत्वपूर्ण लीड्स तो मिलती ही रही हैं। मसलन, माइक्रो ग्रेविटी की अवस्था में मनुष्य शरीर की सभी प्रणालियों की सक्रियता पर प्रभाव और धरती पर लौटने के बाद प्रभावित प्रणालियों का फिर से सामान्य व्यवहार करना, आदि। भारत के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए इस ऐतिहासिक डाटा से फ़ायदा उठाया जाना निश्चित है।

## प्रसंगवश

# मानव चेतना का खेल



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

चेतना ही हम प्राणियों को जड़ प्रकृति से भिन्न बनाती है। और अन्य प्राणियों की चेतना से अधिक विकसित होने के कारण ही मनुष्य एक विशिष्ट प्राणी है। मानव चेतना का एक प्रकृत और विशिष्ट गुण है जिज्ञासा। मनुष्य ही एकमात्र प्राणी है जिसकी चेतना में अनंत जिज्ञासा भरी हुई है। वह सब कुछ जान लेना चाहता है। प्रकृत्या।

जानना भी दो तरह का है। एक तो अपनी बेहतरी के लिए उस जानकारी का उपयोग करने हेतु। इस श्रेणी की ज्ञान पिपासा मानव सभ्यता के जन्म और विकास की कारक है। शिकारी और संग्रहकर्ता से पशुपालन एवं पशुचारण का घुमंतू जीवन, जंगल की घासों के बीज से कृषि कर्म की शुरुआत, गृह निर्माण और उपयोगिता, सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से उसमें सतत सुधार, पहिये का आविष्कार इत्यादि मानव सभ्यता के विकास में मील के पत्थर हैं।

कला और सौंदर्य के उपादानों की खोज और उनके उपयोग से ऐसा सृजन जिसका लक्ष्य किसी बाह्य उपयोग के बजाय सृजन में ही निहित हो, संस्कृति की विकास यात्रा के चरण है। दोनों में घालमेल भी है। जैसे गृह निर्माण में उपयोगिता का तत्व सभ्यता का और सौंदर्य बोध को तृप्त करने का तत्व संस्कृति का घटक है। लेकिन मनुष्य की बहुत सारी जिज्ञासाएं शुद्ध रूप से ज्ञान पिपासा को शांत करने के लिए होती हैं। ज्ञान के लिए ज्ञान। उनकी देन संस्कृति की घटक होती है क्योंकि उनका लक्ष्य किसी स्थूल उपयोगिता से जुड़ा नहीं होता।

मानव चेतना की देन सभ्यता एवं संस्कृति दोनों से जुड़ी ज़रूरत के कारण ही मनुष्य ने समाज में रहना सीखा और सामूहिक प्रयास से सभ्यता-संकृति, ज्ञान-विज्ञान का विशाल ताना-बाना खड़ा किया, जो उसे जंगल में रहने वाले पाषाण-युग के आदिम मानव से इतनी दूर ले आया है। अन्य प्राणी जहां थे, वहीं रह गए।

लेकिन दुनिया में हर चीज़ दोधारी है। मनुष्य की चेतना जितनी विकसित है, उतनी ही भरमाती भी है। इतना भरमाती है कि मनुष्य आजिज आ जाता है। इसी का लाभ उठाकर समय समय पर होशियार लोगों ने उसकी जिज्ञासा को दबाने के लिए स्वयं को सर्वशक्तिमान ईश्वर का संदेशवाहक घोषित कर दिया। उन्होंने कहा, तुम्हारी चेतना में उठनेवाली जिज्ञासाएं शैतानी हैं, मेरे द्वारा लाए गए संदेश के अनुसार चलने में ही तुम्हारा निस्तार है। इससे तुम्हें यहां तो सुकून मिलेगा ही, मरने के बाद भी तुम मज़े में रहोगे। इसके फ़ायदे-नुक़सान दोनों हुए। वह अलग विषय है।

चेतना, जिससे हम (अपनी-अपनी सीमा के भीतर) वस्तुजगत को जानते हैं, इतनी रहस्यमय है कि उसे जानना सबसे कठिन है। कारण, जानने का साधन चेतना और जिसे जानना है वह भी चेतना। चेतना जो भी जान पाती है, ज्ञाता और ज्ञेय के पार्थक्य भाव से ही जान पाती है। यदि हम खुद अपने-आप से प्रश्न करें कि मेरी चेतना क्या है, वह कहां है तो भौचक रह जाएंगे। हम अपने शरीर के अंग प्रत्यंग को तो जान सकते हैं किंतु चेतना को नहीं। उसका कोई आकार प्रकार नहीं, शरीर में उसके निवास का पता नहीं। बताया गया कि हमारे मस्तिष्क में उसका निवास है। किंतु मस्तिष्क के टुकड़े टुकड़े में ढूंढ आएं, वह मिलेगी नहीं। कारण, मस्तिष्क सहित शरीर भौतिक है, चेतना अभौतिक। वह अलग कैटेगरी है जिसका हमें प्रत्यक्ष ज्ञान साधारणतः नहीं हो सकता। भौतिक अर्थ में चेतना 'कुछ नहीं' है। ख़ुद में कुछ नहीं किंतु उसी के सहारे हमारा सब कुछ है। मेरी चेतना ही मैं हूं।

इसी पहेली को लेकर पूरब और पश्चिम दोनों के दार्शनिक प्राचीन काल से आज तक दो खेमों में बंटे हुए हैं। भौतिकवादी मानते हैं कि चेतना जड़ पदार्थों के एक ख़ास समुच्चय से उत्पन्न होती है और (मृत्यु के समय) उस समुच्चय के बिखर जाने से लुप्त हो जाती है। मार्क्सवादी भी भौतिकवादी हैं। वे एक क़दम आगे बढ़कर कहते हैं, चेतना भौतिक पदार्थों का परिणाम ही नहीं, इसमें जितने विक्षेप आते हैं, वे सब भौतिक स्थितियों की देन हैं। उत्पादन-प्रणाली का स्वामित्व और उससे उत्पन्न भौतिक परिस्थितियां ही चेतना की प्रकृति को निर्धारित करती हैं। इस तरह उन्होंने वर्ग-चेतना और वर्ग-चरित्र की अवधारणा दी और वर्ग-संघर्ष की द्वंद्वात्मकता को इतिहास की मूल नियामक शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित करने का प्रयास किया।

इसके विपरीत अध्यात्मवादी या प्रत्ययवादी चेतना को पदार्थ से स्वतंत्र मानते हैं, बल्कि वे तो यहां तक जाते हैं कि बहिर्जगत् की अपनी कोई स्वतंत्र सत्ता ही नहीं। बहिर्जगत् वही है जिसका बोध हमारी चेतना को होता है, इसीलिए भिन्न-भिन्न व्यक्ति की चेतना बहिर्जगत् को भिन्न-भिन्न देखती है। यदि चेतना न होती तो हमारे लिए बहिर्जगत् का कोई अस्तित्व ही न होता।

# सार्क की चुनौतियों का समाधान कैसे कर सकता है भारत

डॉ. सत्यवान 'सौरभ'
वरिष्ठ पत्रकार

**बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के साथ परिवहन संपर्क पर भारत की बीबीआईएन पहल पाकिस्तान की अनिच्छा को दरकिनार करती है।**

सार्क के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने क्षेत्रीय सहयोग के लिए लगातार पहल की है। भारत ने 1987 में आतंकवाद के दमन पर सार्क क्षेत्रीय सम्मेलन के निर्माण का नेतृत्व किया। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, कई चुनौतियों के कारण सार्क की प्रभावशीलता सीमित बनी हुई है।

साफ्टा के बावजूद, अंतर-सार्क व्यापार 5 प्रतिशत से कम बना हुआ है, जो खराब आर्थिक एकीकरण और सार्क की आर्थिक क्षमता को साकार करने में सीमित सफलता को दर्शाता है। आसियान के साथ भारत का व्यापार सार्क देशों के साथ उसके व्यापार से अधिक है, जो महत्वपूर्ण आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने में सार्क की विफलता को रेखांकित करता है। प्रमुख राजनीतिक मतभेदों, विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच, ने शिखर-स्तरीय सहभागिताओं को बाधित किया है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया रुक गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जो राजनीतिक सामंजस्य के टूटने का संकेत था। सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में आम सहमति की आवश्यकता होती है, जिससे पहल धीमी हो गई है, क्योंकि सदस्य देशों के बीच असहमति अक्सर प्रगति को रोक देती है।

पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण सार्क मोटर वाहन समझौता लागू नहीं हो पाया है। जिससे क्षेत्रीय संपर्क प्रयास रुक गए हैं। 2016 में उरी हमले के कारण भारत ने सार्क शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया, जिससे क्षेत्रीय सहयोग को और झटका लगा। सार्क सदस्यों, विशेष रूप से भारत और छोटी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापक आर्थिक मतभेदों ने समान आर्थिक सहयोग हासिल करना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद से आठ गुना अधिक है, जिससे व्यापार वार्ता और अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा होता है। राजनीतिक इच्छा शक्ति और क्षमता की कमी के कारण सार्क समझौतों को अक्सर कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण देरी का सामना करना पड़ता है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए सार्क खाद्य बैंक का कम उपयोग होने के कारण व्यावहारिक प्रभाव बहुत कम रहा है।

कई सार्क देश आर्थिक और रणनीतिक सहायता के लिए चीन जैसी बाहरी शक्तियों पर निर्भर हैं, जिससे सार्क का आंतरिक सहयोग कमजोर हुआ है। नेपाल और श्रीलंका की चीनी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर बढ़ती निर्भरता ने सार्क की क्षेत्रीय एकता को कमजोर किया है। सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत सुपरनेशनल निकाय का अभाव है, जिससे यह क्षेत्रीय नीतियों को लागू करने में अप्रभावी हो गया है। यूरोपीय संघ के विपरीत, सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या विवादों को हल करने के लिए अधिकार रखने वाले संस्थान नहीं हैं।

भारत अलग-अलग सार्क सदस्यों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है जिससे अधिक बहुपक्षीय सफलता मिल सकती है। कनेक्टिविटी और व्यापार पर बांग्लादेश के साथ भारत के हालिया प्रयासों ने सार्क की सीमित प्रगति के बावजूद द्विपक्षीय सहयोग में सुधार किया है। भारत सार्क ढांचे के भीतर व्यापार सुविधा, संपर्क परियोजनाओं और निवेश को बढ़ाकर गहन आर्थिक एकीकरण के लिए प्रयास कर सकता है।

बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के साथ परिवहन संपर्क पर भारत की बीबीआईएन पहल पाकिस्तान की अनिच्छा को दरकिनार करती है और उप-क्षेत्रीय सहयोग की क्षमता को प्रदर्शित करती है। भारत सार्क देशों के बीच सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सांस्कृतिक कूटनीति, शैक्षिक आदान-प्रदान और पर्यटन का लाभ उठा सकता है। सदस्य देशों के छात्रों के लिए भारत की सार्क छात्रवृत्ति ने शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। भारत को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश जारी रखना चाहिए जो पूरे क्षेत्र में संपर्क को बढ़ाते हैं, व्यापार और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को सुविधाजनक बनाते हैं। भारत-नेपाल रेल लिंक परियोजना क्षेत्रीय संपर्क को बेहतर बनाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का उदाहरण है, भले ही सार्क-स्तरीय पहल ठप हो गई हो।

संगठन की चुनौतियों के बावजूद सार्क में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका सुधार के अवसर प्रस्तुत करती है। द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देकर, क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देकर और संरचनात्मक सुधारों को आगे बढ़ाकर, भारत सार्क को पुनर्जीवित कर सकता है और दक्षिण एशिया की स्थिरता और विकास की संभावनाओं को बढ़ा सकता है।

## सोशल फोरम

# करामती चूरन

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

जमूरा डमरू बजा-बजा कर भीड़ जमा कर रहा है। आह्लादित मदारी भीड़ को संबोधित करता है-मेहरबानों और कद्रदानों आज दुनिया का आठवां अजूबा देखिये। हिमालय की सबसे ऊंची चोटी से लाई जड़ी-बूटी से तैयार चूरन, करामाती चूरन।

आप डॉक्टर के पास जाओगे। वो बताएगा- ये पुर्ज़ा ख़राब, वो ख़राब। कूल्हा जापान में बदलेगा और घुटना चीन में और भेजे के लिए जर्मनी या अमरीका जाओ। हम आपको कहीं नहीं भेजेंगे। मगर हमने आपके लिए एक नायाब नुस्खा तैयार कर लिया है। लाख दुखों की एक दवा है। बिलकुल फ्री दवा है। जले-कटे पर भी काम आती है। हमारी बताई विधि के अनुसार सेवन करें तो बिना किसी तक़लीफ़ के सौ साल तक जीएंगे।

यह मदारी और हमारा जमूरा रोज़ यहीं मिलते हैं। सर धड़ से अलग हो जाए या हाथ कट कर गिर जाए। उसे भी जोड़ दे हमारा ये करामाती चूरन।

क्या कहा? पहले हम आजमाएं। बिलकुल ठीक कहते हैं। ये कहते हुए मदारी ने झोले में से एक तेज धार वाला बड़ा चाकू निकाला और देखते ही देखते जमूरे की गर्दन पर चला दिया। गर्दन से खून का फौव्वारा छूट पड़ा। जमूरा धरती पर गिर पड़ा। मदारी ने फौरन चूरन उसकी गर्दन उस पर छिड़क दिया और तड़पते जमूरे को एक मैली सी सफ़ेद से चददर से ढक दिया। चद्दर के नीचे हलचल होती है। जमूरा उठकर बैठ जाता है। उसकी गर्दन पर कटे का निशान है और आस-पास का काफी हिस्सा खून से सना है। मदारी पूछता है, जमूरा ठीक है। जमूरा बाअवाज़े बुलंद बोलता है, हां, उस्ताद। मदारी पूछता है। कोई तकलीफ? जमूरा बताता है, नहीं उस्ताद। सब लोग वाह-वाह करने लगते हैं।

मदारी जनता की ओर मुखातिब होता है - मेहरबानों-कद्रदानों अब आप चूरन खा लें। सौ ग्राम की छोटी शीशी सिर्फ़ तीस रुपए में और मझोली चालीस और दो सौ ग्राम की बड़ी शीशी सिर्फ पचास रुपए में। जनता टूट पड़ती है - एक बड़ी शीशी मुझे, एक बड़ी मुझे भी। आधे घंटे बाद मदारी एक खंडरनुमा कमरे में बैठा रुपए गिन रहा है और जमूरा भुने मुर्गे की टांग से मांस नोचते हुए शिकायत कर रहा है - बापू, आज तो एक झटके में हज़ार से ऊपर खींच लियो होंगे, लंबा हाथ मारा है।

**-फेसबुक वॉल से**

## सरोकार

# घास के गट्ठर की ललक

अशोक पांडे
हल्द्वानी

पैंसठ पार की हीरा देवी विनोद कापड़ी की नई फिल्म 'पायर' की हीरोइन हैं। उत्तराखंड के सुदूर कस्बे बेरीनाग से कोई दस किलोमीटर दूर एक छोटे से गांव गढ़तिर की रहने वाली हीरा देवी ने फिल्म के लिए चुने जाने से पहले अपना ज़्यादातर जीवन पहाड़ की अधिकतर निर्धन महिलाओं की तरह अपने परिवार और मवेशियों की देखरेख करते हुए बिताया था। सिनेमा और कैमरा छोड़िये, बड़ी स्क्रीन वाले फोन भी उनके लिए किसी दूसरे संसार की चीजें थीं।

दो बेटों और एक बेटी की शादी-परिवार वगैरह निबटा चुकीं हीरा देवी कुछ वर्ष पहले पति के न रहने के बाद से एकाकी जीवन बिता रही थीं जब नज़दीक के ही गांव उखड़ से वास्ता रखने वाले पत्रकार-फिल्म निर्देशक विनोद कापड़ी ने उनके जीवन में दस्तक दी और अपनी फिल्म में काम करने का प्रस्ताव दिया। घर में अकेली हीरा देवी का साथ देने को एक पालतू भैंस थी जो इत्तफाक से उन्हीं दिनों ब्याई थी। सो सारी दिनचर्या भैंस और उसके नवजात के लिए घास वगैरह का इतंजाम करने के इर्दगिर्द घूमा करती। जब फिल्म में काम करने की बात चली तो पहला सरोकार भी वही था। दूसरी चिंता यह हुई कि अड़ोसी-पड़ोसी क्या कहेंगे। कुछ परिचितों ने उन्हें चेताया भी कि पिक्चर वालों का कोई भरोसा नहीं होता, कब कौन सी चीज की फिल्म खींच लें!

बहरहाल सारी परेशानियों का तोड़ निकाला गया और शूटिंग शुरू हो गई। हीरादेवी का घर मुख्य लोकेशन से कोई 6 किलोमीटर दूर था। शूटिंग सुबह साढ़े छः पर शुरू होती और अक्सर रात के आठ बजे तक चलती। प्रोडक्शन वाले हीरादेवी को वैसी ही इज्जत बख्शते जैसी बॉलीवुड की किसी ऐक्ट्रेस को मिलती होगी। उन्हें अभिनय सिखाने के लिए अनूप त्रिवेदी बाकायदा प्रशिक्षक के तौर पर तैनात थे। हर रोज़ लाने-छोड़ने जाने को एक गाड़ी हमेशा खड़ी रहती। वे तड़के उठकर ही जंगल जाकर गाड़ी के आने से पहले भैंस के लिए दिन भर की घास की व्यवस्था कर लेतीं। शूटिंग का एक बेहद दिलचस्प वाकया है। एक सीन में उन्हें घास का गट्ठर उठाए नायक के साथ कहीं जाते हुए दिखाया जाना था। सुबह का सीन था। हीरा देवी के आने से पहले ही प्रोडक्शन की टीम ने कहीं से एक गट्ठर घास का इंतजाम किया हुआ था। सेट पर पहुंचते ही हीरा देवी की निगाह सबसे पहले उसी पर पड़ी। उनकी आंखों में चमक आई। सीन शुरू हुआ लेकिन उस दिन हीरादेवी के अभिनय में कोई जान नहीं आ रही थी। उनकी निगाह बार-बार उसी गट्ठर की तरफ चली जाती। डायरेक्टर झुंझलाने लगता उसके पहले ही सीन रुकवा कर उन्होंने विनोद से पूछा –

"इस घास का क्या करोगे?"

"यहीं फेंक देंगे। और क्या!"

उनके मन में टीस जैसी उठी। उन्होंने देर तक विनोद से बात की और यह बात सुनिश्चित करवाई कि शूटिंग ख़त्म होने पर फेंकने के बजाय घास उन्हें घर ले जाने को दे दी जाएगी। इस निश्छलता से अन्दर तक भीग गए विनोद ने प्रोडक्शन टीम को एक और गट्ठर की व्यवस्था कर लाने को कहा। उसके बाद सब कुछ अच्छी तरह हुआ। उस शाम घर जाते हुए उनकी जीप में दो गट्ठर घास भी भरी हुई थी। हीरादेवी के चेहरे पर उस दिन कैसा संतोष रहा होगा इसकी कल्पना वही कर सकता है जिसने हर सुबह जान की बाजी लगाकर चारे-लकड़ी की खोज में पहाड़ की महिलाओं को बाघों से भरे जंगलों में जाते हुए देखा है। अब जब कोई हफ्ते भर बाद वे फिल्म के प्रीमियर के लिए एस्टोनिया की राजधानी एस्टोनिया की राजधानी टालिन में होने वाले ब्लैक नाइट्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में जाने की तैयारी कर रही हैं, मुझे पक्का भरोसा है, वहां रेड कारपेट पर चलते हुए भी उनके मन में यही चल रहा होगा कि उनके बगैर उनकी भैंस क्या खा रही होगी, कैसे रह रही होगी!

# जीतता वह है जो हारता नहीं

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

खेल के नियम जो भी हों लेकिन उसकी खेलने की शैली हमारे जीवन शैली से बहुत मिलती-जुलती है। कोई भी खेल हो, युद्ध की तरह खेला जाता है, जीत हासिल करने के लिए। जीत दोनों टीम को चाहिए लेकिन जीतेगा कोई एक। सवाल यह होता है कि कौन जीतेगा? जीतता वह है जो हारता नहीं है। जैसे, हमारा शरीर है, असंख्य ज्ञात-अज्ञात क्रियाओं का अद्भुत तालमेल, उसी तरह खेल शारीरिक दक्षता, मानसिक गुणा-भाग और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। खेल में जीत या हार का पूरा दारोमदार 'टीमवर्क' पर निर्भर है, बिलकुल हमारी दुनियावी सफलता या असफलता की तरह।

जिस तरह हमारा परिवार में टीम भावना के जरिए परिवार के सदस्यों की उन्नति का कथानक लिखा जाता है। परिवार की अवधारणा एक-दूसरे को सहारा देने की भावना से आरम्भ हुई। जिन परिवारों ने इस सूत्र को समझकर काम किया वे प्रगति की राह पर लगातार बढ़ते चले गए, जो नहीं समझ सके वे रसातल में चले गए। बिलकुल यही खेल में होता है। जब सब खिलाड़ी मिलजुलकर, सही तालमेल के साथ खेलते हैं तो जीतने की संभावना अपने-आप बढ़ जाती है।

# गोवा, कोलकाता और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों की जल पुलिस भी देगी संगम में पहरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगे 220 हाईटेक डीप डाइवर, पानी पर होगा 700 नावों से पहरा
- घाटों पर सुरक्षा में 10 कंपनी पीएसी, 12 कंपनी एनडीआरएफ और 6 कंपनी एसडीआरएफ भी

**अमृत विचार :** महाकुंभ में राज्य सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। पहली बार गोवा, कोलकाता, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों की जल पुलिस भी संगम में पहरा देगी। 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना से जल पुलिस 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगे। 220 हाईटेक डीप डाइवर समेत पानी पर 700 नावों से पहरा होगा। घाटों पर सुरक्षा में 10 कंपनी पीएसी, 12 कंपनी एनडीआरएफ व 6 कंपनी एसडीआरएफ भी मुस्तैद रहेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देश विदेश से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की पुख्ता सुरक्षा के लिए हर तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं। स्नानार्थियों और साधु संतों के साथ स्नान के दौरान कोई भी अनहोनी न होने पाए इसके लिए पहली बार इतनी बड़ी संख्या में हाईटेक डीप डाइवरों की ड्यूटी लगाई जा रही है। स्थानीय केवट भी सहयोग में रहेंगे जो बिना गैस सिलेंडर के भी 40 फीट गहराई तक जाने में सक्षम हैं।

### कुंभ में नहीं होगा अंधेरा, 45 हजार रिचार्जेबल बल्ब लगेंगे

पूरे मेला क्षेत्र में करीब 45 हजार रिचार्जेबल बल्ब का उपयोग किया जा रहा है। ये बल्ब खुद को रिचार्ज करते हैं और बिजली जाने पर भी रोशनी देते रहते हैं। यदि किसी फॉल्ट या अन्य वजह से अचानक बिजली चली जाती है तो भी ये बल्ब कभी अंधेरा नहीं होने देते। मेला क्षेत्र में विद्युत विभाग के प्रभारी अधिशासी अभियंता अनूप कुमार सिन्हा ने बताया कि इस पर करीब 2.7 करोड़ रुपये का खर्च आने की संभावना है। बताया कि कैंप्स के बाहर 67 हजार नॉर्मल लाइट की व्यवस्था कर रहे हैं व इसके भी बैकअप के लिए 2 हजार सोलर हाईब्रिड लाइट की व्यवस्था की है।

# वृद्धा पेंशन के चार हजार तक आवेदन लंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में वृद्धा पेंशन के चार हजार तक आवेदन पोर्टल पर लंबित हैं। सिर्फ शहर के तीन हजार आवेदन हैं। जो नगर में एसडीएम व ग्रामीण में बीडीओ के पोर्टल पर लंबित हैं और संबंधित अधिकारियों द्वारा सत्यापन करके आगे की प्रक्रिया के लिए समाज कल्याण विभाग को नहीं बढ़ाए गए हैं।

अधिकारियों की अनदेखी के कारण रोजाना आवेदनों की संख्या बढ़ रही है। वहीं, दिसंबर में पेंशन भी आनी है। लापरवाही के कारण कई नए लाभार्थी वंचित हो सकते हैं।

# समस्या बना भारत पशुधन एप, गायब हो जाता रिकार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुरक्षा की दृष्टि से महंगे फोन पर डाउनलोड नहीं होता एप
- एंड्रॉयड फोन पर वायरस व प्राइवेसी भंग होने का रहता डर

**अमृत विचार :** पशुओं का टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान में सरलता व पारदर्शिता लाने के लिए संचालित 'भारत पशुधन एप' की सुरक्षा पर चिकित्सकों ने सवाल उठाए हैं। ज्यादातर चिकित्सकों के पास महंगे फोन हैं। जिनमें असुरक्षित का मैसेज देकर एप डाउनलोड नहीं होता है। करीब एक वर्ष से यह समस्या बनी हुई है।

इसके अलावा जिन एंड्रॉयड फोन पर एप डाउनलोड होता तो उनमें वायरस अटैक व प्राइवेसी भंग होने के साथ मोबाइल डैमेज का खतरा बताते हैं। ऐसी एक घटना हो चुकी है। इसकी वजह से चिकित्सकों में अपने मोबाइल से बैंकिंग दस्तावेज, एप व निजी चीजें हैक होने का डर है। तकनीकी व नेटवर्क की समस्या के कारण ओटीपी नहीं आता है। इससे प्रदेश भर में टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान के कार्य प्रभावित रहते हैं। इन कारणों से पशु मैत्री का मानदेय फंसा है। इन समस्याओं से उप्र पशु चिकित्सा संघ शाखा आगरा ने प्रमुख सचिव को अवगत कराकर सुधार की मांग की है।

> केंद्र का यह एप पूरी तरह से सुरक्षित है। अन्य राज्य इस एप पर काम कर रहे हैं। शुरुआत में थोड़ी दिक्कत थी, जिसमें सुधार किया गया। ओटीपी में समस्या जरूर है, इसे भी दूर करने की प्रक्रिया चल रही है।
>
> –डॉ. पीएन सिंह, निदेशक, पशुपालन

**पशुपालक नहीं बताते ओटीपी**

इस एप पर कार्य के दौरान पशुपालक के मोबाइल पर ओटीपी जाती है। साइबर क्राइम समझकर पशुपालक ओटीपी नहीं बताते हैं। परेशानी तब होती है जब एक से अधिक पशु होने पर सभी के अलग ओटीपी जाते हैं। ऐसी स्थिति में चिकित्सक व पशु मैत्री उन्हें बाध्य न करके सीधे फीडिंग करते हैं। लेकिन, बिना ओटीपी के 90 दिन बाद विवरण गायब हो जाता है।

> पशु चिकित्सा विदों के मोबाइल उनकी निजी संपत्ति हैं। जिस पर राजकीय कार्य करने के लिए दबाव बनाया जाता है। यह एप सुरक्षित भी नहीं है। समाधान न हुआ तो कोर्ट का सहारा लेंगे।
>
> – डॉ. मनोज कुमार, अध्यक्ष, उप्र पशु चिकित्सा संघ शाखा आगरा

## एक नजर

### विकास भवन में पांच कार्यालयों में ई-ऑफिस पर काम

**अमृत विचार, लखनऊ :** डिजिटलीकरण की दिशा में विकास भवन भी शामिल हो गया है। यहां के पांच विभागों के मुख्यालय से लेकर ब्लॉक तक ई–ऑफिस पर काम शुरू हो गए हैं। सोमवार को लोहिया सभागार में अन्य विभागों को ई–ऑफिस पर काम करने के तौर–तरीके बताए गए। डिजिटल और पेपर लेस कामकाज विकास भवन में संचालित जिला विकास अधिकारी कार्यालय, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, मनरेगा, स्वत: रोजगार (एनआरएलएम) व अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में शुरू हो गए हैं। यहां से अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा ब्लॉक स्तर तक डिजिटल सिग्नेचर से ऑनलाइन पत्राचार करना, पत्रावलियां भेजना समेत अन्य कार्य अधिकारी व कर्मचारी करते हैं। इसी तरह अन्य विभागों में ई–ऑफिस पर काम शुरू करने के लिए सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन की अध्यक्षता में कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

# ड्रोन से हो रही निगरानी, अब तय होगी अधिकारियों की जवाबदेही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गांवों में हुए विकास कार्यों की प्रगति समझने को तकनीक का सहारा ले रही राज्य सरकार
- शासन का स्थानीय अधिकारियों को ड्रोन टीम के साथ योजनाओं की समीक्षा में सहयोग का निर्देश

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के गांवों में हो रहे विकास कार्यों की निगरानी ड्रोन से हो रही है। इसके बाद आयी रिपोर्ट की समीक्षा कर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। राज्य सरकार गांवों में हुए विकास कार्यों की प्रगति समझने को तकनीक का सहारा ले रही है। ऐसे में ग्राम पंचायतों में योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हर गांव में ड्रोन से निरीक्षण किया जा रहा है। शासन ने स्थानीय अधिकारियों को ड्रोन टीम के साथ योजनाओं की समीक्षा में करने में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ रही योगी सरकार अब गांवों में हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए ड्रोन तकनीक का सहारा ले रही है। गांवों में बन रहे आवास, पेयजल की सुविधा, सिंचाई से संबंधित कार्य, सड़क निर्माण, खेल के मैदान का निर्माण और पौधरोपण जैसी महत्वपूर्ण कार्यों की निगरानी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह महत्वपूर्ण फैसला लिया है।

प्रदेश भर में इन कार्यों व मनरेगा से संबंधित कार्यों का सत्यापन करने के लिए जिला मुख्यालय पर टीमें लगाई गई हैं, जरूरत के हिसाब से इन टीमों की संख्या में बढ़ोत्तरी भी की जा सकती है। इस कदम से जहां ग्रामीण विकास कार्यों में पारदर्शिता आएगी, वहीं अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। सरकार का मानना है कि इस प्रकार के तकनीकी प्रयोग से न केवल विकास कार्यों में सुधार होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी मदद मिलेगी।

### अधिकारियों की जवाबदेही होगी तय

लखनऊ। ड्रोन से वित्त वर्ष 2023–24 में हुए विकास कार्यों का निरीक्षण हो रहा है। निरीक्षण के बाद जिन जिलों में कार्य तय मानक के अनुसार नहीं हुए हैं, उन जिलों के जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। जिलों से संबंधित अधिकारियों को राज्य स्तरीय ड्रोन टीम का पूरा सहयोग करने का निर्देश हैं।

### ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर होंगे

सरकार के इस कदम से नहीं केवल ग्रामीण विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। पारदर्शिता और गुणवत्ता में सुधार से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी रोजगार सृजन के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री का मानना है कि अगर गांवों में चल रहे विकास कार्य सुचारू रूप से होते हैं, तो ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे।

# देश के साधु-संतों से माफी मांगें मल्लिकार्जुन खरगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के विवादित बयान ने पकड़ा तूल
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री ओमप्रकाश राजभर समेत संतों ने किया पलटवार

**अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गेरुआ वस्त्र को लेकर एक विवादित टिप्पणी की थी, जिस पर सोमवार को भाजपा और उनके सहयोगी दलों के साथ ही संत समाज ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने झारखंड में योगी आदित्यनाथ और संतों को लेकर कहा था कि कई साधु अब राजनेता बन गए हैं और वे गेरुआ कपड़े पहनकर समाज में नफरत फैला रहे हैं। लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। इसे लेकर भाजपा और संत समाज ने खरगे पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने का आरोप लगाया है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसे कांग्रेस की पुरानी मानसिकता करार दिया। कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास हमेशा से झूठ बोलने और समाज में दरार डालने का रहा है। कांग्रेस ने कभी भी हिन्दू धर्म और सनातन संस्कृति का सम्मान नहीं किया। कांग्रेस की तुलना मुगल आक्रांताओं से करते हुए ब्रजेश पाठक ने तत्काल माफी मांगने के लिए कहा।

पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि कांग्रेस का इतिहास लोगों को बांटकर सत्ता हासिल करने का है। कांग्रेस ने पिछड़े, दलित व मुस्लिम समुदायों को धोखा दिया है। सत्ता में रहते हुए इस पार्टी ने कभी शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता व किसानों के हित पर ध्यान नहीं दिया। बिना वजह की बयानबाजी करके ये केवल चर्चा में बने रहना चाहते हैं।

### संत समाज की कड़ी प्रतिक्रिया

अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि खरगे का बयान घटिया और निंदनीय है। चेतावनी दी कि कांग्रेस पार्टी अगर सनातन संस्कृति पर हमले करना बंद नहीं करती, तो संत समाज इसका कड़ा प्रतिकार करेगा। कहा कि कांग्रेस अब ऑल इंडिया चर्च कमेटी है। वहीं अयोध्या के संत स्वामी करपात्री जी महाराज ने भी खरगे के बयान की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे के नाम में ''खड़ग'' होता है, जिसका काम होता है बांटना और काटना, जबकि योगी आदित्यनाथ का नाम ''योग'' से जुड़ा है, जिसका मतलब होता है जोड़ना। कहा कि कांग्रेस ने हमेशा हिन्दू धर्म पर हमला करने वालों का समर्थन किया है।

## धर्म दर्शन

# देवोत्थानी एकादशी

हिंदू धर्म ग्रंथों की मान्यता के अनुसार सृष्टि के पालक विष्णु भगवान वर्षा ऋतु की चार मास की अवधि में शयन करते हैं। वे आषाढ़ शुक्ल एकादशी को सो जाते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जगते हैं। पहली को हरि शयनी और दूसरी को देवोत्थानी या देव प्रबोधिनी एकादशी कहते हैं। इस अवधि में शुभ और मांगलिक कार्य नहीं होते।

इस कथ्य के पीछे कुछ पौराणिक कथाएं हैं। इनके विवरण 'ब्रह्म वैवर्त' व 'पद्म पुराण' तथा अन्यत्र भी आये हैं एक कथा के अनुसार योग माया यानी प्रकृति देवी ने भगवान से कहा कि संसार संचालन में मेरा प्रचुर योगदान है, अतः आप मुझे अपने शरीर में स्थान दीजिये। भगवान ने यह प्रार्थना स्वीकार कर ली और उन्हें अपने नेत्रों में बिठा लिया। इस हेतु वे शयन करने लगते हैं, और विनय करने पर सृष्टि के कार्यों हेतु कार्तिक शुक्ल एकादशी को जगते हैं। एक अन्य कथा के अनुसार दैत्यराज बलि के यज्ञ में जब वामन रूप हो भगवान ने उन्हें छला, तो बाद में वरदान भी दिया और उन्हें उनके पाताल में उनके द्वार पर दर्शन देने लगे। इधर क्षीर सागर में उनकी अनुपस्थिति से लक्ष्मी जी विचलित हुईं और पता पाकर बलि के पास गईं। उन्हें राखी बांध कर विष्णु जी को वापस लिया। हालांकि फिर भी वे चार मास बलि के लोक पाताल में ही रहते हैं। पृथ्वी से उनकी यह अनुपस्थिति ही उनका शयन काल है। एक अन्य मान्यतानुसार वे चार मास ध्यान मग्न होकर सृष्टि के बारे में चिंतन करते हैं। कथा यह भी है कि भगवान पहले लंबी अवधि तक कार्यशील रहते थे और जब सोते तो लंबी अषधि के लिए सो जाते थे। इससे संतुलन बिगड़ता और लक्ष्मी जी को भी असुविधा होती। तब उनके अनुरोध पर श्री हरि ने अपनी चर्या नियमित की और प्रतिवर्ष चार मास सोने लगे। यह तिथि भगवान और तुलसी के विवाह तिथि के रूप में भी मनाई जाती है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भगवान ने शंखचूड़ दैत्य की पत्नी वृन्दा का पातिव्रत भंग किया था, क्योंकि उसके पातिव्रत की वजह से दैत्य नहीं मर रहा था। हालांकि इसके लिए वृन्दा ने उन्हें पत्थर होने का शाप दिया। बदले में भगवान ने उसे काष्ठ होने का शाप दे दिया। तब वृन्दा ने उनसे वरदान देने की भी प्रार्थना की। विष्णु जी ने कहा कि 'ठीक है, मेरे प्रस्तर रूप की पूजा बिना तुम्हें अर्पण किए पूर्ण नहीं होगी'। परिणाम स्वरूप भगवान शालिग्राम बने और वृंदा तुलसी होकर भगवान की प्रेयसी/पत्नी मान्य हुई तथा भगवान के इस रूप की पूजा बिना तुलसी दल अर्पित किए पूरी नहीं मानी जाती। पद्म पुराण के अनुसार देवोत्थानी एकादशी का व्रत करने से एक हजार अश्वमेध और सौ राजसूय यज्ञों का फल मिलता है और व्रतकर्ता के सभी पाप भस्म हो जाते हैं। अंततः वह बैकुण्ठलोक जाता है।

# गंगा का महात्म्य

'श्रीमदभागवतगीता' में भगवान श्रीकृष्ण की नदियों मे गंगा होने की सिंहगर्जनाने, भारत के सांस्कृतिक-धार्मिक इतिहास में गंगा नदी की सर्वोच्च महत्ता को विवाद रहित कर दिया। उनके द्वारा महासमर के लिए निर्धारित कुरुक्षेत्र के पवित्र तीर्थ स्थल में स्नान को वन पर्व में जहां पुण्य प्रदाता, कहा गया है, वहीं हरद्वार या हरिद्वार के कनखल तथा प्रयाग में स्नान को सैकड़ों पापों से मुक्ति प्रदान करने वाला कहकर गंगा की पवित्रता का उद्घोष किया गया है। स्कन्द पुराण के काशी खंड के अध्याय दो में गंगा महात्म्य वर्णित है। पद्मपुराण गंगा की महिमा तथा तटवर्ती तीर्थों का विस्तृत विवरण प्रदान करता है। श्रीहरिविष्णु के बॉए पैर के अंगूठे से निकल कर भगवान आशुतोष शंकर की जटाओं में उलझ कर निकली 'जटाशंकरी' गंगा की तीन धाराओं, स्वर्गगंगा (मन्दाकिनी), 'भूगंगा' (भागीरथी) तथा 'पाताल गंगा' (भोगवती) का विवरण भी पुराणांकित है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

विष्णु पुराण (2/8/120-21) में गंगा का नाम लेने, सुनने, देखने तथा छूने मात्र से तीन-तीन जन्मों के पाप नष्ट होने का उल्लेख है। भविष्य पुराण (पृथ्वी खंड, 9/12 तथा 198) इसका पूर्ण समर्थन करता है। पद्मपुराण, मत्स्यपुराण, गरूड़पुराण मिलकर हरिद्वार, प्रयाग, गंगा सागर में स्नान को स्वर्गवासी बताते हैं। पद्म के सृष्टि खंड, 60/35) में भी गंगा को पतितों की उद्धार करने वाली बताया गया है। स्कन्द पुराण के काशीखंड (27/80) में ही गंगा के पावन तट पर खड़ा हो अन्य तीर्थों के नामोल्लेख तक को मना किया गया है। उसी अध्याय के श्लोक 129-131 में गंगा नदी में नित्यस्नान को सौगुना, संक्रान्ति स्नान को हजार गुना, चन्द्र-सूर्यग्रहण स्नान को लाख गुना फलदाता कहा गया है। वहां तो यह भी घोषणा की गई है कि गंगा का दर्शन/प्रसंग चर्चा तीनों स्वर्ग दायी है तो, अवगाह नया स्नान मोक्ष देने वाला है। पुराणों में मात्र गंगा तटवर्ती तीर्थ स्थलों में हरिद्वार, गढ़ मुक्तेश्वर, सोरो और काशी सुख्यात हैं। इसी में 'गंगा सहस्रनाम' में इसके हजार नामों का अंकन भी है। आदित्य पुराण बताता है कि स्वर्ग के अपने मूल स्थान से गंगा का निर्गमन वैशाख शुक्ल तृतीया को हुआ था। हिमालय से भरतखंड की समतल धरा पर आगमन की तिथि ज्येष्ठ शुक्ल दशमी (दशहरा) है। गंगा दशहरा के नाम से सम्पूजित इस तथि को दश पापों का हरण करने वाला कहा गया है। इस तिथि को ही 'गंगाजयन्ती, कहा जाता है। दशपापों में तीन मानसिक, चार वाचिक और तीन कायिक बताए गए हैं। काया से होने वाले तीन पापों (चोरी, हिंसा, परस्त्री गमन), वाणी से उत्पन्न चार पापों (परूष वचन या कठोर वाणी, असत्य भाषण, चुगली, प्रलाप या बकवास) और तीन मानसिक (पराये धन की कामना, दूसरों का अनिष्ट चिन्तन, षड़यंत्र कारी प्रवृत्ति या स्वभाव) दश अपकर्मोया पाप कर्म सर्वथा त्याज्य हैं।

## वर्ग पहेली-249

**बाएं से दाएं**

1. काम–काज अथवा उद्योग–धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी, पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा–चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. ठुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | |
| ■ | 5 | 6 | | ■ | |
| ■ | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | 9 | | | ■ | 10 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 11 | | | ■ | 12 | |

### वर्ग पहेली -248 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | ■ | ■ | 2 त | ■ | 3 रा |
| हूँ | ■ | 4 सा | र | को | मा |
| ■ | 5 कु | ली | न | ■ | यु |
| ■ | ■ | ■ | ता | ■ | ध |
| ■ | ■ | 6 अ | र | थी | ■ |
| 7 तृ | षा | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | ■ | री | ■ | 8 अ | भि |

## सुडोकू-162

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | | | | | 6 |
| | | | | 2 | | | | |
| | | | | | 7 | | | 5 |
| | | 8 | | | | 4 | | |
| | | | | | | | 2 | |
| | | | | 4 | | | | |
| 2 | | | 5 | | | 8 | | |
| | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 161 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 8 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 5 | 2 | 8 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 नवंबर, मंगलवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–कार्तिक, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–एकादशी 04.04 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** – आज व्यापार में उधारी न करें। आलस्य के कारण आपके काम में रुकावटें आ सकती है। आप जो काम नहीं करना चाहते हैं, वो ही आपको करना पड़ेगा। जल्दबाज़ी वाले स्वभाव से आपको बचना चाहिये। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

**वृष** – आज जीवनसाथी की सलाह को आपको काफी महत्व देना चाहिए। आप अपने मित्रों के बीच खासे लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे, इससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का माहौल रहेगा। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। धीरे–धीरे आप कारोबार में बड़ा लाभ कमा लेंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिंतन अवश्य करें। सभी काम मन लगाकर करें।

**कर्क** – आज सुबह सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत–प्रोत रहेंगे। भाई–बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भावनाओं में आकर निर्णय न लें। सम्पत्ति को लेकर बड़ी डील होने की संभावना है।

**सिंह** – आज मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक शाम का आनन्द उठायेंगे। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में आपको ज़िम्मेदारी वाला काम सौंपा जा सकता है। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें। प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनायेंगे। आप दूसरों की भावनाओं का काफी ध्यान रखते हैं। इसीलिए लोगों के चहेते बने रहेंगे।

**तुला** – आज अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। ससुराल पक्ष के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार के लिये आज का दिन बहुत अच्छा है। घर की साफ–सफाई और व्यवस्था पर काफी ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना विफल होगी।

**वृश्चिक** – आज नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

**धनु** – आज व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। सोचे हुए काम पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सरकारी नियमों का कड़ाई से पालन करें। यदि आपको कोई सलाह देता है तो आपको उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए।

**मकर** – आज अधिकारी वर्ग के लोग आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें। इससे आप अपने हितों के चुनाव में गलतियाँ हो सकती है। यात्रा से लाभ होगा। यद्यपि आपको कुछ दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

**कुंभ** – आज व्यापार में सहयोगियों के साथ खिट–पिट हो सकती है। परिजनों की चिंता रहेगी। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय बर्बाद न करें। आपको आज काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। उच्च अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं।

**मीन** – आज प्रभावशाली लोगों से दोस्ताना संबंध बनेंगे। व्यापार की परेशानियां दूर होंगी। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद लेंगे। मांसपेशियों में थकान महसूस होगी। जॉब में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लें।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–हेमंत।
चन्द्रबल– वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल– भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र– पूर्व भाद्रपद 07.52 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

B4U Movies
कुली – सुबह : 11.00
चुप – शाम : 05.00

Sony Pix
द मास्क – दोपहर : 01.13
पैसिफ़िक रिम – रात : 08.45

&pictures
हीरोपंती 2 – सुबह : 08.11
रक्षा बंधन – रात : 07.30

Zee Cinema
उजड़ा चमन – सुबह : 11.30
काला सोना – रात : 08.45

Zee Action
मास – सुबह : 08.11
जान – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर क्लास में गणित पढ़ा रहा था
टीचर– बोर्ड में 55 लिखो
संजू– सर कैसे लिखते हैं?
टीचर– पांच लिखोफिर उसके साइड में एक और 5 लिखो
संजू ने बोर्ड में 5 और रुक गया
टीचर– अबे क्या हुआ रुक क्यों गया?
संजू– सर दूसरा 5 किस साइड लिखूं समझ नहीं आ रहा।

साली– जीजू आपने सोचा है कि लोफर और ऑफर में क्या अंतर है?
जीजा– देखो साली साहिबा, अगर आप मुझे प्यार करने को बोलोगे तो वह ऑफर कहलाएगा और मैं कहूं तो तो आप मुझे लोफर कहोगी।

# बिजली की चिंगारी से 6 बीघा अरहर जली

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** थाना मुस्करा के पहाड़ी भिटारी गांव में एक किसान के खेत में खड़ी छह बीघा अरहर की फसल हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से जल गई। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत कर मुआवजे की मांग की है। बताया हाईटेंशन की लाइन खेत के ऊपर से होकर गुजर रही है।

पहाड़ी भिटारी निवासी हेमंत पुत्र स्व. लाल दिवान ने बताया कि ग्राम अलरा गौरा मौजा में कृषि भूमि है। जिसमें छह बीघे में अरहर की फसल बोई हुई थी। बताया खेत से बिजली विभाग की 11 हजार की बिजली लाइन निकली है। इस लाइन से निकली चिंगारियों से अचानक फसल में आग लग गई। धीरे धीरे आग ने समूचे खेत को अपने लपेटे में ले लिया। जब तक मौके पर पहुंच पाते पूरी फसल आग से झुलस गई। कृषक हेमंत ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से नुकसान होना बताया है। बताया तीन वर्ष पूर्व गेहूं फसल जल चुकी है। शिकायत के बाद भी बिजली विभाग ने मुआवजा अभी तक नहीं दिया है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी मौदहा ने कहा कि लेखपाल को भेज फसल नुकसान का आंकलन कराएंगे। पीड़ित किसान की हर संभव मदद की जाएगी।

आग से झुलसी अरहर की फसल।

## 14 को लगेगा रोजगार मेला

**हमीरपुर।** आगामी 14 नवंबर को जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जॉब फेयर में कई प्रतिष्ठित कम्पनियों / नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि अभ्यर्थी अपना rojgaarsangam.up.gov.in ऑनलाइन आवेदन कर अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित मेले में प्रतिभाग करें। किसी कारणवश ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में वह सीधे भी प्रतिभाग कर सकते हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- परिजनों ने पत्नी व उसके भाइयों पर लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी गढ़ी गांव स्थित ससुराल में 42 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। वहीं मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी व भाइयों पर हत्या का आरोप लगा कार्रवाई की गुहार लगाई है।

महोबा जनपद के कनकुआ गांव निवासी 42 वर्षीय चरन सिंह पुत्र दुर्गा प्रसाद रविवार शाम करीब 4 बजे कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी गढ़ी गांव अपनी ससुराल में आया था। जिसके बाद संदिग्ध परिस्थितियों के चलते उसकी उसकी मौत हो गई। मृतक चरन सिंह के भाई अमर सिंह ने बताया कि उसके बड़े भाई चरन सिंह की पत्नी मिथलेश बीते दो दिन पूर्व घर में भैंस बेचने से मिले 37000 रुपये लेकर अपने मायके ग्राम पहाड़ी गढ़ी गई थी। जिसके बाद उसका भाई चरन सिंह रविवार की शाम करीब चार बजे अपनी ससुराल ग्राम पहाड़ी गढ़ी पहुंच गया था। आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी भाभी मिथलेश और उसकी भाभी के दो भाइयों ने मिलकर चरन सिंह को जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या कर दी। बताया कि उसका भाई मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह अपने पीछे मां प्रेमरानी के अलावा 17 वर्षीय पुत्री खुशबू सहित भाई हरि सिंह और अमर सिंह के अलावा सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में कोतवाली इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, तथा मामले में वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# आंखों में मिर्च पाउडर डाल 1 लाख 80 हजार की लूट

## बैंक मित्र के साथ दिनदहाड़े 3 बदमाशों ने की वारदात

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** छिमौली गांव में मिनी बैंक चलाने वाले बैंक मित्र को कस्बे के कांशीराम कॉलोनी छिमौली मार्ग नाले के निकट सोमवार को दिन दहाड़े तीन बदमाशों ने तमंचा लगाकर आंखों में मिर्ची झोंक लूट लिया। लुटेरे बाइक से आए और एक लाख 80 हजार रुपये से भरा बैग लेकर भाग निकले।

छिमौली गांव में लंबे समय से इंडियन बैंक से आचार्यजी के नाम से मशहूर रमेश चंद्र निषाद मिनी बैंक का संचालन करते हैं। वह गांव में एक विद्यालय भी चलाते हैं। पीड़ित रमेश चंद्र ने बताया कि सोमवार को शाम करीब चार बजे वह अपनी मिनी बैंक में रुपयों की जरूरत पर कस्बे की इंडियन बैंक शाखा से 1 लाख 80 हजार रुपये निकालकर बैग में रख बाइक से छिमौली गांव की ओर चले। जैसे ही कांशीराम कालोनी के नाले के रपटे के पास पहुंचे। तभी बाइक सवार तीन युवक तमंचा लेकर उसे धमकाकर बाइक रुकवा ली। उसकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर 1 लाख 80 हजार रुपये से भरा बैग छीनकर भाग निकले। जाते-जाते धमकी भी दे गए कि यदि वह चिल्लाए तो जान से मार देंगे। इस संबंध में कोतवाल रामाश्रय सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से लुटेरों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस टीमें बनाकर कई स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी गई है। अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

घटना की जांच करती कोतवाली पुलिस।

## गोद भराई के बाद युवती प्रेमी के साथ फरार

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय युवती की शादी के लिए 5 नवंबर को गोद भराई का कार्यक्रम हुआ। रात में परिजनों के सो जाने पर फोन से अपने प्रेमी को बुला लिया। परिजनों के गहरी नींद में सो जाने पर रात करीब 1:30 बजे युवती चली गई।

वह अपने साथ मंगलसूत्र, तोड़िया, बेसर 25 हजार रुपये नकद भी ले गई है। सुबह युवती को गायब पाया गया। घर का दरवाजा खुला पड़ा था परिजनों को उसकी तलाश के बाद भी सुराग नहीं लगा। पुत्र के साथ आए पिता ने पड़ोसी युवक विपुल पुत्र नरेंद्र वर्मा पर पुत्री को ले जाने की थाने में तहरीर दी है।

एसआई प्रेमचंद ने बताया कि उसके पिता की तहरीर मिली है। युवती के साथ युवक की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही पुलिस उन्हें पकड़ लेगी।

# विज्ञान में आशिक व माडल में नेहा अव्वल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** समग्र शिक्षा के तहत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित की गई। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सिलौली विद्यालय के छात्र आशिक व माडल प्रतियोगिता में अतरार स्कूल की छात्रा नेहा देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि विज्ञानपरक कार्यक्रमों से सोचने समझने तथा प्रयोगात्मक ज्ञान में अभिवृद्धि होती है विज्ञान से तार्किक ज्ञान में वृद्धि होती है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, जैविक कृषि एवं नयी तकनीकि पर बने माडलों को देखकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में बीएसए आलोक सिंह ने कहा बच्चे जीवन में ज्ञान को विज्ञान से जोड़ते हुए जीवन के सतत् विकास का दीपक हमेशा जलाएं। विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं विज्ञान मॉडल की प्रतियोगिता कराई गई। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्र आशिक कंपोजिट विद्यालय सिलौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं माडल प्रतियोगिता में संविलियन कन्या उच्च प्रावि अतरार की छात्रा नेहा देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसका मॉडल-" रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन सिस्टम पर आधारित था। प्रथम पांच विजेताओं को टेलीस्कोप एवं विज्ञान किट सभी बच्चों को उपलब्ध कराई गई। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के प्रथम पांच विजेताओं को "टैबलेट स्मार्ट फोन" देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक जिला समन्वयक आलोक त्रिपाठी ने शिक्षकों व बच्चों का धन्यवाद दिया। अभिषेक त्रिपाठी, अखिलेश शुक्ला, रमाकांत पांडेय ब्रजमोहन यादव, उमाशंकर प्रजापति, नरेंद्र राजपूत, विनय शुक्ला मौजूद रहे।

बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते जिलाधिकारी घनश्याम मीना।

- राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## फंदे से लटकी महिला अस्पताल में भर्ती

**मौदहा।** गृहकलह के चलते महिला ने तंग आकर फांसी लगा आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजनों ने आनन फानन में उसे फांसी के फंदे से नीचे उतार सीएचसी में भर्ती कराया।कोतवाली क्षेत्र के सिसोलर गांव निवासी पूजा (35) पत्नी राम प्रकाश देवरानी और जेठानी के बीच झगड़ा हो गया।

पीड़ित पूजा ने बताया कि जेठानी का पुत्र सत्तू आकर गाली गलौज करने लगा और मारने करने के लिए दौड़ा। जिससे तंग आकर पूजा ने घर पर ही नीचे स्टूल रखकर गमछे से छत के कुंड से रस्सी बाध गले में फंदा लगा आत्महत्या करने की कोशिश की। मौके पर परिजनों के मौजूद होने पर आनन फानन में फांसी से उतार कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद हालात में सुधार बताया है। वहीं परिजन अस्पताल से छुट्टी कराकर अपने घर सिसोलर ले गए हैं।

मेले में अकीदतमंदों की लगी भीड़।

# तीसरे दिन भी जारी रहा हजरत बाबा का उर्स

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** हजरत बाबा निजामी कम्हरिया के उर्स के तीसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। पांच स्थानों पर लंगर का आयोजन हुआ। इसमें पूड़ी, सब्जी और दाल तथा तंदूरी रोटी तथा हलवा आदि का प्रबंध किया।

मेले में बीती रात कव्वालियों का आयोजन हुआ। यहां 36 कव्वाल पार्टियों से अधिक ने अपने कलाम प्रस्तुत किए। सज्जादा स्थानीय के साथ अन्य प्रदेशों के बाबा भक्त मौजूद रहे। उधर मेला की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सौ से अधिक पुलिस कर्मी तैनात हैं। वाहनों के आवागमन पर नियंत्रण के लिए कई वाहन स्टैंड बनाए गए हैं। वहीं बिवांर मौदहा मार्ग के वाहनों के लिए मार्ग डायवर्जन भी किया गया। मौदहा चौराहा में कम्हरिया बाबा मार्ग पर बने गेट के आसपास व्यापक सजावट के साथ ही वालंटियर वाहनों के प्रबंध में दिन रात जुटे हैं। वहीं यहां भारी लंगर का प्रबंध है। साथ ही कस्बे के रागौल स्टेशन में भी लंगर का व्यापक प्रबंध यहां के लोगों ने मिलजुल कर किया है। कौमी एकता का यह बड़ा उर्स कल तक जारी रहेगा और कल बड़े कुल के साथ समापन तो होगा। लेकिन कमहरिया मेला उसके बाद भी जारी रहेगा।

# सोच समझकर ऐसा बोलें जो किसी को बुरा न लगे

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट की ओर से 7 दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा व महायज्ञ

**अमृत विचार।** गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट की ओर से सात दिवसीय श्रीमद् प्रज्ञा पुराण की कथा के छठवें दिन भव्य दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। टोली नायक सुरेंद्र लाल शास्त्री ने कथा की शुरुआत की।

मुख्य यजमान ने देव पूजन कर व्यसन मुक्त परहेज करना चाहिए। हमेशा सोच समझकर बोले जो किसी को बुरा न लगे। दीप महायज्ञ में विश्व कल्याण के लिए गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्र एवं अनेक वैदिक मित्रों से भावनात्मक आहुति दी गईं। ट्रस्ट के व्यवस्थापक रघुराज पाल एवं कार्यवाहक ट्रस्टी राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि गायत्री परिवार का लक्ष्य मन की शांति, स्वस्थ शरीर सभ्य समाज का निर्माण करना। अध्यक्ष बीना ओमर ने बताया कि सोमवार को यज्ञ की पूर्ण आहूति दी जाएंगी। युवा मंडल प्रभारी गौरीश राज व युवा मंडल कार्यकर्ता योगीश राज, राहुल, पुष्पेंद्र, अंशू, नितिन, सत्यजीत प्रभारी, हिमांशू, आराधना, अनुराधा सहित समस्त महिला मंडल वरिष्ठ ट्रस्टी सज्जन सोनी, विष्णु गुप्ता, परिव्राजक लाल दीवान सैनी, गायत्री परिवार के परिजन रामनारायण साहू सहित भारी संख्या में जन समूह ने भाग लिया।

### भागवत कथा का समापन, हुआ भंडारा

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के द्वारिकापुरी मराठीपुरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ का समापन सोमवार को विशाल कन्या भोज व भंडारे के साथ हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाकर पुण्य कमाया। कथावाचक अल्का किशोरी ने पूरे सप्ताह कथा का रसपान कराया। जिसमें कथावाचक ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व बताते हुए उसके कई प्रसंगों कथाओं को श्रोताओं के समक्ष रखकर उन्हें ज्ञान की गंगा से सरोबार कर दिया। सोमवार को सोनी धर्मशाला के आगे नई बस्ती द्वारकापुरी मराठीपुरा में यजमान शिवकुमार ने कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें नगर समेत सैकड़ों की संख्या में भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अपने को कृतार्थ किया।

शिकायत करने आईं महिलाएं। अमृत विचार

# पुष्टाहार वितरण में धांधली करने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर पुष्टाहार वितरण में धांधली करने का आरोप लगा सुमेरपुर की महिलाओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। जिसमें उन्होंने जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

सुमेरपुर कस्बे के वार्ड 6 पंतनगर निवासी श्यामबाबू नेहा, पूनम, रन्नो, नरसिंह, शोभा, उषा, राधा, संतोषी आदि ने दिए ज्ञापन में आरोप लगाया कि उनके मोहल्ला स्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री विजय लक्ष्मी द्वारा नौनिहालों के पुष्टाहार वितरण में अनियमितता की जा रही है। बताया कि किसी को एक माह तो किसी दो माह और किसी को पुष्टाहार दिया ही नहीं जा रहा है।

उन्होंने कार्यकत्री पर उल्टा उनके पतियों को थाने में फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

## युवती से छेड़छाड़ का किया प्रयास

**मौदहा।** स्टेशन मार्ग के एक मोहल्ले में रविवार रात 10 बजे दलित युवती को अकेला देख पड़ोसी व्यक्ति अपने दो साथियों सहित उसके घर में घुस गया। शोर मचाने पर एक दूसरा पड़ोसी बचाने के लिए दौड़ा तो उस पर फायर कर दिया। पीड़िता ने घटना की सूचना कोतवाली में दी। हालांकि पुलिस ने अभी तक इस मामले की तहरीर दर्ज नहीं की है।

# ई-रिक्शा पलटा, 4 बच्चे हुए घायल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- ई-रिक्शा में बैठाकर ढोए जा रहे स्कूली बच्चे

**अमृत विचार।** ई-रिक्शा सवार एक स्कूल के बच्चों को एक पिकअप ने टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा सवार चार बच्चे घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।

गौरतलब है कि कस्बे में धड़ल्ले से ई-रिक्शा में स्कूली बच्चे ढोये जा रहे हैं। जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों पर खतरा मंडराता है। सोमवार को फरसौलिया मोहल्ले में स्कूली बच्चों से भरे एक रिक्शा को एक पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा में सवार मोहम्मद अर्श अहमद पुत्र मुवीन उसका भाई मुसाक अहमद समेत चार बच्चे घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पिकअप को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल बच्चों को सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी के अधीक्षक डा. अखिलेश ने बताया बच्चों को मामूली चोटें आईं हैं। इलाज कर घर भेज दिया गया है।

घायल अर्श। घायल मुसाक अहमद

शोभायात्रा में शामिल राम दरबार की झांकी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### खाटू श्याम के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर निकली शोभायात्रा

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बे में खाटू श्याम के भक्तों द्वारा खाटू श्याम के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे बैंड बाजे व डीजे की धुन पर भक्त थिरकते हुए चल रहे थे। महिलाओं व पुरुषों द्वारा खाटू श्याम के जयकारे लगाए गए। खाटू श्याम के भक्तों द्वारा कस्बे में शोभायात्रा का आयोजन उनके के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर धूमधाम से किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की मनमोहक झांकियां सजाई गई। भक्त गण डीजे व बाजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे और खाटू श्याम के जयकारे लगा रहे थे। शोभायात्रा मुख्य बाजार से प्रारंभ होकर लालमन पुलिया से बेरी तिराहा बस स्टैंड होते हुए थाने, नगर पंचायत से होकर भौली रोड होते हुए बाजार में संपन्न हुई। इसके बाद भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रवि गुप्ता, अवधेश गुप्ता, विष्णु गुप्ता, विभम गुप्ता, सहित खाटू श्याम भक्त मौजूद रहे।

### चबूतरा बढ़ाने को लेकर हुई मारपीट में मां बेटी घायल

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के पुरवा मोहाल चबूतरा बढ़ाने को लेकर पड़ोसियों से विवाद में मारपीट हो गई। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर दी है। पुरवा निवासी किरण कुमारी पत्नी वरदानी लाल वर्मा ने दी तहरीर में बताया कि दोपहर में भैंस चराने खेत में गई थी, घर में पुत्री कंचन के होने पर पड़ोसी संपत से चबूतरा के बढ़ाने का उलाहना देने लगी। तभी गया प्रसाद उसकी पत्नी सुशीला, भवानीदीन उसकी पत्नी बुरी ने पुत्री कंचन के साथ अभद्रता कर मारपीट की। ईंट पत्थर से वार कर गंभीर चोट पहुंचाई।

**सौंपा ज्ञापन** एक दिन एक शिफ्ट में परीक्षा कराने की मांग की

# प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर अभ्यर्थियों में रोष

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** यूपी पीसीएस एवं आरओ, एआरओ एग्जाम को लेकर अभ्यर्थियों में रोष है। अभ्यर्थियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने इस भर्ती परीक्षा को एक दिन एक शिफ्ट में कराने की मांग की है।

सोमवार को दिए ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने जनवरी में उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज का नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसकी परीक्षा मार्च माह में लंबित थी, जिसको फिर अक्टूबर माह के लिए टाल दिया गया। इसके बाद आयोग की एक और परीक्षा समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी 11 फरवरी को आयोजित की गई, परन्तु पेपर लीक होने की वजह से इसे निरस्त कर दिया गया। इन दोनों परीक्षाओं को अक्टूबर माह में आयोजित करने के लिए प्रस्तावित किया था। फिर अचानक आरओ एआरओ को दिसंबर माह में कराने की घोषणा की जाती है। इसके साथ ही छात्रों को दो शिफ्ट में पेपर करने के लिए कहा गया, जिससे छात्रों में आक्रोश है। बताया कि दो शिफ्ट में पेपर होने से नॉर्मलाइजेशन होगा जिसके कारण अच्छे छात्रों को भुगतना होगा, अर्थात एक दो शिफ्ट में पेपर होने की वजह से एक शिफ्ट में सरल एक शिफ्ट में कठिन प्रश्न होंगे, जिसके कारण आयोग नॉर्मलाइजेशन करने का काम करेगा। जिससे छात्रों के छंटने की संभावना रहेगी, साथ ही साथ भ्रष्टाचार बढ़ेगा। उन्होंने दोनों पेपर एक दिन में एक शिफ्ट करने की मांग की है। इस दौरान रामजीवन कर्णधार, आशीष कुमार, गौरव तिवारी, राहुल राय, प्रजीत सचान, संदीप कुमार वर्मा, स्वप्निल सोनी, दानिश कुलदीप अहिरवार साकेत आदि मौजूद थे।

ज्ञापन देने जाते अभ्यर्थी।

# दो सप्ताह बाद तालाब से फिर निकला मगरमच्छ

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गांव में दो सप्ताह पहले तालाब में मगरमच्छ दिखने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम नाव के जरिए ढूंढते रही, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगने पर वापस खाली हाथ लौट गई। इधर दो सप्ताह बाद एक बार फिर से मगरमच्छ तालाब में दिखा तो हड़कंप मच गया। मगरमच्छ की तस्वीर भी खींच कर वन विभाग को भेजी है।

बताते चलें कि पौथिया गांव स्थित चारागाह के बगल में भारी भरकम तालाब है। करीब दो सप्ताह पूर्व इसमें मगरमच्छ दिखने से मोहल्ले के लोगों दहशत फैल गई थी। इसकी सूचना वन विभाग को दी थी गई थी। जिस पर वन विभाग के दरोगा जीतेंद्र सिंह अपनी टीम सहित दो दिन तक नाव व जाल के जरिए मगरमच्छ को तलाशते रहे। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। जिस पर टीम खाली हाथ लौट गई। दो सप्ताह बाद सोमवार को फिर से तालाब किनारे मगरमच्छ दिखाई दिया। जिससे एक बार फिर से मोहल्ले के लोगों में हड़कंप मच गया। मोहल्ले के लोगों ने मगरमच्छ का फोटो खींच कर वायरल किया है। मोहल्ला निवासी देवीदीन, राकेश, पप्पू आदि लोगों ने बताया कि बीते दिनों बेतवा नदी में आई बाढ़ में मगरमच्छ आया होगा। लोगों ने वन विभाग से मगरमच्छ पकड़ने की मांग की है।

तालाब किनारे भीट में बैठा मगरमच्छ।

# खुदी सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराएं

## मंडलायुक्त ने प्रभारी मंत्री की प्राथमिकता वाले कामों की समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से कहा कि जल जीवन मिशन के तहत खुदी सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि इसका सत्यापन भी कराएं।

कमिश्नर ने जिला प्रभारी मंत्री के विकास कार्यों संबंधी निर्देशों के तहत विभागों द्वारा किए गए कामों की सोमवार को समीक्षा की। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त पुष्पेंद्र सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर मौजूद रहीं। कमिश्नर ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि अनुपालन आख्या का स्थलीय सत्यापन करें। उन्होंने इस बात पर रोष जताया कि विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों में जिले की रैंकिंग खराब हो गई है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसमें सुधार कराएं। आगाह किया कि अगली बैठक में जिस विभाग की रैंकिंग ठीक नहीं रहेगी, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

विकास कार्यों की समीक्षा करते कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी। अमृत विचार

मंडलायुक्त ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को निर्देशित किया कि रोड पर गड्ढे न रहना चाहिए। जहां ब्रेकर की आवश्यकता है, वहां बनाएं। एआरटीओ को समय-समय पर वाहनों की चेकिंग के निर्देश दिए। डीआईजी ने एसडीएम को मानिकपुर में निकलने वाली खाटू श्याम शोभायात्रा को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। डीआईजी ने कहा कि 15 नवंबर को 84 कोसी यात्रा चित्रकूट से अयोध्या तक होते हुए जाएगी।

अधिकारी रूट की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। बैठक में उप चुनाव, कार्तिक माह मेला को लेकर भी निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, सीवीओ डा. सुभाष चंद्र, एक्सईएन लोक निर्माण खंड प्रांतीय संतोष कुमार सिंह, डीआईओएस संतोष कुमार सिंह मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### राजापुर के मेले की व्यवस्थाएं दुरुस्त हों

डीआईजी ने राजापुर में तुलसी स्मारक स्थल पर एक महीने तक चलने वाले मेले के बारे में भी पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी व उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि इसमें सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने मड़ैयन में लगने वाले भैरव बाबा मेले को लेकर निर्देश दिए।

### कार्रवाई के दिए निर्देश

मंडलायुक्त ने सीएम डैशबोर्ड में विभिन्न विभागों की स्थिति की भी समीक्षा की। ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) में स्थिति ठीक न पाए जाने पर जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई करें।

## कमिश्नर ने गांव में लगाई चौपाल जानीं दिक्कतें

**चित्रकूट।** मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने कर्वी विकास खंड की ग्राम पंचायत गोंडा में चौपाल में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मंडलायुक्त ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। पीएम सूर्यघर योजना, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि आदि की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगली बार सभी धरातल पर दिखने चाहिए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर मौजूद रहीं। सीडीओ ने कहा कि जो जन चौपाल के दौरान विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ दिलाए जाने के लिए, निर्देशों का पालन संबंधित विभागों से कराया जाएगा। इसके पूर्व मंडलायुक्त ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पंप हाउस का निरीक्षण किया। ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और हर घर जल नल योजना के तहत जलापूर्ति की जानकारी की। संचालन डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने किया। इस मौके पर संयुक्त विकास आयुक्त पुष्पेंद्र सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

सम्मेलन में मौजूद संस्कृत शिक्षक। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री को बताएंगे समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रदेश के संस्कृत माध्यमिक शिक्षकों की संस्कृत शिक्षक सम्मेलन में तय किया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलेगा और अपनी समस्याएं बताकर समाधान का अनुरोध करेगा। बीते दिन श्री जयदेव वैष्णव संस्कृत महाविद्यालय में हुए सम्मेलन का समापन हो गया।

- **सम्मेलन का समापन, बनाई संघर्ष की रणनीति**

इसमें प्रदेश के सभी जिलों से मानदेय शिक्षक पहुंचे। सम्मेलन की शुरुआत स्वस्तिवाचन के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से की गई। शिक्षकों ने बताया कि संस्कृत विद्यालयों में अल्प मानदेय में पढ़ा रहे हैं। अन्य विद्यालयों में संविदा शिक्षकों का वेतन भी उनसे अधिक है। कम मानदेय में जीवन निर्वाह करना बड़ी चुनौती है। तय किया माध्यमिक विद्यालयों के समकक्ष मानदेय एवं विनियमितीकरण के लिए प्रदेश स्तर पर रणनीति तय की जाएगी। मुख्यमंत्री से मांग की कि मानदेय शिक्षकों की वेतन वृद्धि व विनियमितीकरण पर विचार किया जाए, जिससे सैकड़ों परिवारों का भला हो सके।

## एक नजर

### रेलवे लाइन के किनारे मिला युवक का शव

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** कटैया डांडी से डभौरा के बीच रेलवे लाइन के किनारे एक युवक का शव पड़ा देख स्टेशन से पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को लगभग 26 वर्षीय युवक के पैंट की जेब से डभौरा से गाजियाबाद जाने का टिकट मिला। इसके साथ ही उसका मोबाइल स्विच आफ था। युवक के पूरे शरीर पर चोटों के निशान थे। पुलिस ने युवक की शिनाख्त विकास मिश्रा पुत्र राजेंद्र मिश्रा निवासी ग्राम जनकहाई थाना जवा जिला रीवा (मध्य प्रदेश) के रूप में की।

### कर्मचारी के निधन पर शोकसभा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के यांत्रिक इकाई में सहयोगी पद पर कार्यरत रहे भगवान दास के आकस्मिक निधन पर सोमवार को प्रशासनिक भवन में शोकसभा हुई। इस मौके पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### श्रीश्याम जन्मोत्सव का तृतीय भंडारा कल

**ककोर, औरैया।** औद्योगिक नगर दिबियापुर में कल श्री श्याम जन्मोत्सव पर तीसरे विशाल भंडारे का आयोजन होगा। भक्त 11 किलो का केक काटकर प्रसाद वितरण करेंगे। इसके बाद ढोल नगाड़े बजाते हुए बाबा के जन्मोत्सव भक्त नृत्य करेंगे। बाद में बाबा को भक्तों द्वारा छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। बाद में शाम 4 बजे से विशाल भंडारा सेंट्रल बैंक गली के पीछे होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक दिलीप यादव ने बताया प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी बाबा के भक्तों को बाबा का जन्मदिन मनाने का अवसर मिल रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलीप यादव, प्रशांत गुप्ता, शक्ति, अमित यादव, बंटी, आशीष यादव, लवली, प्रियेष तिवारी, नंदलाल बेहतर सहयोग कर रहे हैं।

# समस्याओं का समाधान न हुआ तो आंदोलन करेंगे सेवानिवृत्त शिक्षक

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन के प्रादेशिक अधिवेशन का सोमवार को समापन हो गया। इस मौके पर सबने एकमत होकर तय किया कि अगर उनकी समस्याएं न निपटीं तो वे आंदोलन का रास्ता अख्तयार करेंगे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय ने समापन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के कुलपति श्री देवरा आयुष ग्राम चिकित्सालय चित्रकूट के संस्थापक डा0 मदनगोपाल बाजपेई, एसपी चित्रकूट डा. अरुण कुमार सिंह, अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी मंचासीन रहे।

समापन समारोह में विभिन्न जनपदों के लगभग 400 सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को पूर्व संस्थापक अध्यक्ष महेश्वर पांडेय व पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक हरिनारायण सिंह स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि सरकार बुजुर्ग शिक्षकों के प्रति संवेदनहीन है। रिटायरमेंट के बाद शिक्षक समस्याओं से जूझ रहे हैं। सरकार ने इनका निस्तारण न किया तो 15 दिसंबर के बाद प्रदेश भर के शिक्षक शिक्षा निदेशक कार्यालय में धरना प्रदर्शन के लिये बाध्य हो जाएंगे। कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि शिक्षा ही किसी देश व राष्ट्र की उन्नति का आधार होती है। इसमें शिक्षकों की भूमिका अहम है। यहां तो अनुभवी शिक्षकों का संगम है। सरकार अनुभवी शिक्षकों के अनुभव का इस्तेमाल करके शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने का काम कर सकती है। डा. मदनगोपाल बाजपेई ने अपने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से बुजुर्ग शिक्षकों को स्वस्थ रहने के गुर दिए। छत्तीसगढ़ के कुलपति देवरा ने कहा कि यूपी एक विकासशील राज्य है। यहां का शैक्षिक उन्नयन शिक्षकों के कंधों पर है। सरकार शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता दिखाए तो निश्चित रूप से शिक्षा में गुणात्मक सुधार आ सकता है। पुलिस अधीक्षक डा. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पिता की पुण्यस्मृति में किए प्रादेशिक अधिवेशन के लिए आयोजकों का आभार जताया। अतिथियों को प्रदेश अध्यक्ष, प्रधान संयोजक रमेश चंद्र सिंह, महामंत्री राजकुमार बाजपेई, कोषाध्यक्ष रामजपित सिंह, जिलाध्यक्ष प्रतापनारायण श्रीवास्तव ने स्मृति सम्मान, अंगवस्त्रम् और भगवान कामतानाथ का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन में अहम भूमिका निभाने वाले स्थानीय शिक्षकों, पुलिस अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, भोजन व्यवस्थापक शिवम गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। महामंत्री ने राज्य व केंद्र सरकार से की जाने वाली मांगों संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्माति से पारित किया गया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त हों या कार्यरत शिक्षक, सभी शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के दंश से ग्रसित हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा विभाग में अव्यवस्थाओं के कारण सेवानिवृत्त शिक्षक शिक्षिकाएं अपनी पेंशन व पारिवारिक पेंशन के लिये उम्र के अंतिम पड़ाव पर विभागीय कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं । इस पर सरकार का उन्होंने ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रम में केके माथुर, हनुमान प्रसाद शुक्ला, निर्मलेंद्र पांडेय, बीके त्रिपाठी, रामदीन वर्मा, रामसखा माउले, जगदीश पाण्डेय ,शिवप्रसाद गुप्ता, ध्रव जी गुप्ता, भगवान शंकर त्रिवेदी, नंद कुमार मिश्र, ओम प्रकाश त्रिपाठी, मनोरमा अवस्थी, इंद्रा अवस्थी, मधु त्रिपाठी, कलावती मौर्या, सरोज सिंह, गीता अवस्थी, लालपति, गौरा, उमा, शकुना, किरन, सुमनलता, राजेश दीक्षित, बीएम अवस्थी, सीपी अवस्थी, सुरेन्द्र नाथ शुक्ल, देवकुमार सिंह, केके शर्मा, रमाशंकर वर्मा, बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली, ज्ञान प्रकाश मिश्र, विद्याशंकर शुक्ल, बाबूराम शर्मा, राधाकृष्ण शुक्ला, डा. दयानंद शुक्ल, देवकी स्वरूप, कौशल किशोर चतुर्वेदी, अरविंद उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, डा. मनोज कुमार पांडेय, डा. सचींद्र उपाध्याय, आलोक कुमार पांडेय, धीरेंद्र मिश्रा, सीओ राजकमल मौजूद रहे।

दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते मुख्य अतिथि कुलपति प्रो . शिशिर पांडेय व अन्य अतिथि। अमृत विचार

- **अवकाश प्राप्त शिक्षकों का प्रादेशिक अधिवेशन संपंन**
- **सरकारों की उपेक्षा को लेकर सेवानिवृत्त शिक्षकों में टीस**

## पत्नी को लेने ससुराल आये पति ने फंदा लगाकर दी जान

**अयाना (औरैया)।** थाना क्षेत्र के अनुरुद्धनगर स्थित ससुराल से पत्नी को लेने आए युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। दरवाजा न खुलने पर ससुरालीजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

अजीतमल कोतवाली के ब्यौरा गोपालपुर निवासी रामप्रसाद निषाद का बेटा अंशुल (26) अनुरुद्धनगर निवासी रामबक्श की बेटी पूजा को लेने ससुराल आया था। बताया कि अंशुल और पूजा में अनबन के चलते एक साल से वह मायके में थी। चार माह पहले उसने मायके में ही बेटी को जन्म दिया। सोमवार को अंशुल अपनी पत्नी को लेने ससुराल आया था। यहां उसने पत्नी से बातचीत होने के बाद कमरे में जाकर छत के कुंडे पर दुपट्टे से फांसी लगा ली। परिजनों ने कमरे में झांक कर देखा तो अंशुल का शव छत के कुंडे में दुपट्टे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंचे सीओ अजीतमल अशोक कुमार व थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने शव को फंदे से उतरवाकर जांच शुरू की।

## लूट का आरोपी हुआ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** सरधुआ पुलिस ने लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि 24 सितंबर को तिलक द्विवेदी निवासी रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पहाड़ी से घर लौटते समय नहरा कुम्हर गढ़वा तिराहा के पास कार में बैठे चार लोगों ने उसके साथ बाइक पर बैठे माताबदल पुत्र शिवलाल निवासी रामपुर को भी मारापीटा। उसने कुमकुम उर्फ अखिलेश पुत्र राधाकृष्ण, अभिलाष उर्फ राजा, अरविंद पुत्र भुल्लू, जितेंद्र उर्फ खूंटी पुत्र रामभवन निवासी ग्राम नहरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। रुपये निकाल लिए एवं सोने की चेन उतार ली। एसआई मुन्नीलाल ने कुमकुम उर्फ अखिलेश उपाध्याय को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी अतुल मिश्रा, नरेंद्र कुशवाहा, शक्ति सिंह और नेहा अहिरवार शामिल रहीं।

# आज मनाई जाएगी संत नामदेव जयंती

सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र स्थित नामदेव धर्मशाला में मंगलवार को धूमधाम से संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती मनाई जाएगी। यह जानकारी धर्मशाला के प्रबंधक राकेश नामदेव व अध्यक्ष अशोक कुमार नामदेव ने दी।

दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 12 नवंबर को देवोत्थानी एकादशी के अवसर पर नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला परिक्रमा मार्ग बरहा हनुमान जी मंदिर के सामने खोही में संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरीशंकर नामदेव इंजीनियर दिल्ली व विशिष्ट अतिथि के रूप में चित्रकूट इंटर कालेज के प्रवक्ता राजेश्वर नामदेव, तहसीलदार ललितपुर रमेश चंद्र नामदेव, पूर्व शाखा प्रबंधक आर्यावर्त बैंक राम जनार्दन नामदेव और पूर्व चिकित्साधिकारी डा. जेपी नामदेव रहेंगे। वहीं कार्यक्रम में सुबह हवन पूजन के पश्चात जग्गी एंड पार्टी द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

अशोक नामदेव।

## सार-संक्षेप

### ईश्वर को जानने का सुगम मार्गदर्शन कराती है भागवत

**रामनगर।** कथा महोत्सव के तत्वाधान में ग्राम पंचायत छीबों में आयोजित सप्त दिवसीय संगीत मयी श्री मद भागवत कथा में जोधपुर से पधारे कथा व्यास रामकृष्ण मिश्रा ने महावीर प्रसाद केशरवानी को कथा परीक्षित बनाकर श्री मदभागवत महापुराण की पावन अमृत मयी कथा का रसपान विगत दिनों से करा रहे हैं कथा के तीसरे दिन की कथा के अनुक्रम में कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण के पावन चरित्र का निरुपण करते हुए बताया कि भगवान तो सदा से भक्त के प्रेम के भूखे रहे हैं उन्हें केवल भक्ति के माध्यम से ही उनकी अहैतुकी कृपा को पाया जा सकता है अन्य कोई उपाय धर्म शास्त्रों ने भी नहीं बताया है कथा व्यास ने पांडवो के वंशज के प्रतापी राजाओं के चरित्र को भी संक्षिप्त रूप से परिभाषित किया साथ ही भगवान श्री कृष्ण के पावन चरित्र का वर्णन किया इस संगीत मयी कथा में गायक कलाकार अपने सुमधुर भजनों से उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर रहे हैं इस संगीत मयी कथा की व्यवस्था समाजसेवी अशोक, मनोज विनोद केशरवानी कर रहे हैं इस दौरान इस अमृत मयी मनोहारी कथा का रसपान करने में तमाम गांव के लोग उपस्थित रहे।

कथा वाचक रामकृष्ण।

### घायल दुकानदार की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

**रामनगर (चित्रकूट)।** मारपीट से घायल दुकानदार की इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपियों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर उदासीनता से नाराज परिजनों ने सोमवार को मैकी मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर परिजन माने और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी के अनुसार रोहिणी कोटार्य (45) पुत्र शिवशरण घर के पास मैकी मोड़ पर छोटी सी दुकान चलाकर गुजारा करता था। परिजनों ने बताया कि कुछ माह पहले उसकी कुछ युवकों से किसी बात पर मारपीट हो गई थी। गंभीर रूप से घायल रोहिणी को प्रयागराज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस पर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई न करने से आहत परिजनों के साथ गांववालों ने सोमवार की शाम मैकी मोंड देउंधा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिया। इससे लगभग घंटे भर आवागमन बाधित रहा। सूचना पर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर भरोसा दिलाया कि आरोपियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। तब जाकर आवागमन सुचारु हो सका। इस संबंध में रैपुरा एसओ श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि युवक से जुलाई में मारपीट हुई थी।

खेलकूद | स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता का समापन

# खेलकूद में छात्राओं का दिखा उत्साह, दिखाई प्रतिभा

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं के साथ अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वाधान में सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में बालिकाओं की दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन हुआ। लूडो, शतरंज एवं लान टेनिस में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बहुमुखी प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में चित्रकूट इंटर कालेज, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज, स्पोर्ट्स स्टेडियम, सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल, सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आईजी स्टांप रामसुंदर यादव ने विजेताओं को पुरस्कार दिए। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार ने किया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में फिरोज अंसारी, अंगद सिंह, अख्तर हुसैन आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**प्रतियोगिता के परिणाम:** लूडो में गरिमा सिंह प्रथम और सीता देवी दूसरे स्थान पर रही। शतरंज में सोनाली देवी अव्वल रही। ऋतंभरा दूसरे स्थान पर रही। लान टेनिस में अदिति प्रथम वसुंधरा द्वितीय स्थान पर रही।

# खेलकूद सामान की नहीं होगी दिक्कत

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने बच्चों को आश्वस्त किया कि बच्चों को खेलकूद के सामान की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

पंडित पुरुषोत्तम इंटर कॉलेज मऊ में विधायक के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्र और जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। बीएसए बीके शर्मा ने निष्पक्षता से योग्य खिलाड़ियों का चयन करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई। गत वर्ष की चैंपियन छात्रा पुष्पा पाल ने मशाल लेकर खेल मैदान की परिक्रमा की। खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर बीईओ केडी पांडेय, मिथलेश कुमार, राजेश कुमार, नागेश्वर प्रसाद सिंह व अतुल दत्त तिवारी के अलावा जिला व्यायाम शिक्षक दयानंद सिंह व्यायाम शिक्षक, टीम प्रभारी, खेल अनुदेशक, प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग, मंत्री नारायण सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विजय पांडेय आदि मौजूद रहे। संचालन अरुण श्रीवास्तव, साकेत बिहारी शुक्ल और रामबाबू पाल ने किया ।

बच्चों की हौसलाफजाई करते विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी। अमृत विचार

- **जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में दिया आश्वासन**

## एसटीएफ का कर्मचारी बताकर की लूटपाट

**चित्रकूट।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के कर्मचारी बताकर कुछ लोगों ने एक युवक के साथ लूटपाट की। मारापीटा और परिजनों से फिरौती की मांग की।

सेमरिया जगन्नाथवासी सुलेमान शेख ने बताया कि 10 नवंबर की सुबह वह बाइक से तिंदवारी (बांदा) जा रहा था। रैपुरवा के पास चारपहिया वाहन सवार लोगों ने उसे रोका और खुद को एसटीएफ की पुलिस बताते हुए बाइक से उतारकर वाहन में बैठा लिया। उसका कहना है कि इन लोगों ने उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी। मोबाइल, रुपये छीन लिए। फोन पे से वाहन में पेट्रोल भी भरवाया और शराब खरीदी। बुरी तरह पीटते हुए तिंदवारी में एक ढाबे में ले गए और उसके मोबाइल से भाई रोशन अली के मोबाइल पर फोन किया और दस लाख की फिरौती मांगी। उसके बेटे लल्लू ने इसकी सूचना सीतापुर चौकी में दी। आरोपी उसके परिजनों को हत्या कर सड़क पर फेंकने की धमकी देते रहे। किसी तरह वह भाग निकला और एक व्यक्ति के मोबाइल से भाई को फोन किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तीर धुमाई गंगू विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

**निविदा सूचना**

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत तीर धुमाई गंगू में राज्य वित्त 15वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। दिनांक–12/11/2024से 15/11/2024 तक

| क्र0 | कार्य | निर्माण लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत तीर धुमाई गंगू में स्थित गौशाला में बाएं साइड व पीछे साइड बाउंड्री निर्माण | 349040 | 6850 | 500 |

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**
ग्राम पंचायत तीर धुमाई गंगू विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

# पालिका ने हटवाया अतिक्रमण

## अतिक्रमण दस्ते को देखकर दुकानदार स्वयं सामान हटाने में जुटे, दी गई चेतावनी

कार्यालय संवाददाता महोबा

सड़क से अतिक्रमण हटवाती टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर शहर में नाला नालियों और सड़क किनारे बनी पटरियों पर अवैध कब्जों को हटाने के लिए पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अभियान से दुकानदारों और अतिक्रमणकर्ताओं में खलबली मच गई। अतिक्रमण दस्ता को देखकर दुकानदार आनन फानन में दुकानों के बाहर टीन टप्पर और गुमटियां लगाकर किए गए कब्जे को हटाने में जुट गए।

नगर पालिका परिषद महोबा अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार के आदेश पर अधीक्षक कर हरिश्चंद्र यादव के निर्देशन में पालिका कर्मियों के सहयोग से नगर के आल्हा चौक से अशोक चौक तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान दौरान अतिक्रमण दस्ता द्वारा पटरियों और नाला नालियो के ऊपर किए गए अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का सामान हटवाया गया साथ ही दुकानदारों को एक बार फिर स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई, जिसके चलते कुछ दुकानदार अतिक्रमण हटाने में जुटे रहे, जबकि कुछ दुकानदारों द्वारा चेतवनी के बाद भी अतिक्रमण न हटाने पर नगर पालिका कर्मियों द्वारा अवैध कब्जों को हटाया गया।

दुकानदारों ने अतिक्रमण दस्ता को देखते ही अपने अपने सामान का दुकान इधर उधर हटाना शुरू कर दिया, लेकिन अतिक्रमण दस्ता के पहुंच जाने पर कर्मियों ने सामान को हटवाया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पालिका द्वारा समय समय पर अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा, जिससे सड़क किनारे और फुटपाथ पर अतिक्रमण न हो सके और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके अतिक्रमण अभियान दौरान प्रभारी सफाई भूपेंद्र कुमार, रामसेवक व पालिका कर्मचारियों के अलावा पुलिस कर्मचारी भी शामिल रहे। वहीं पुलिस व पालिका प्रशासन का कहना है कि अगर फिर से अतिक्रमण किया तो कार्रवाई होगी।

## जहर खाकर ग्रामीण ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**महोबा।** कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम बेलाताल में एक ग्रामीण् ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली ग्रामीण की मौत से मृतक के घर पर कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

ग्राम बेलाताल निवासी परमलाल (40) पुत्र हरिदास घरपर अकेला था, तभी उसने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसने परिजनों को बात बताई। परिवार के लोग उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले गए, जहां पर हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल महोबा के लिए रेफर कर दिया, जहां पर डॉक्टर उनके उपचार के लिए जुट गये, लेकिन हालत अधिक नाजुक होने के कारण उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीण की मौत के बाद जिला अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या का कारण परिजन नहीं बता पा रहे हैं।

# अपर निदेशक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही प्रसव कराने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता महोबा

पीएचसी का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

- अकौना में आरोग्य मेले का अपर निदेशक स्वास्थ्य ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकौना में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में अपर निदेशक ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों को मिलने वाली दवाओं व उपचार की जानकारी ली। आरोग्य मेले में सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी, जहां पर पहले मरीजों का पंजीयन कराया गया, इसके बाद उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

आकौना में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के समय अपर निदेशक रेखारानी व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशाराम ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान लेबर रूम, औषधि वितरण कक्ष, ओपीडी के साथ उपस्थिति रजिस्टर को भी देखा। जहां पर डॉक्टरों की उपस्थिति भी देखी इसके बाद हर्बल गार्डन अस्पताल का परिसर निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र से मिलने वाली निःशुल्क दवाओ के बारे में मरीजों से जानकारी ली साथ ही साफ सफाई देख मुख्य चिकित्साधिकारी ने सराहना की।

अपर निदेशक ने चिकित्साधीक्षक को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं के प्रसव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही कराएं। सीएचसी पर ले जाने की जरुरत नहीं है। उन्होंने एएनएम शकीला बानो निर्धारित तिथि पर अपने केंद्र पर टीकाकरण कराने और सोमवार को गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस को प्रत्येक माह की 1,9,16,24 तिथि को सीएचसी में निःशुल्क अल्ट्रासाउड का लाभ दिलाएं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक न होने तथा फार्मासिस्ट द्वारा मरीजों को उपचार देने की जानकारी पर उन्होंने सीएमओ को शीघ्र डॉक्टर की नियुक्ति करने के निर्देश दिए।

# पं. जगप्रसाद का फर्रुखाबाद में हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता महोबा

कार्यक्रम में सम्मानित होते संगीताचार्य पं. जगप्रसाद तिवारी।

- कला साधनक संगम कार्यक्रम में संगीताचार्य ने लोक गायन प्रस्तुत कर दर्शकों का मोहा मन

**अमृत विचार।** संस्कार भारती के तत्वावधान में आयोजित कला साधनक संगम कार्यक्रम में संस्कृति एवं जनजाति संस्थान के सदस्य पं. जगप्रसाद तिवारी ने लोक गायन की प्रस्तुति देकर महोबा और संपूर्ण बुंदेलखंड का नाम रोशन किया है। बेहतरीन लोक प्रस्तुति के लिए संगीताचार्य को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर फर्रुखाबाद से लौटे संगीताचार्य ने यह जानकारी दी।

संगीताचार्य ने अपने गायन में समसामयिक कर्तिक गीत लगत वृंदावन नीको आली मोये लगत वृंदावन नीको, घर घर तुलसी ठाकुर पूजा भोग लगे मिसरी को सुनाया। इसके बाद उन्होंने विरहा गीत प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज मिले सजनन में मोखां हुत दिनन में, जिसे खूब सराहा गया। इसके बाद उनके द्वारा अन्य लोक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोक गायन और गीत आम जनता का संगीत है।

कला साधनक संगम कार्यक्रम के मौके पर संस्कार भारती के पं. विनोद कुमार द्विवेदी एवं संस्कार भारती फर्रूखाबाद जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता ने संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी को स्मृति चिह्न तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश के 300 संगीतज्ञ कलाकार तथा संस्कार भारतीय के प्रांतीय महामत्री सुरेंद्र पांडेय सहित तमाम राजनीतिक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद मुकेश राजपूत ने किया।

# ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

कार्यालय संवाददाता महोबा

- भाई ने क्रशर मैनेजर व मुनीम पर लगाया हत्या का आरोप
- तहरीर मिलने के बाद कबरई पुलिस मामले की जांच में जुटी

**अमृत विचार।** थाना कबरई के ग्राम गंज में गिट्टी लेने आए एक ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए एक क्रशर के मुनीम और मैनेजर के खिलाफ थाना कबरई में तहरीर दे दी है पुलिस तहरीर मिलने के बाद जांच पड़ताल में जुड़ गई है, और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जनपद फतेहपुर के हथगांव निवासी धीरेंद्र सिंह 33 पुत्र राम सिंह पत्थर मंडी गंज में ट्रक से गिट्टी लेने आया था। रविवार की रात को उसका शव क्रशर के नजदीक पड़ा मिला। पुलिस ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। घटना स्थल पर पहुंचे मृतक के भाई कल्लू ने भाई की ट्रक से कुचल कर हत्या किए जाने का एक क्रशर के मुनीम और मैनेजर पर आरोप लगाते हुए थाना कबरई में तहरीर दे दी है। तहरीर में बताया कि घटना से पहले धीरेंद्र का क्रशर के मुनीम और मैनेजर से विवाद भी हुआ था यह बात उसके भाई ने कल्लू से मोबाइल पर बताई थी और सोमवार को सुबह भाई की मौत की खबर मिलते ही कल्लू घटना स्थल पर पहुंचा और उसने तहरीर देकर जांच पड़ताल किए जाने की मांग की है। जिससे घटना का खुलासा हो सके।

मृतक के भाई ने बताया कि उसका भाई धीरेंद्र सिंह आए दिन पत्थर मंडी कबरई और पत्थर मंडी गंज में गिट्टी लेने आता था लेकिन रविवार की शाम को उसका एक क्रशर के मुनीम और मैनेजर से विवाद हो गया था जिससे उसका भाई काफी गुस्से में था और उसने इसकी जानकारी भी मोबाइल पर दी थी तहरीर मिलने के बाद पुलिस भी घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बाइकों की भिड़ंत में 1 बाइक चालक की, मौत दूसरा घायल

- पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जांच पड़ताल शुरू की

महोबा। झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में हरपालपुर के पास दो बाइकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो जाने से एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक का बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी में भर्ती कराया गया। बाइक चालक की मौत के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि एक बाइक के परखचे उड़ गए। जनपद हमीरपुर के थाना जलालपुर क्षेत्र के ग्राम पुरैनी निवासी शिवेंद्र राजपूत 22 पुत्र प्रेम नारायण राजपूत रविवार की शाम को हरपालपुर से बाइक से लौटकर अपने गांव पुरैनी वापस जा रहा था। वह हरपालपुर के समीप पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार अल्लू की बाइक से टक्कर हो गई। जिससे थाना महोबकंठ के ग्राम बसरिया निवासी अल्लू और हमीरपुर जनपद के ग्राम पुरैनी निवासी शिवेंद्र राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी ले जाया गया, लेकिन शिवेंद्र की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल महोबा के लिए रेफर कर दिया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज झांसी भेज दिया गया। लेकिन हालत नाजुक होने के कारण शिवेंद्र की रास्ते में ही मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनों ने शिवेंद्र का पोस्टमार्टम करने के लिए शव को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के पिता ने आरोप लगाए की दूसरे बाइक चालक अल्लू ने उसे जोरदार टक्कर मारी है।

# बच्चे से कुकर्म में अभियुक्त को 14 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** थाना मौदहा के एक गांव में 6 साल पहले नाबालिग बच्चे के साथ कुकर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्ति माला की अदालत ने अभियुक्त को 14 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 22 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौदहा कोतवाली के एक गांव में नौ अप्रैल 2018 को अभियुक्त रामसिंह पुत्र जगदीश खंगार के विरुद्ध बालक के साथ कुकर्म का मामला पंजीकृत किया गया था। जिसमें अभियुक्त बहला फुसलाकर कर पड़ोसी 11 वर्षीय बच्चे को बाइक से जंगल की तरफ ले गया था। जहां उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

इस मामले में सोमवार को न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट कोर्ट कीर्ति माला की अदालत ने अभियुक्त रामसिंह को दोषसिद्ध करते हुए 14 वर्ष के कठोर कारावास तथा 22 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# पुत्र को बचाने में मां को लगी गोली, घायल

कार्यालय संवाददाता महोबा

घायल महिला को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर जाते परिजन। अमृत विचार

- पुलिस ने गोली चलाने वाले आरोपी को हिरासत में लिया

**अमृत विचार।** थाना अजनर के ग्राम मवइया में भूमि विवाद को लेकर हुए विवाद में बेटे को बचाने पहुंची मां गोली लगने से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों की मदद से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले गई, जहां से डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। महिला को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू करते हुए मुख्य आरोपी को हिरासत में लिया।

ग्राम मवईया निवासी नरेंद्र यादव (24) ने पनी कृषि भूमि रणजीत यादव नाम के ग्रामीण को बेची थी और बकाया पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों के मध्य विवाद उत्पन्न हो गया, जिसे ग्रामीणों द्वारा समझा बुझाकर मामले को शांत कराया गया, लेकिन रविवार की रात इसी बात को लेकर एक बार फिर दोनों के बीच कहासुनी हो गई और देखते ही देखते रणजीत और नरेंद्र के बीच मारपीट शुरू हो गई। बेटे के साथ मारपीट देख नरेंद्र की मां पच्ची उसे बचाने के लिए जैसे ही मौके पर पहुंची तो रणजीत ने तमंचे से फायर कर दिया, जिससे गोली पच्ची को लग गई और वह घायल हो गई।

फायर होने की आवाज सुन आसपास के ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए और घायल महिला को देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में भर्ती कराया, जहां से डाक्टरों ने उसका मेडिकल परीक्षण करते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

वहीं पुलिस ने मुख्य आरोपी रणजीत को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सीओ कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार ने बताया कि गोलीकांड की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचा और घायल की अभी खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर ममले की जांच की जाएगी।

## सार-संक्षेप

सिकरी-कुंडौरा का अत्यंत खराब पड़ा मार्ग। अमृत विचार

### गड्ढों में बदला सिकरी कुंडौरा मार्ग

**पौथिया (हमीरपुर)।** सिकरी-कुंडौरा मार्ग लंबे समय से गड्ढों में तब्दील है। वहीं इस लिंक मार्ग की दोनों साइडों पर बड़े-बड़े कंटीले बिलायती बबूल के पेड़ खड़े हैं। सिकरी कुंडौरा मार्ग सहुरापुर व सिकरी गांव के लोगों के लिए हाईवे पर जाने के लिए एकदम सीधा है। दूरी कम होने से किसानों एवं व्यापारियों का आवागमन में समय बचता है। हाट बाजार मंडी, रेलवे स्टेशन जाने में यही मार्ग सुविधा जनक है। सिकरी ग्राम पंचायत सदस्य रामबाबू पाल ने बताया कि रामलीला मैदान से कुंडौरा की दूरी करीब पांच किलोमीटर है। यह लिंक मार्ग वर्षों पूर्व बनाया गया था। जो मौजूदा समय में सड़क जर्जर व गड्ढों में तब्दील है। ग्रामीण शिवशंकर दीक्षित, रमाशंकर दीक्षित, रामकिशोर, रामगोपाल, अरविंद वर्मा, रामप्रकाश ने बताया सड़क व पुलिया में बड़े बड़े खांचे व गड्ढे होने के कारण खेतों की जुताई बुवाई के लिए पौथिया से चक्कर काट कर खेतों में जाना पड़ता है, संदीप दीक्षित जयसिंह पाल, मुन्नीलाल कुशवाहा ने बताया कि कुछ दिन पहले सड़क की नाप जोख करने पीडब्लूडी के कर्मचारी आए थे। चर्चा है कि शासन द्वारा छह करोड़ तीन लाख रुपये सड़क बनने के लिए स्वीकृत हुए हैं। कंधी पाल, रमेश पाल रमाशंकर कुशवाहा, दरबारी पाल, सन्तोष दीक्षित, गंगाचरण श्रीवास आदि लोगों ने जिलाधिकारी घनश्याम मीणा से शीघ्र लिंक मार्ग सड़क बनाए जाने की मांग की है।

### देवगांव में विराट दंगल व रामलीला का आयोजन 14 से

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** देवगांव के मां कामाख्या देवी शक्तिपीठ में दो दिवसीय विशाल दंगल एवं रामलीला का आयोजन आगामी 14 व 15 नवंबर को होगा। मन्दिर के महंत स्वामी पतरिया महाराज ने बताया कि नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत मां कामाख्या देवी मंदिर प्रांगण में आगामी 14 व 15 नवंबर को विशाल दंगल एवं रामलीला का आयोजन होगा।इसमें अयोध्या धाम के हनुमान गढ़ी के महंत पहलवान संजय दास, पहलवान नागेंद्र दास,हनुमान धारा चित्रकूट के मुनेशदास त्यागी शामिल होंगे। ग्राम प्रधान जितेंद्र खरे ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर इसकी तैयारियां जोरों के साथ चल रही हैं।

### पशु चिकित्सकों की लापरवाही की शिकायत डीएम से

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ब्लाक प्रमुख ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पशु चिकित्सकों पर पशुओं के उपचार में लापरवाही का आरोप लगाकर जांच की मांग की है। ब्लाक प्रमुख जय नारायण सिंह यादव ने जिलाधिकारी घनश्याम मीना को भेजे शिकायती पत्र आरोप लगाया है कि यहां तैनात पशु चिकित्सक बीमार पशुओं के उपचार में घोर लापरवाही कर रहे हैं। महज एक दो इंजेक्शन लगाकर पशुओं को रामभरोसे छोड़ देते हैं। इससे पशुओं की मौत हो रही हैं और पशुपालक किसान परेशान है। ब्लाक प्रमुख पशु चिकित्सकों की इस लापरवाही की जांच की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया है कि पशु चिकित्सकों की मिलीभगत से क्षेत्र में प्राइवेट पशु चिकित्सकों की भरमार है। यह पशु चिकित्सक पशुपालकों के बीमार पशुओं का भारी भरकम इलाज करके किसानों पशुपालकों को लूट रहे हैं। पशु चिकित्साधिकारी डॉ.अंकुर सचान ने बताया की लापरवाही से उपचार के आरोप निराधार है। जानकारी होने पर बीमार पशुओं का समुचित उपचार किया जाता है।

**लापरवाही** मंडी में ट्रैक्टर, लोडर और टेंपो के फंस जाने के कारण लग जाता है जाम, सूपा गल्लामंडी में स्थानांतरित नहीं हो रही है नवीन गल्लामंडी

# गल्ला मंडी में जगह कम होने से परेशान हो रहे किसान

कार्यालय संवाददाता महोबा

जाम में फंसे वाहन और सिर पर खाद्यान्न लेकर बेचने जाते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए सूपा गल्लामंडी में नवीन गल्ला मंडी चरखारी बाईपास स्थानांतरित न किए जाने से व्यापारियों और किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता रहा है। चरखारी बाईपास रोड पर स्थित गल्ला मंडी छोटी पड़ जाने के कारण सैकड़ों किसान आढ़तियों की आढ़त तक अनाज से भरे ट्रैक्टर और अन्य वाहन नहीं ले जा पाते हैं। आगे लगे तमाम वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जिससे एक तरफ आढ़ती माल खरीदने के लिए परेशान रहते वहीं किसानों को मटर, मूंगफली ,तिल, लाही व अन्य खाद्यान्न सामग्री बेचने के लिए दिन दिन भर आगे लगे वाहनों को हटने का इंतजार करना पड़ता है, जिससे किसानों को पूरा दिन बर्बाद हो जाता है।

गौरतलब है कि बुंदेलखंड विशेष पैकेज के तहत बड़े भूभाग में महोबा कुलपहाड़ रोड पर सूपा गांव के समीप बनाई गई भारी भरकम गल्ला मंडी को चालू न किए जाने से किसानों को चरखारी बाईपास में स्थित पुरानी गल्लामंडी में मजबूरन खाद्यान्न बेचने जाना पड़ता है। करीब तीन दशक पहले बनाई गई इस गल्लामंडी में अब अनाज के अधिक वाहन बढ़ जाने और पैदावार में भी इजाफा होने के कारण मंडी के अंदर बाहर तमाम ट्रैक्टर व अन्य लोडर वाहन खड़े रहते हैं, जिससे महोबा से चरखारी कुलपहाड़ आने जाने वाले वाहनों को खाद्यान्न से भरे वाहनों के सड़क किनारे खड़े रहने से जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।

वहीं मंडी के गेट से लेकर अंदर तक कई कई लाइन में आड़े तिरछे वाहन खड़े होने से जाम लग जाता है, जिससे तमाम किसानों के वाहन मंडी के अंदर ही घंटों फंसे रहते हैं, जिसका खामियाजा दूर दराज के ग्रामीण अंचलों से आने वाले किसानों को भुगतना पड़ता है।

मंडी समिति के अंदर तमाम आढ़ती बड़ी बड़ी दुकानें किराए पर लिए हुए हैं, लेकिन आज कल चना मटर मसूर लाही की बुआई होने के कारण किसान मंडी में बीज के लिए खाद्यान्न लेकर पहुंच रहा है, वहीं दूसरी तरफ खरीफ फसल आने के बाद किसान मूंगफली, तिल, उर्द, मूंग लेकर मंडी में बेचने के लिए सुबह से ही लाइन पर लग जाता है, जिसके चलते मंडी समिति के अंदर और बाहर वाहनों की कतार लग जाती है। तमाम किसान दो दो घंटे तक खड़े रहने के बाद भी वाहन न आगे बढ़ पाने से वापस बैरंग वापस लौट जाते हैं।

### ट्रैक्टर फंसने से सिर पर रखकर किसानों ने बेचा खाद्यान्न

- ट्रैक्टरों में खाद्यान्न लेकर मंडी पहुंचे किसानों के वाहन आढ़त तक न पहुंच पाने से किसान घंटों परेशान रहे। कारण, आगे तक तमाम लोडर, ट्रैक्टर व अन्य वाहन फंसे होने के कारण खाद्यान्न लदे वाहन नहीं निकल पा रहे थे, जिससे परेशान तमाम किसानों ने अपने वाहनों में मटर, तिल, मूंगफली, चना, उर्द, मूंग की रखी बोरियां सिर और कंधों पर रखकर आढ़त तक आते जाते रहे, जिससे किसी तरह उनकी खाद्यान्न सामग्री की बिक्री हो सके।

### मंडी समिति में अव्यवस्थाओं का है बोलबाला

- गल्ली मंडी में सुबह से ट्रैक्टर, टेंपो, लोडर वाहनों में खाद्यान्न लादकर किसानों के पहुंचने से आढ़त तक पहुंचने में किसानों को खासी मशक्कत करनी पड़ती है, इसके बाद भी मंडी समिति के सचिव द्वारा मंडी के अंदर फैल रही अव्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जाते हैं, जिससे किसान खुद अपने वाहनों को आगे पीछे करके घंटों बाद निकाल पाते हैं।

### मंडी स्थानांतरण की वकीलों व व्यापारियों ने कई बार की मांग

- नवीन गल्लामंडी चरखारी बाईपास महोबा को सूपा मंडी में स्थानांतरित किए जाने को लेकर सब्जी विक्रेताओं और अधिवक्ताओं ने भी कई बार जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपे, लेकिन आज तक चरखारी बाईपास मंडी सूपा की बड़ी मंडी में स्थानांतरित नहीं की गई, जिसके चलते आए दिन मंडी में किसानों को सारा दिन फसल को बेचने में बर्बाद करना पड़ता है।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

## मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचर।** नंदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरी में अज्ञात कारणों के चलते महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

नंदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरी निवासी 21 वर्षीय उमा की शादी डेढ़ साल पहले रामहेत के साथ हुई थी, जो गांव में रहकर ही मजदूरी व किसानी करता था। रविवार की रात को विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब पति जागा और उसने पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो घर में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस महिला को नीचे उतारा और सीएचसी नंदीगांव भेजा भिजवाया, जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लिया और मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी। खबर मिलते ही मृतका के पिता भागीरथ सहित परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। मृतका के पिता भागीरथ का कहना है कि उसकी बेटी से लगातार दहेज में नकदी लाने का दबाव बनाया जा रहा था। जिसके चलते ससुरालियों ने उसकी हत्या कर दी और शव को फांसी के फंदे से लटका दिया। पुलिस का कहना है कि अभी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है, शिकायती पत्र मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### बैंक के कर्ज से परेशान किसान ने लगाई फांसी

उरई। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरौदा कला में किसान ने गले में फंदा डालकर फांसी लगा ली, जिसमें उसकी मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कैलिया के ग्राम बरौदा कला निवासी किसान रामकुमार शिवहरे के पास छह बीघा जमीन है, जो किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया गया कि 2-3 दिन से वह किसी बात को लेकर काफी परेशान चल रहा था। रविवार की शाम को वह खेत से घर लौटा और सभी लोगों के साथ खाना खाया और सोने चले गए। रात में किसान ने घर में जाल से गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब पत्नी उर्मिला जागी तो पति को फंदे पर लटका देखकर वह चीखने लगी। चीख पुकार सुनकर पुत्र अंकुश के अलावा आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि किसान छह बीघा जमीन में ही फसल करता था। उसने केसीसी की इंडियन बैंक कोंच से दो लाख का कर्ज भी ले रखा था। कर्ज न चुकाने के कारण वह परेशान रहता था। फिलहाल थानाध्यक्ष राजीव कुमार वैश्य ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और सभी बिंदुओं पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### विषाक्त पदार्थ के सेवन से पति-पत्नी बेहोश, हालत नाजुक

कालपी। नगर के 1 मोहल्ला निवासी 1 दंपति के विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से तबियत खराब हो गई, जिन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला मनीगंज में अमित पुत्र जयकरण अपने परिवार सहित रहता है, सोमवार को किसी बात को लेकर उसने व उसकी पत्नी अमृता ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। देखते ही देखते अमित तथा उसकी पत्नी की हालत बिगड़ने लगी। चिकित्सालय सूत्रों के अनुसार अमित तथा अमृता को बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी तथा चीफ फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार की देखरेख में दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## पिकअप में पीछे से भिड़ा ऑटो, 1 की मौत व 2 घायल

**कालपी।** सोमवार की दोपहर को राष्ट्रीय राजमार्ग में जोल्हूपुर मोड में ऑटो के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की वजह से गाड़ी में बैठी सवारियों में एक सवारी की मौत हो गई वहीं दो लोग घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार एक ऑटो सवारियां भरकर कालपी से जोल्हूपुर मोड़ की ओर जा रहा था। जोल्हूपुर मोड़ के नजदीक दोपहर में आगे जा रहे पिकअप वाहन के पीछे से ऑटो घुस गया। इस दुर्घटना के दौरान ऑटो में बैठी सवारियां घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने सवारियों को बाहर निकाला। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पेट्रोलिंग गाड़ी से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी लाया गया। चिकत्सालय में डॉक्टरों ने एक सवारी को मृत घोषित कर दिया गया। वही घायलों सुमित ओमरे 30 वर्ष तथा उसकी पत्नी बबली 28 वर्ष निवासी मोहल्ला रामगंज कालपी को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# लेखपालों ने ज्ञापन देकर जताया रोष

संवाददाता, जालौन उरई

एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन देते लेखपाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दो दिन पूर्व कोतवाली में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में मौजूद कोतवाल पर लेखपालों ने असंयमित भाषा शैली प्रयोग करने का आरोप लगाया है। कोतवाल के व्यवहार से आक्रोशित होकर लेखपालों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। लेखपालों ने कोतवाल द्वारा खेद व्यक्त करने की मांग की। अन्यथा की स्थिति में आगामी थाना समाधान दिवस का बहिष्कार करने की भी घोषणा की है।

दो दिन पूर्व शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाल वीरेंद्र कुमार की उपस्थिति में किया गया था। थाना समाधान दिवस में कुछ लेखपाल लगभग एक से डेढ़ घंटे की देरी से पहुंचे थे इससे नाराज होकर कोतवाल ने उनके साथ अमर्यादित व असंयमित भाषा का प्रयोग किया था। इतना ही नहीं लेखपालों के उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर भी नहीं करने दिए गए और वेतन कटवाने की धमकी दी गई। इसको लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष वैभव त्रिपाठी के नेतृत्व में लेखपाल अनिल कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, विवेक कुमार, हरेंद्र आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि लेखपालों की ड्यूटी मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगी हुई है। मतदाता पुनरीक्षण कार्य पूरा करने के बाद कुछ लेखपाल थाना समाधान दिवस में पहुंचे थे, जिससे उन्हें देर हो गई थी।

वहीं लेखपालों कहना है कि कोतवाल के अमर्यादित व्यवहार से उनमें रोष व्याप्त है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि कोतवाल अपने इस व्यवहार के लिए लेखपालों से खेद व्यक्त करें अन्यथा की स्थिति में आगामी थाना समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र के लेखपाल प्रतिभाग नहीं करेंगे। इस बाबत कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि उन्होंने किसी भी प्रकार की असंयमित या अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया है। थाना समाधान दिवस में कुछ शिकायती पत्र उन लेखपालों के क्षेत्र से आए थे जो मौजूद नहीं थे। लगभग एक घंटे तक जब वह थाना समाधान दिवस में नहीं पहुंचे तो उन्होंने इस बाबत उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ही संबंधित लेखपालों की अनुपस्थिति दर्ज की गई थी।

## देवोत्थान एकादशी आज, खूब बिके गन्ने...

उरई : जिले भर में देवोत्थान एकादशी आज श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई जायेगी। लोगों ने अपने अपने आंगन में सुंदर रंगोलियां बनाई हैं। तुलसी के पौधे की पूजन कर यज्ञ, हवन भी किया जायेगा। एकादशी पर तुलसी विवाह की परंपरा है। हिदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवोत्थान एकादशी के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन चार माह के बाद विष्णु जी शयनावस्था से जागृत अवस्था में आते हैं। इसके बाद से ही विवाह, सगाई, नींव पूजन, गृह प्रवेश, वाहन खरीदारी, व्यापार या नया कार्य शुरू करने को शुभ माना जाता है। इसलिए देवोत्थान एकादशी को वर्षभर में पड़ने वाली एकादशी तिथियों में सबसे श्रेष्ठ माना गया है। एकादशी के बाद से ही शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। देवोत्थान एकादशी पर्व के चलते शहर में कई स्थानों में गन्ने की दुकानें लगाई गईं। जिसमें लोगों ने पहुंचकर जमकर गन्ने की खरीदारी की गई। • अमृत विचार

## अवैध शराब समेत महिला गिरफ्तार

**कालपी।** नगर में अवैध शराब लेकर जा रही एक महिला को कोतवाली पुलिस ने 22 अवैध देशी शराब क्वाटर सहित गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस का कहना है किसी को अवैध काम करने नहीं दिया जायेगा। इसे तहर की धर पकड़ आगे भी जारी रहेगी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार टरननगंज चौकी इंचार्ज रणधीर सिंह, उपनिरीक्षक शिवम सेंगर, सिपाहियों अभिषेक सिंह, विनीता सिंह, सरिता सिंह के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना मिलने पर निकासा गेट के समीप निर्माणाधीन गेस्ट हाउस के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रही महिला रामकिशोरी निवासिनी निकासा थाना कालपी को पकड़ लिया। महिला सिपाहियों के द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी महिला के पास थैले में भरे 22 क्वाटर अवैध देशी शराब की बोतलें बरामद हुईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके उसका चालान कर दिया।

# श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने छका भंडारा

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** शहर के स्टेशन रोड स्थित एक मैरिज हॉल में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ सोमवार को संपन्न हो गया। कथा के समापन पर हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। मुख्य यजमान के रूप में कमला अग्रवाल, शिप्रा दीपेश अग्रवाल आदि ने यज्ञ में आहुति डाली।

कथा व्यास आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि हवन से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं।

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। श्रीमद्भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं।

इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप-पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। आचार्य ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद का अपमान करने से प्रभु का अपमान होता है। इस मौके पर प्रकाशचंद्र अग्रवाल, रिचा राजीव अग्रवाल, पूजा रामेंद्र कुमार, यसी, खुशी, आश्वत, आशवी, अश्विनी निरंजन, कल्लू यादव, नरेंद्र ठाकुर, हरिओम शिवहरे, पप्पन सिंह, आदर्श मिश्रा, अनुराग दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## अस्पताल परिसर में हुई युवक की मौत

**कालपी।** सीएचसी कालपी में संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति की मौत होने से खलबली मच गयी। सोमवार सुबह 11:30 बजे एक युवक अस्पताल में अन्दर जाते समय अस्पताल की सीढ़ियों के पास गिर गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टरों द्वारा इसकी जानकारी कालपी कोतवाली को दी गई। डॉक्टर ने बताया कि मृतक के शरीर में कोई चोट के निशान नहीं थे। कई घंटे के बाद मृतक की पहचान अनिल गोयल पुत्र लालमन गोयल उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी मोहल्ला रामचबूतरा कालपी के रूप में की गई है। अनिल गोयल की मौत की खबर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। वहीं अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने बताया कि युवक अपने आप गिर था और उसकी मौत हो गयी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही जानकारी मिल पायेगी।

## ट्रक की टक्कर से कार सवार 10 लोग घायल

संवाददाता, माधौगढ़ उरई

• कार सवार सभी लोग प्रदर्शनी देखने जा रहे थे

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में एक मैरिज हॉल के पास लगी प्रदर्शनी को देखने आ रहे ग्रामीणों की कार की ग्राम कैलोर के पास ट्रक से भिड़ंत हो गई। जिससे कार रोड के दूसरी ओर जा गिरी, कार में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। शोरगुल सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया, जिसमें ज्यादा घायल होने पर पांच लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहेता गांव निवासी लोग ईको कार से प्रदर्शनी देखने आ रहे थे। बताया गया है कि कैलोर के पास ईको कार व ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें कार सड़क के दूसरी ओर जा गिरी और उसपर सवार शिवानी 18, सोनम 15, सूरज 25, सृष्टि 13, रुस्तम 11, चालक हरिओम 26, हरिस्ता 9, पूनम 25, मुस्कान 12, देवांश 7, गम्भीर रूप से घायल हो गए उनमें चीख-पुकार मच गई। हादसा देखकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने कार में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाल कर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर पांच लोगों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# सीएमओ के निरीक्षण में कई मिले अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी. शर्मा ने जिला अस्पताल की स्थिति परखने के लिए सुबह 8 बजे जिला पुरुष चिकित्सालय उरई का निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेन्सी वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय डॉ.अमरीश व फार्मासिस्ट उपस्थित थे। कोई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित नहीं था। सफाई कर्मी द्वारा झाडू लगाई जा रही थी।

उन्होंने ओपीडी ब्लाक के निरीक्षण के समय डॉ. वीपी सिंह, डॉ. केपीसिंह, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. संजीव अग्रवाल एवं डॉ. शक्ति मिश्रा उपस्थित थे। डॉ. दीपक आर्या, डॉ. मदुसुदन के बारे में बताया गया कि वह वार्ड में राउण्ड कर रहे हैं। डॉ. शिवेश वर्मा अनुपस्थित पाये गये मुख्य

वार्ड का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. एनडी. शर्मा। अमृत विचार

चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वह डॉ. शिवेश वर्मा का स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रेषित करें तथा अनुपस्थित दिवस का वेतन बाधित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एनसीडी कक्ष में एनसीडी काउंसलर व मनकक्ष में क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट अनुपस्थित मिले उनका स्पष्टीकरण प्राप्त कर उपलब्ध कराये जाने तथा एक दिन का मानदेय अवरूद्ध किये जाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया। उन्होंने पैथालॉजी कक्ष निरीक्षण के समय कक्ष खुला हुआ था एवं ब्लड के दो नमूने लिये गये थे। उन्होंने आयुष्मान कक्ष निरीक्षण के समय आयुष्मान मित्र वीर सिंह अनुपस्थित पाये गये इनका स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रेषित करने तथा अनुपस्थित दिवस का मानदेय अवरूद्ध किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने एक्स-रे व अल्ट्रासाउड कक्ष निरीक्षण के समय कक्ष खुला हुआ था, रेडियोलॉजिस्ट के बारे में बताया गया कि यह आकस्मिक अवकाश पर हैं। एक्स-रे टैक्नीशियन श्री रामेन्द्र उपस्थित थे। उन्होंने एनआसी वार्ड के निरीक्षण के समय कोई बच्चा भर्ती नहीं पाया। उपस्थित स्टाफ नर्स के द्वारा अवगत कराया गया कि वार्ड में 6 बच्चे भर्ती हैं, उनके परिजन कपड़े चेन्ज करने ले गयें हैं। उनके एआरटी कक्ष के निरीक्षण के समय डॉ. राहुल अनुपस्थित थे, इनका स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रेषित करने तथा अनुपस्थित दिवस का मानदेय रोके जाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के समय सीएमएस डॉ. जेजे राम व मैट्रन मिथलेश वर्मा उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### चौकी इंचार्ज ने सटोरिया दबोचा, भेजा जेल

**कालपी।** नगर की बड़ा बाजार में सार्वजनिक स्थान में हारजीत की बाजी लगा रहे सटोरिये को पुलिस ने दबोच लिया। चौकी चार्ज ने सटोरिये को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। नगर के मोहल्ला बड़ा बाजार में बटाऊ लाल के पास सार्वजनिक स्थान में हारजीत की बाजी लगाकर सट्टे का गेम खेल रहे आरोपी आसिफ निवासी सदर बाजार को महमूदपुरा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह चंदेल ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने 480 रुपये, डॉट पेन तथा सट्टा पर्ची आदि बरामद करके मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी, भर्ती

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के खरौंज गांव में सोमवार की सुबह परिजनों से नाराज महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। क्षेत्र के खरौंज गांव निवासी शबाना ने परिजनों से नाराज होकर सोमवार की सुबह करीब 10 बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते देखकर परिजन कस्बे की सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### तीन दिवसीय इटरा आश्रम का मेला 19 से

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कार्तिक पूर्णिमा के बाद प्रथम मंगलवार को आयोजित होने वाला इटरा आश्रम का तीन दिवसीय विशाल मेला एवं दंगल आगामी 19 नवंबर से शुरू होगा। इसकी तैयारी जोरशोर के साथ जारी है। आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद सरस्वती उर्फ बलराम दास महाराज ने बताया कि इस वर्ष आश्रम का ऐतिहासिक मेला 19 नवंबर से शुरू होगा। पहले दिन हनुमान जी की विशेष पूजा करके दर्शन के लिये कपाट खोले जाएंगे। 20 नवंबर को मेला के साथ विशाल दंगल होगा। 21 नवंबर को समापन पर विशाल भंडारे के साथ साधु संतों की विदाई होगी।

दिये निर्देश | गुणवत्तापरक व समय से कराएं कार्य और अधिकारी नियमित करें मॉनिटरिंग

# कार्यों में खामियां मिलने पर भड़के जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचर।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शहर के माहिल तालाब और रामकुण्ड में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों स्थलों पर किए जा रहे कार्यों में कई खामियां पाई गईं। कार्यों में खामियां मिलने पर जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया।

इसके बाद जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए और कार्यों में लापरवाही बरतने वाले इंजीनियर व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हेतु प्रभारी नगर निकाय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया। माहिल तालाब के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि

निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय। अमृत विचार

यहां पर चल रहे कार्य मानकों के अनुरूप नहीं थे। बिछाई जा रही इंटरलॉकिंग की गुणवत्ता खराब थी, और पीसीसी का प्रयोग नहीं किया गया था। इसके अलावा, कार्य को ससमय गुणवत्तापूर्ण नहीं किया गया। जिलाधिकारी ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें। उप जिलाधिकारी न्यायिक अतुल कुमार को कार्य की निगरानी के लिए तैनात किया गया और दो दिनों के भीतर लाइट की स्थिति ठीक करने तथा सफाई कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। रामकुण्ड का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने पाया कि तालाब की सफाई अभी तक पूरी नहीं हो पाई थी और बाउंड्री पर लगाए गए ग्रिल व गेट भी मानक के अनुसार नहीं थे। इस पर उन्होंने अधिशासी अभियंता को जांच करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि कार्य में देरी और गुणवत्ता की कमी को गंभीरता से लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों तथा ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील आदि सहित सम्बंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था मौजूद रहे।

## ट्यूबवेल से लोहे का बॉक्स तोड़कर सामान चोरी

**उरई।** गोहन थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरों ने पुलिस से बेखौफ होकर निजी ट्यूबवेल पर निशाना साधा और केबल व स्टार्टर चोरी कर रफूचक्कर हो गए। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम कासिमपुर निवासी राजेंद्र पाराशर ने पांच साल पहले सिंचाई के लिए टयूबवेल कराया था। रविवार को किसान राजेन्द्र ने दिन भर खेतों की सिंचाई की और शाम को टयूबवेल बंदकर घर चला गया। देर रात पुलिस से बेखौफ होकर घूमी चोरों की बारात ने ट्यूबवेल को अपना निशाना बनाते हुए वहां से स्टार्टर व केबल चोरी कर ले गए। सोमवार सुबह खेत पर पहुंचे किसान ने टयूबवेल में लोहे के बॉक्स को टूटा देखा तो वह दंग रह गया। फिलहाल किसान ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांज पड़ताल कर रही है।

# अधिकारी राजस्व वसूली में लायें तेजी अन्यथा होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता उरई

• जिलाधिकारी ने कम वसूली करने वाले विभागों से मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विभाग वार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कर राजस्व वसूली में तेजी लाए जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने भू राजस्व, परिवहन, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, वाणिज्य कर, मंडी, बांट माप, विद्युत एवं अन्य विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि जो शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसी के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति प्राप्त करें। उन्होंने वाणिज्यकर विभाग, स्टाम्प, विद्युत, आबकारी व परिवहन विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली कम होने पर स्पष्टीकरण मांगा और प्रगति लाने के निर्देश दिये। कहा कि खनिज, बैंक देय, स्टांप, विद्युत व वाणिज्य कर की आरसी वसूली शत प्रतिशत सुनिश्चित कराएं। जिन विभागों द्वारा आरसी जारी की गई है। राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनकी वसूली सुनिश्चित की जाए। कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने मंडी व नगर निकायों की आय के स्रोत बढ़ाने व प्रवर्तन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने खनन व परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि सक्रिय रहते हुए प्रवर्तन कार्य करें और चेकिंग बढ़ाने के साथ ही अवैध परिवहन और ओवरलोड वाहनों पर पूर्ण रोक लगाई जाए। प्रवर्तन संबंधी कार्रवाई की कार्य योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करें। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदारों को 05 वर्ष व 03 वर्ष राजस्व वादों के निस्तारण में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन, तालाब, चारागाह आदि सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण न होने पाये, अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई की जाय। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2850-2900 आर.आर.21 3000-3050 गेहूँ फारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -2700 बाजरा 2300-2350 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6400 -6500 अरहर 7500 -8000 मसूर 5500 -5600 मटर 3200 -3300 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूँग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहर फूल 15200-15300 अरहर स्पेशल 11200-11300 चनादाल 8100-8200 मटर दाल 4100-4200 मसूर मलका 7100-7150 मसूर दाल 7300-7350 उड़द दाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूँगदाल 8500 -9700 मूँग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500 - 11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5800-5900 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500- 11600 मूँगफली दाना षिवपुरी 8500- 11000 बटाली 8000 -11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14600-14700 अलसी 13400-13500 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 2100 -2130 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2300-2350 अलसी 4400-4500 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 2110-2100 मयूर 2110-2100 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3600-3700 मंगलौरलडडू 4300-4350 देशीभेली 4200-4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4220 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000-62000 औरय्या 52300-52300 माधौगढ़ 57000-57500

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 93700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 105000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 110000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 79000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 58900-59100 |

# म्यूचुअल फंड के बजाय शेयर में निवेश करना पसंद कर रहे युवा

### 93% युवाओं में से अधिकतर मासिक आय का 20-30 प्रतिशत करते हैं बचत

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय प्रौद्योगिकी ब्रोकरेज कंपनी एंजेल वन की फिन वन की रिपोर्ट

युवाओं का बड़ा वर्ग म्यूचुअल फंड के बजाय शेयर बाजारों में निवेश करना पसंद करता है। वित्तीय प्रौद्योगिकी ब्रोकरेज कंपनी एंजेल वन की पहल फिन वन की रिपोर्ट के अनुसार, 93% युवा बचत करते हैं, जिनमें से अधिकतर मासिक आय का 20-30% बचाते हैं।

रिपोर्ट अनुसार, शेयर उनका पसंदीदा निवेश विकल्प है। सर्वेक्षण में शामिल 45% लोगों ने इन्हें सावधि जमा (एफडी) या सोने जैसे विकल्पों पर तरजीह दी है। वर्तमान में 58% युवा निवेशक शेयरों में निवेश करते हैं, जबकि 39% म्यूचुअल फंड में निवेश करना पसंद करते हैं। ब्रोकरेज कंपनी ने कहा कि सावधि जमा (22%) और आवर्ती जमा (26%) जैसे सुरक्षित विकल्पों को अपेक्षाकृत कम अपनाया जा रहा है। यह युवाओं के बीच उच्च रिटर्न और स्थिर बचत के बीच संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। 13 से अधिक भारतीय शहरों के 1,600 युवासे पूछे सवाल चार प्रमुख विषयों बचत व्यवहार, निवेश प्राथमिकताएं, वित्तीय साक्षरता तथा प्रौद्योगिकी व वित्तीय साधनों के उपयोग पर केंद्रित थे। इसमें डिजिटल मंच और प्रौद्योगिकी की भूमिका को भी रेखांकित किया गया है।

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में 41,887 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में अक्टूबर में 41,887 करोड़ का निवेश आया है। यह मासिक आधार पर 21% से अधिक की है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार, यह शेयरों में निवेश करने वाले कोषों में शुद्ध प्रवाह का 44वां महीना है, जो निवेशकों के बीच म्यूचुअल फंड के बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है।

# मार्केट आउटलुक : बाजार समझने की कोशिश

मार्केट आउटलुक विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण है जो भविष्य में बाजार की दिशा को समझने में मदद करता है। यह आर्थिक स्थितियों, वैश्विक घटनाओं, और बाजार की वर्तमान प्रवृत्तियों पर आधारित होता है। निवेशकों को इसके माध्यम से यह समझने में मदद मिलती है कि किस क्षेत्र में संभावनाएं हैं और कहां जोखिम हो सकता है। हालांकि, आउटलुक सिर्फ अनुमान होते हैं, जो हमेशा सही नहीं हो सकते, इसलिए यह जरूरी है कि निवेशक सतर्कता से निर्णय लें और अपनी रणनीतियों में विविधता बनाए रखें, ताकि वे अप्रत्याशित परिस्थितियों से बच सकें।

### मार्केट आउटलुक के जोखिम

- **अनिश्चितता :** मार्केट आउटलुक सिर्फ एक अनुमान है। कोई आउटलुक 100% सही नहीं होता है। वैश्विक घटनाएं, सरकार के फैसले या अप्रत्याशित घटनाएं (जैसे महामारी, प्राकृतिक आपदाएं) बाजार को अप्रत्याशित रूप से प्रभावित कर सकती हैं, जो इसके विपरीत है।
- **मूल्यांकन में गलती :** कभी-कभी आउटलुक पर आधारित निर्णयों में गलतियां होती हैं, क्योंकि कई विश्लेषक अलग आंकड़ों और अनुमान लगाते हैं। यह गलत दिशा में निवेश करने का कारण बन सकता है।
- **निवेशकों का अत्यधिक विश्वास :** अगर निवेशक मार्केट आउटलुक पर अत्यधिक निर्भर हो जाते हैं, तो वे निर्णय प्रक्रिया में आत्मविश्वास महसूस करते हैं और जोखिमों को नज़रअंदाज़ कर देते हैं।
- **बाजार में अस्थिरता :** यदि आउटलुक भविष्यवाणी करता है कि बाजार स्थिर रहेगा, लेकिन अचानक आर्थिक या राजनीतिक घटनाएं बाजार को अस्थिर कर देती हैं, तो यह निवेशकों के लिए हानिकारक हो सकता है।

### निवेशकों को लाभ

- **निर्णय लेने में मदद :** जब निवेशकों को यह पता चलता है कि बाजार की दिशा क्या हो सकती है (जैसे कि ऊपर जा सकता है या नीचे) तो वे रणनीतियां बना सकते हैं।
- **जोखिम प्रबंधन :** मार्केट आउटलुक से निवेशकों को यह समझने में मदद मिल सकती है कि वर्तमान में कौन से क्षेत्र या उद्योग बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।
- **अल्पकालिक और दीर्घकालिक :** यदि आउटलुक सकारात्मक है, तो निवेशक दीर्घकालिक निवेश की योजना बनाते हैं। अगर नकारात्मक है, तो वे कम जोखिम वाली परिसंपत्तियों में निवेश कर सकते हैं।
- **मनोवैज्ञानिक लाभ :** निवेशकों को यह जानने में मदद मिलती है कि उनका निवेश किसी बड़े ट्रेंड से मेल खा रहा है, जिससे वे तनावमुक्त होकर बेहतर फैसले ले सकते हैं।

### सुझाव

- **स्मार्ट डाइवर्सिफिकेशन :** आउटलुक के आधार पर, पोर्टफोलियो में विविधता रखनी चाहिए, ताकि जोखिम को कम किया जा सके। विशेष रूप से अगर आउटलुक में अस्थिरता या नकारात्मकता हो, तो बांड्स, गोल्ड, या अन्य सुरक्षित परिसंपत्तियों में निवेश किया जा सकता है।
- **दीर्घकालिक दृष्टिकोण :** यदि मार्केट आउटलुक में कुछ अस्थिरता है, तो निवेशकों को जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचना चाहिए। दीर्घकालिक निवेश के दृष्टिकोण से, बाजार के उतार-चढ़ाव से अधिक प्रभावित नहीं होते।

## आंध्र प्रदेश ने 2.94 लाख करोड़ का बजट किया पेश

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने सोमवार को 2024-25 के लिए 2.94 लाख करोड़ का बजट पेश किया। वित्त मंत्री पय्यवुला केशव ने कहा कि बजट का उद्देश्य राज्य की वित्तीय स्थिति को पटरी पर लाना है। वित्त मंत्री ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित राजस्व घाटा 34,743.38 करोड़ (जीएसडीपी का 2.12%) और राजकोषीय घाटा 68,742.65 करोड़ (जीएसडीपी का 4.19%) रहने का अनुमान है। केशव ने कहा कि बजट में राजस्व व्यय 2.36 लाख करोड़ और पूंजीगत व्यय 32,713 करोड़ अनुमानित है।

## धान की कटाई में देरी पर भी गेहूं की बुवाई पटरी पर : कृषि सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

- पंजाब और हरियाणा में देर से हुई बारिश से धान की कटाई में हुई देरी

कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने सोमवार को कहा कि गेहूं की बुवाई अच्छी चल रही है और दो प्रमुख उत्तरी राज्यों में धान की कटाई में देरी पर भी आगामी दिनों में इसमें तेजी की उम्मीद है।

चतुर्वेदी ने बताया कि कुल बुवाई क्षेत्रफल पिछले सप्ताह तक पिछले वर्ष के स्तर को पार गया था। मिट्टी की नमी की अनुकूल स्थिति और मौसम गेहूं की बुवाई के लिए सहायक हैं, जिससे डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) जैसे उर्वरकों की मांग बढ़ रही है। पंजाब और हरियाणा में भी बुवाई में तेजी की उम्मीद है, जहां देर से हुई बारिश से धान की कटाई में देरी हुई है। चतुर्वेदी ने आगाह किया कि जनवरी-फरवरी में तापमान में वृद्धि पैदावार के लिए जोखिम पैदा कर सकती है। सरकार किसानों को मौसम संबंधी चुनौतियों से निपटने में मदद करने के लिए जलवायु प्रतिरोधी गेहूं की किस्मों को बढ़ावा दे रही है। गेहूं नवंबर में बोई जाती है और मार्च-अप्रैल में काटी जाती है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान प्रमुख उत्पादक राज्य हैं।

## सीसीआई जांच: जोमैटो, स्विगी ने कहा- वे प्रतिस्पर्धा कानून का पालन करने को प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों मंचों ने कुछ रेस्तरां भागीदारों को तरजीह देने की बात का किया खंडन

प्रतिस्पर्धा रोधी गतिविधियों के लिए सीसीआई की जांच का सामना कर रहे ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति मंच जोमैटो ने दावा किया है कि वह देश के कानूनों का अनुपालन करती है, जबकि स्विगी का कहना है कि वह स्थानीय नियमों का अनुपालन करने को प्रतिबद्ध है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की जांच पर दोनों कंपनियों ने उन खबरों को भ्रामक करार दिया, जिसमें जोमैटो-स्विगी द्वारा कुछ रेस्तरां भागीदारों को कथित तरजीह देने की बात कही गई है।

दोनों मंचों ने कहा कि सीसीआई ने अनुचित व्यापार प्रथाओं के मामले पर अब तक अपना अंतिम आदेश पारित नहीं किया है। जोमैटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि सीसीआई ने 4 अप्रैल 2022 को आदेश जारी किया था, जिसमें आयोग के महानिदेशक के कार्यालय को प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 के तहत संभावित उल्लंघनों की जांच का निर्देश दिया गया। कंपनी ने कहा कि 5 अप्रैल 2022 की सूचना के बाद से आयोग ने गुण-दोष के आधार पर कोई आदेश पारित नहीं किया है। जोमैटो ने कहा कि तदनुसार, उपर्युक्त खबर भ्रामक है।

## एफपीआई को एफडीआई में पुनर्वर्गीकृत करने को रूपरेखा जारी

**मुंबई।** आरबीआई ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के निवेश को लेकर परिचालन रूपरेखा जारी की है। इसके तहत यदि किसी इकाई का निवेश निर्धारित सीमा को लांघता है, तो उसे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा वर्तमान में निवेशक समूह (एफपीआई) से किया गया निवेश कुल चुकता इक्विटी पूंजी (कंपनी के कई विकल्पों में मौजूद शेयरों सहित) के 10% से कम होना चाहिए। उल्लंघन कर निवेश करने वाले एफपीआई के पास लेनदेन के निपटान की तारीख से पांच कारोबारी दिन में आरबीआई और सेबी द्वारा निर्दिष्ट शर्तों के अधीन अपनी हिस्सेदारी को बेचने या हिस्सेदारी को एफडीआई के रूप में पुनर्वर्गीकृत करने का विकल्प है। आरबीआई ने एफपीआई द्वारा विदेशी पोर्टफोलियो निवेश को एफडीआई में पुनर्वर्गीकृत करने के लिए एक परिचालन रूपरेखा जारी की है।



## एक नजर

### कहासुनी के बाद कार चालक ने की एमबीए छात्र की हत्या

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में लापरवाही से गाड़ी चलाने को लेकर सड़क पर हुई कहासुनी (रोडरेज) के बाद अज्ञात कार चालक ने प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान में एमबीए की पढ़ाई कर रहे 23 वर्षीय छात्र की चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार रात साढ़े 11 बजे मुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशंस के दो छात्र बेकरी से केक खरीदकर बाइक से छात्रावास लौट रहे थे तभी रास्ते में यह वारदात हुई। एसपी (ग्रामीण) ओम प्रकाश जाट ने कहा कि लौटते वक्त दोनों छात्रों की बोपाल चौराहे पर कार चालक के साथ गाड़ी लापरवाही से चलाने को लेकर कहासुनी हो गई। कार चालक ने विद्यार्थियों का 200 मीटर तक पीछा किया और फिर वाहन से चाकू निकालकर उनमें से एक पर वार कर दिया। घायल प्रियांशु जैन को अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

### शिवराज सिंह के खिलाफ वारंट की तामील पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा की ओर से दायर मानहानि मामले में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दो अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ जमानती वारंट की तामील पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टी की पीठ ने मानहानि मामले को रद करने से इनकार करने के मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के 25 अक्टूबर के आदेश को चुनौती देने वाली शिवराज और अन्य नेताओं की याचिका पर तन्खा से जवाब मांगा। पीठ ने कहा कि मामले में कोर्ट के समक्ष जारी कार्यवाही में याचिकाकर्ताओं की प्रभावी भागीदारी के मद्देनजर उनके खिलाफ वारंट की तामील नहीं की जाएगी।

# समाज बांटने का प्रयास कर रहे राष्ट्र विरोधी

### गुजरात में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम को मोदी ने किया संबोधित

अहमदाबाद, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने लोगों से एकजुट होकर विरोधी ताकतों को हराने का किया आह्वान
- केंद्र सरकार ने मंदिर के 200 साल पूरे होने पर जारी किया 200 का सिक्का

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि कुछ राष्ट्र विरोधी अपने स्वार्थों के लिए समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से उनके इरादों की गंभीरता को समझने और उन्हें हराने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

मोदी ने गुजरात के खेड़ा जिले के वडताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित किया। केंद्र ने वडताल में स्वामीनारायण मंदिर के 200 साल पूरे होने पर 200 का एक सिक्का जारी किया है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एकता और अखंडता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों के बीच एकता और राष्ट्र की अखंडता महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पहला कदम आत्मनिर्भरता है। उन्होंने संतों से अनुरोध किया कि वे देश को विकसित बनाने के लक्ष्य में हर नागरिक को जोड़ें। उन्होंने कहा कि युवा, राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं और करेंगे। इसके लिए हमें सशक्त और शिक्षित युवाओं का निर्माण करना होगा। मोदी ने बताया कि वडताल स्वामीनारायण मंदिर से उनका जुड़ाव गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके दिनों से है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुशल भारतीय युवाओं की मांग भविष्य में कई गुना बढ़ेगी। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार विकास भी, विरासत भी के मंत्र में विश्वास करती है। यूनेस्को द्वारा कुछ साल पहले अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित किए कुंभ मेले का जिक्र करते हुए मोदी ने आग्रह किया कि वे अन्य देशों के लोगों को धार्मिक समागम का महत्व समझाएं और यह समझाएं कि इसे क्यों मनाया जाता है।

### झारखंड की जनता विस चुनाव में बदलाव के लिए संकल्पित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कहा कि झारखंड की जनता विधानसभा चुनाव में बदलाव के लिए संकल्पित है और इसका कारण यह है कि सत्तारूढ़ गठबंधन ने राज्य की रोटी, बेटी और माटी पर वार किया है। मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम के अंतर्गत नमो एप के माध्यम से भाजपा की झारखंड इकाई के कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जिस गति से झारखंड को आगे ले जाना चाहते हैं, उसके लिए वहां डबल इंजन सरकार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड इस बार बदलाव करने को संकल्पित हो गया है। इसका सबसे बड़ा कारण तो ये भी है कि झामुमो, कांग्रेस व राजद ने झारखंड की रोटी, बेटी और माटी पर वार किया है। भाजपा झारखंड में रोटी, बेटी और माटी के मुद्दे को उठा रही है। वह आदिवासी अस्मिता का सवाल उठाकर बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासी महिलाओं का उत्पीड़न, धर्मांतरण, जमीन पर कब्जा और धोखा देकर विवाह करने तथा इसके परिणामस्वरूप आदिवासियों की संख्या में लगातार कमी आने का मुद्दा उठा रही है।

# रोहिंग्या, बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए झारखंड को धर्मशाला बना दिया : योगी

रांची, एजेंसी

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर राज्य को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए धर्मशाला बना देने का आरोप लगाया। योगी ने कहा कि माफिया, पत्थरबाजों और त्योहारों में अराजकता फैलाने वालों वालों से निपटने को झारखंड में डबल इंजन की सरकार की जरूरत है।

उन्होंने गढ़वा के भवनाथपुर में चुनावी रैली में दावा किया कि झारखंड रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए धर्मशाला में तब्दील हो गया है, जिन्हें अराजकता फैलाने के लिए खुली छूट दे दी गई है। उन्होंने लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि अगर वे विभाजित हुए तो उनका सफाया हो जाएगा। बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार ने भ्रष्टाचार, अराजकता और प्राकृतिक संसाधनों की लूट को बढ़ावा दिया। सोरेन परिवार, लालू प्रसाद का परिवार और गांधी परिवार की ओर इशारा करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि रांची, पटना और दिल्ली के तीन परिवार अपने ही विकास के लिए लूट और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

झारखंड विधानसभा चुनाव से पूर्व सभा में शामिल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### घुसपैठियों की पहचान को बनाएंगे समिति: शाह

**सरायकेला।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि झारखंड में अगर भाजपा की सरकार बनती है तो घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें राज्य से बाहर निकालने के अलावा उनके द्वारा हड़पी गई जमीन को वापस लेने के लिए एक समिति गठित की जाएगी। शाह ने कहा कि आदिवासी महिलाओं से शादी करने पर घुसपैठियों को जमीन का हस्तांतरण रोकने को कानून लाया जाएगा। उन्होंने झामुमो के नेतृतव वाली सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। शाह ने सरायकेला में कहा कि आदिवासियों की आबादी घट रही है। घुसपैठिए हमारी बेटियों से शादी करके जमीन हड़प रहे हैं।

## अनिवार्य आयु सत्यापन वाली शराब बिक्री नीति की मांग पर केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीठ ने दिल्ली स्थित सीएडीडीकी याचिका पर सरकार से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने शराब की बिक्री से संबंधित अनिवार्य आयु सत्यापन नीति लागू करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने दिल्ली स्थित कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग (सीएडीडी) की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। सीएडीडी के अधिवक्ता पीबी सुरेश व विपिन नायर की याचिका में शराब की बिक्री के अनिवार्य आयु सत्यापन प्रणाली, राज्यों में शराब विनियमन को समान ढांचा बनाने और पीकर गाड़ी चलाने से रोकने को नीति के लिए गुहार लगाई गई है।

## वायनाड को पर्यटन केंद्र बनाएंगे: राहुल

वायनाड (केरल), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को प्रियंका गांधी के साथ लोगों को संबोधित किया और वायनाड को विश्व के प्रमुख पर्यटन स्थलों की श्रेणी में लाने का वादा किया। प्रियंका गांधी उपचुनाव में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की उम्मीदवार हैं।

राहुल ने सुल्तान बाथरी में असम्पशन जंक्शन से चुंगम जंक्शन तक प्रियंका के साथ रोड शो करने के बाद जनसभा में कहा कि चुनौती के रूप में मैं वायनाड को सबसे अच्छा पर्यटन स्थल बनाने में प्रियंका गांधी की मदद करूंगा। वायनाड के लोगों ने उन्हें सिखाया कि राजनीति में प्रेम शब्द का बड़ा महत्व है। मैंने उसका प्रयोग नहीं किया, लेकिन लोगों ने मुझे सिखाया कि राजनीति में इस शब्द का बड़ा स्थान है।

वायनाड सीट के उपचुनाव के लिए रोड शो के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी

## मोदी को सात समुंदर पार फेंक देना है : लालू

**गया।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने बिहार विधानसभा उप चुनाव में पार्टी को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि वोट के जरिए मोदी को सात समुंदर पार फेंक देना है। यादव ने गया जिले के बेलागंज विधानसभा के बस पड़ाव मैदान में चुनावी सभा में कहा कि आप लोगों ने मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री बनाया है। इसलिए हम आपसे अपील करते हैं, कि लालटेन पर बटन दबाकर भाजपा को उखाड़ कर फेंक दें। मोदी को सात समुंदर पार फेंक देना है।

## विधायकों को खरीदने व सरकारें गिराने में विश्वास रखते हैं मोदी

**रांची।** प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि वह विपक्ष को दबाने एवं निर्वाचित सरकारों को गिराने के लिए विधायकों को खरीदते हैं। उन्होंने मोदी और अमित शाह पर अडाणी और अंबानी के साथ मिलकर केंद्र सरकार चलाने का भी आरोप लगाया। खरगे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह मुख में राम, बगल में छुरी में विश्वास करते हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकारें गिराने में विश्वास रखते हैं। वह विधायक खरीदते हैं।

## 700 करोड़ की उगाही साबित कर दें मोदी तो संन्यास ले लूंगा : सिद्धारमैया

**हावेरी (कर्नाटक)।** मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह साबित कर दें कि कांग्रेस सरकार ने चुनावी राज्यों के लिए 700 करोड़ की उगाही की है तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने मोदी को चुनौती दी कि यदि वह महाराष्ट्र के अकोला में लगाये आरोपों को साबित नहीं कर पाते हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। सिद्धारमैया ने रविवार रात हावेरी जिले के शिग्गांव में चुनावी जनसभा में कहा कि मैं हैरान हूं कि देश के प्रधानमंत्री इतना झूठ बोल रहे हैं। महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने महाराष्ट्र, झारखंड में भेजने और उपचुनावों पर खर्च करने के लिए आबकारी विभाग के जरिए 700 करोड़ रुपये की उगाही की है।

## ईसी ने शिकायतों पर देरी के आरोप को किया रद

**प. बंगाल उपचुनाव**

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शिकायतों पर कार्रवाई में देरी या कार्रवाई नहीं करने के टीएमसी के आरोप को सोमवार को यह कहते हुए रद कर दिया कि उसने पश्चिम बंगाल उपचुनाव में पार्टी से शिकायत मिलने पर 20 घंटे में जरूरी कदम उठाये। टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन को भेजे जवाब में ईसी ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि नौ नवंबर को दोपहर में आवेदन के 20 घंटे में कार्रवाई करने के बाद भी विलंब संबंधी टिप्पणियां की गई हैं।

## कुमारस्वामी को कालिया कहकर जमीर ने खड़ा कर दिया विवाद

- जद (एस) की नस्ली टिप्पणी पर जमीर को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग

**रामनगर।** कर्नाटक सरकार में मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान ने केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को कालिया कहकर विवाद खड़ा कर दिया। इसे काला रंग होने के नाते की गई नस्ली टिप्पणी के रूप में देखा जा रहा है। जनता दल (सेक्युलर) ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस सरकार से इस नस्ली टिप्पणी के लिए जमीर को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। खान ने प्रतिक्रिया पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उनका मकसद कुमारस्वामी को ठेस पहुंचाना नहीं था। खान ने कहा कि कुमारस्वामी अक्सर उन्हें कुल्ला (बौना) कहते हैं। राज्य सरकार में मंत्री ने कहा कि वह केंद्रीय मंत्री को करियान्ना (काला भाई) कहते रहे हैं। खान ने रविवार को रामनगर में चुनावी रैली में ये बात कही थी।

## दुष्कर्म, यौन शोषण के आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म व यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जद (एस) के पूर्व सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका सोमवार को रद कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिका रद की और कहा कि रेवन्ना बहुत प्रभावशाली व्यक्ति हैं। पीठ ने कहा कि वह रेवन्ना को जमानत देने से इनकार करने वाले कर्नाटक हाईकोर्ट के 21 अक्टूबर के आदेश में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

## संविधान बदलने की झूठी कहानी का अंत हो चुका है : फडणवीस

नागपुर, एजेंसी

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने की जो झूठी कहानियां गढ़ी थीं उनका अंत हो चुका है और 20 नवंबर को होने वाले चुनाव में इसकी कोई भूमिका नहीं होगी। फडणवीस ने नागपुर दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में चुनावी रैली में यह बात कही। उपमुख्यमंत्री ने आम चुनाव की तुलना में विधानसभा चुनाव के माहौल में अंतर होने की बात भी कही।

### महायुति का प्रचार अभियान नफरत से भरा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महाराष्ट्र में भाजपा नीत महायुति सरकार पर चुनाव प्रचार अभियान में जानबूझकर नफरत एवं जहर घोलने और राज्य में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने का आरोप लगाया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह प्रचार अभियान भाजपा की बीमार मानसिकता को सामने लाता है। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट के कर भाजपा पर ये आरोप लगाए।

## दिवालिया कर्नाटक सरकार गृह लक्ष्मी योजना बंद करेगी: देवेगौड़ा

**रामनगर (कर्नाटक)।** जद(एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने कहा है कि दिवालिया कर्नाटक सरकार गृह लक्ष्मी योजना को बंद कर देगी। देवेगौड़ा के बयान पर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि भाजपा तथा जद (एस) हमेशा से राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा दी गई सभी गारंटियों को रोकना चाहते थे। गृह लक्ष्मी योजना कांग्रेस सरकार की पांच गारंटियों में से एक है, जिसके तहत बीपीएल परिवारों की महिला मुखियाओं को 2,000 रुपये की सहायता राशि दी जाती है।

## बिहार के मुख्यमंत्री ने किया एसीटी का उद्घाटन

नालंदा (बिहार), एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में नव निर्मित हॉकी स्टेडियम में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी-2024 का उद्घाटन किया।

हॉकी इंडिया और बिहार सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह टूर्नामेंट 20 नवंबर तक चलेगा। भारत के अलावा चीन, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान की टीम टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में कुल 20 मैच खेले जाएंगे। उद्घाटन से पहले सोमवार को जापान और कोरिया तथा चीन और थाईलैंड के बीच दो मुकाबले खेले गए। उद्घाटन के बाद भारत ने अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के खिलाफ की। भारत अपना दूसरा मैच 12 नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगा और फिर 14 नवंबर को थाईलैंड से भिड़ेगा। मेजबान टीम का सामना 16 नवंबर को चीन से होगा जबकि टीम पूल चरण का अपना अंतिम मैच जापान के खिलाफ 17 नवंबर को खेलेगी।

मुकाबले से पहले भारतीय टीम से मुलाकात करते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

### भारत ने मलेशिया को 4-0 से हराया

**राजगीर (बिहार)।** गत चैंपियन भारत ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के पहले मैच में सोमवार को मलेशिया को 4-0 से हराया। भारत के लिए संगीता कुमारी ने आठवें और 55वें मिनट में, प्रीति दुबे ने 43वें और उदिता ने 44वें मिनट में गोल किए। भारत को मंगलवार को दक्षिण कोरिया से खेलना है। अन्य मैचों में जापान ने कोरिया से 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन ने थाईलैंड को 15-0 से हराया।

## वार्नर ने पर्यटकों को ऑस्ट्रेलिया घूमने के लिए किया आमंत्रित

**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुरु होने से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज डेविड वार्नर टूरिज्म ऑस्ट्रेलिया के साथ भारतीय पर्यटकों को ऑस्ट्रेलिया घूमने लिए आमंत्रित किया है। टूरिज्म ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी एक नई सोशल कंटेंट सीरीज में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर वार्नर के अपने मनपसंद पर्यटक स्थल सिडनी, मेलबर्न और गोल्ड कोस्ट में छुट्टियां बिताने के उनके अनुभवों को साझा किया है।

चार संस्करण की इस सीरीज को टूरिज्म ऑस्ट्रेलिया के इन्स्टाग्राम अकाउंट एट द रेट ऑस्ट्रेलिया पर दिखाया जाएगा। वार्नर ने नई सोशल कंटेंट सीरीज पर टूरिज्म ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग करने पर जारी बयान कहा हमारे अद्भुत वन्यजीवन से लेकर हमारी कॉफी संस्कृति और सिडनी ऑपेरा हाउस तथा मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड जैसे आइकॉन्स तक, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय पर्यटकों के लिए बहुत कुछ है।

## चैंपियंस ट्रॉफी : भारत के इनकार पर आईसीसी से सफाई मांगेगा पीसीबी

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर आईसीसी से स्पष्टीकरण मांगेगा क्योंकि उसे सिर्फ बताया है कि भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिए नहीं आएगी लेकिन हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव पर जानकारी नहीं दी गई है।

पीसीबी को आईसीसी ने बताया है कि बीसीसीआई अगले साल फरवरी में होने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा। बीसीसीआई ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इसकी जानकारी दी। पीसीबी के एक जानकार सूत्र ने कहा चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल पर कराने को लेकर कोई बात नहीं हुई है। पिछले साल एशिया कप में हाइब्रिड मॉडल अपनाया था जब भारत के मैच श्रीलंका में और बाकी सारे मैच पाकिस्तान में हुए थे। ऐसी अटकलें हैं कि भारत के मैच दुबई में हो सकते हैं। सूत्र ने कहा पीसीबी अपने कानूनी सलाहकारों से बात करके आईसीसी को ईमेल भेजेगा जिसमें भारत के फैसले पर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। पीसीबी मशविरे और जरूरत पड़ने पर निर्देशों के लिए सरकार के संपर्क में है। सूत्र ने यह भी कहा कि अगर पाकिस्तान सरकार भारत से क्रिकेट संबंधों पर कठोर फैसला लेती है तो आईसीसी के लिए इसके कानूनी नतीजे हो सकते हैं। उन्होंने कहा व्यावसायिक साझेदारों की ओर से कानूनी नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं क्योंकि आईसीसी ने प्रसारकों और प्रायोजकों से कहा है कि सभी शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देश टूर्नामेंटों में भाग लेंगे। भारतीय टीम ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है।

- 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद से भारतीय टीम ने नहीं किया है पाकिस्तान का दौरा

### खेल डायरी

### आज से शुरु होगी विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ और आईटीसी फूड्स के बेहद पसंदीदा स्नैकिंग ब्रांड बिंगो के सहयोग से 12 से 17 नवंबर तक भारत में पहली बार विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। विश्व में सबसे तेजी से उभरते खेलों में से एक पिकलबॉल के विकास और इसे बड़े पैमाने पर लोकप्रिय बनाने के लिए आईटीसी फूड्स के बेहद पसंदीदा स्नैकिंग ब्रांड बिंगो ने आज अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ के साथ पांच सालों की साझेदारी की घोषणा की है। बिंगो विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीसी) की मेजबानी के साथ इस ऐतिहासिक साझेदारी की शुरुआत होगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने कहा बिंगो स्नैक्स के साथ इस साझेदारी से हम बेहद उत्साहित महसूस कर रहे हैं। यह साझेदारी पिकलबॉल को भारतीय खेलों में सबसे आगे लाने में बेहद अहम भूमिका निभाएगी। मैनेजिंग डायरेक्टर, कंटेंट, एंटरटेनमेंट एवं स्पोर्ट्स, ग्रुप-एम, दक्षिण एशिया विनीत कार्णिक ने कहा बिंगो और अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ के बीच पांच वर्ष की यह साझेदारी वाकई बेमिसाल है, जो पूरे भारत में इस खेल के विकास में सहायक है।

### वीर ने कनाडा में जीता पीएसए चैलेंजर खिताब

**नियाग्रा।** भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी वीर चोटरानी ने स्क्वैश व्हाइट ओक्स कप के फाइनल में कनाडा के उच्च रैंकिंग वाले एस एल्टॉर्गमैन को सीधे सेट में हराकर खिताब अपने नाम किया। यह उनका पांचवां पीएसए खिताब है। रविवार को पीएसए चैलेंजर टूर स्पर्धा में आठवीं वरीयता प्राप्त 23 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी चोटरानी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के एस एल्टॉर्गमैन को 3-0 (11-6, 11-2, 11-9) को हराया। वीर चोटरानी ने फाइनल तक पहुँचने के लिए दो उच्च वरीयता प्राप्त स्क्वैश खिलाड़ियों को भी हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इजरायल के डेनियल पोलेशचुक को 3-2 (11-5, 7-11, 7-11, 11-7, 11-1) से पराजित करने के बाद सेमीफाइनल में वेल्स के छठे वरीय ओवेन टेलर को 3-1 (11-8, 11-7, 6-11, 11-8) से हराया।

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराया

**बारबाडोस।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद जॉस बटलर (83) और विल जैक्स (38) की बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ इंग्लैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है। 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर में फिल सॉल्ट (शून्य) का विकेट गवां दिया। उन्हें अकील हुसैन ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान जॉस बटलर ने विल जैक्स के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 128 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने विल जैक्स को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। विल जैक्स ने 29 गेंदों में 38 रनों की पारी खेली। इसी ओवर में शेफर्ड ने जॉस बटलर को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। बटलर ने 45 गेंदों में 83 रन बनाए। लियम लिविंगस्टन (23) और जेकब बेथेल (तीन) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 14 .5 ओवर में तीन विकेट पर 161 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 158 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से साकिब महमूद, लियम लिविंगस्टन और डैन माउजली ने दो-दो बल्लेबाज को आउट किया। आदिल रशीद और जोफ्रा आर्चर को एक-एक विकेट मिला।

# बुमराह करेंगे अगुआई, राहुल को तरजीह : गंभीर

## भारतीय कोच गौतम बोले- रोहित के पहले टेस्ट में न खेलने पर टीम के पास कई विकल्प हैं मौजूद

मुंबई, एजेंसी

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यदि नियमित कप्तान रोहित शर्मा व्यक्तिगत कारणों से मैच के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं तो जसप्रीत बुमराह उपकप्तान होने के कारण पर्थ में पहले टेस्ट में भारत का नेतृत्व करेंगे।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर ने संकेत दिया कि रोहित के नहीं खेलने पर लोकेश राहुल को पारी का आगाज करने के लिए कहा जा सकता है। भारतीय टीम का दूसरा दल सोमवार को पर्थ के लिए रवाना होगा लेकिन रोहित भारत में ही रुकेंगे। अनिश्चितता बनी हुई है कि रोहित शृंखला के पहले मैच में खेलेंगे या नहीं। गंभीर ने कहा देखिए फिलहाल कोई पुष्टि नहीं हुई है लेकिन हम लोग आपको बता देंगे कि स्थिति क्या होगी। बुमराह उपकप्तान हैं इसलिए जाहिर है कि वह टीम की अगुआई करेंगे। अगर रोहित उपलब्ध नहीं हैं तो वह पर्थ में कप्तानी करेंगे। रोहित की संभावित अनुपस्थिति से बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर एक स्थान खाली हो जाएगा और पदार्पण का इंतजार कर रहे अभिमन्यु ईश्वरन और राहुल में से एक को चुना जाएगा।

गंभीर ने कहा बेशक ईश्वरन है, केएल ऑस्ट्रेलिया में है। अगर रोहित उपलब्ध नहीं होते हैं तो हम पहले टेस्ट मैच के करीब आने पर फैसला करेंगे। उन्होंने पर्याप्त संकेत दिए कि राहुल का अनुभव नए खिलाड़ी ईश्वरन की मौजूदा फॉर्म पर भारी पड़ सकता है। हां, क्योंकि कई बार आप अनुभवी खिलाड़ियों के साथ भी जाते हैं। मुझे लगता है और यही एक व्यक्ति की खूबी है कि राहुल शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है। वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकता है और वह छठे नंबर पर भी बल्लेबाजी कर सकता है। इसलिए आपको इस तरह के काम करने के लिए काफी प्रतिभा की आवश्यकता होती है और उसने एक दिवसीय प्रारूप में भी विकेटकीपिंग की है। तो कल्पना कीजिए कि कितने देशों में राहुल जैसे खिलाड़ी हैं?

गंभीर ने पदार्पण का इंतजार कर रहे ऑलराउंडर नितीश रेड्डी का समर्थन किया जिनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बल्लेबाजी औसत 21 है और उन्हें आगामी शृंखला में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अनुभवी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शारदुल ठाकुर पर तरजीह दी गई है। गंभीर ने संकेत दिया कि फिलहाल शारदुल के लिए दरवाजे बंद हैं। नितीश रेड्डी, हम सभी जानते हैं कि वह कितने अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली हैं और अगर उन्हें मौका दिया जाता है तो वह हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

हर्षित राणा ऑस्ट्रेलिया में अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए की टीम का हिस्सा नहीं हैं और प्रबंधन को लगा कि प्रथम श्रेणी मैच खेलने के कारण उन पर और कार्यभार डालना जरूरी नहीं है। शमी की अनुपस्थिति में जसप्रीत बुमराह पर तेज गेंदबाजी का भार उठाने का बहुत दबाव है लेकिन हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप जैसे तीन अनुभवहीन तेज गेंदबाजों के साथ भी आक्रमण मजबूत है।

गंभीर सोमवार को भारतीय टीम के दूसरे समूह के साथ यात्रा करेंगे और उन्होंने कहा कि अगले 10 दिन में ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। 22 तारीख की सुबह हमें पूरी तरह से तैयार रहना चाहिए और पहली गेंद से ही धमाकेदार शुरुआत करनी चाहिए।

**22** से पर्थ में शुरू होगा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला

ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले पत्रकारों से बातचीत करते भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर। ● एजेंसी

### उम्मीद है पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे रोहित

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर को उम्मीद है कि कप्तान रोहित शर्मा पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है उनके पास विकल्प भी हैं। ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में गंभीर ने कहा अभी इसके बारे में कोई पुष्टि नहीं है कि रोहित उपलब्ध रहेंगे या नहीं। जैसे ही कोई अपडेट होगा, हम आपको परिस्थितियों के बारे में जानकारी दे देंगे। उम्मीद है कि रोहित उपलब्ध रहेंगे, लेकिन यह सब सीरीज के तुरंत पहले ही पता चल पाएगा। रोहित शर्मा के व्यक्तिगत कारणों से पर्थ टेस्ट में अनुपस्थित के सवाल पर गंभीर ने कहा हमारे पास अभिमन्यु ईश्वरन और केएल राहुल का विकल्प है। अगर रोहित उपलब्ध नहीं रहते हैं तो हम टेस्ट मैच से पहले ही इस पर फैसला करेंगे। इसके अलावा शुभमन गिल भी एक विकल्प हैं। मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, शुभमन गिल, वाशिंगटन सुंदर और यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया के लिए रविवार को ही रवाना हो चुके थे और अन्य सदस्य सोमवार देर सांय रवाना हुए।

### गंभीर को मीडिया से दूर रखें, उनका आचरण सही नहीं : मांजरेकर

**नई दिल्ली।** गौतम गंभीर पर अप्रत्याशित रूप से तीखा हमला बोलते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने सोमवार को कहा कि भारतीय मुख्य कोच के पास प्रेस से बातचीत करते समय सही आचरण और शब्दों का अभाव है और उन्होंने बीसीसीआई से उन्हें मीडिया से बात करने की जिम्मेदारियों से दूर रखने का आग्रह किया। मांजरेकर की यह टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए प्रस्थान से पूर्व गंभीर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के कुछ घंटों बाद आई है। अपनी बेबाकी के लिए पहचाने जाने वाले गंभीर ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा के रन बनाने के लिए संघर्ष करने, कोहली की फॉर्म पर रिकी पोंटिंग की टिप्पणी, भारतीय टीम में बदलाव के दौर और ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम संयोजन पर सवालों के जवाब दिए। मांजरेकर ने एक्स पर लिखा मैंने अभी-अभी गंभीर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में देखा। बीसीसीआई के लिए उन्हें इस तरह की जिम्मेदारियों से दूर रखना समझदारी होगी, उन्हें पर्दे के पीछे से काम करने देना चाहिए।

### भारत की नहीं ऑस्ट्रेलिया की चिंता करें रिकी पोंटिंग : भारतीय कोच

**मुंबई।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म और भारतीय टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठाने वाले रिकी पोंटिंग पर पलटवार करते हुए सोमवार को यहां कहा कि ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज खिलाड़ी को केवल अपने देश की क्रिकेट को लेकर चिंता करनी चाहिए। पोंटिंग ने हाल में कहा था कि कोहली की फॉर्म चिंता का विषय है क्योंकि पिछले पांच वर्षों में यह भारतीय बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में केवल दो शतक लगा पाया है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा था कि यह स्टार बल्लेबाज वापसी करने में सक्षम है और इसके लिए ऑस्ट्रेलिया से बेहतर कोई दूसरी जगह नहीं हो सकती है। गंभीर ने भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होने से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा पोंटिंग का भारतीय क्रिकेट से क्या लेना देना है। मुझे लगता है कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट के बारे में चिंतित होना चाहिए।

## रणजी मुकाबले से बाहर होने के कगार पर पहुंचा उत्तर प्रदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एलीट पूल-सी में शामिल यूपी रणजी टीम ट्रॉफी लगातार दूसरे वर्ष भी पुल दौर से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई है। यूपी टीम ने अभी तक चार मैच खेले हैं, जिनमें उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब 13 से यूपी का मुकाबला कर्नाटक से होगा।

अन्य दो मुकाबलों में यूपी टीम ने ड्रा खेला। यूपी टीम अंक तालिका में छठें पायदान पर पहुंच गई है जबकि नॉकआउट राउंड में पूल की दो टॉप टीमें ही पहुंचेंगी। ऐसे में यूपी टीम का नॉकआउट में पहुंचना अब मुश्किल है। यूपी टीम का अगला मुकाबला अब इकाना स्टेडियम में कर्नाटक से होगा। दोनों टीमों ने अभ्यास किया।

- यूपी टीम के खिलाड़ियों का प्रदर्शन रहा बेहद निराशाजनक
- कर्नाटक के खिलाफ इकाना में 13 से शुरू होगा यूपी का मुकाबला

## अरविंद ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स खिताब जीता

**चेन्नई।** ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने आखिरी दो क्लासिकल दौर में शानदार प्रदर्शन करके चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स खिताब जीत लिया जबकि ग्रैंडमास्टर वी प्रणव पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहकर चैलेंजर्स खिताब के हकदार बने।

मास्टर्स वर्ग में शीर्ष स्थान के लिये त्रिकोणीय मुकाबला था जिसमें अरविंद ने ग्रैंडमास्टर लेवोन आरोनियन को पहले ब्लिट्ज प्लेआफ में हराया। उन्होंने परहम एम के खिलाफ अगला मुकाबला जीता जबकि ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी और लेवोन आरोनियन ने ड्रॉ खेला।

## मेदवेदेव ने फ्रिट्ज से हारकर रैकेट तोड़ा

तूरिन (इटली), एजेंसी

रूस के दिग्गज खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव ने एटीपी फाइनल्स में टेलर फ्रिट्ज से हारने के बाद गुस्से में अपना रैकेट तोड़ दिया।

रविवार को एटीपी फाइनल्स के पहले मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी टेल फ्रिट्ज ने रूस के डेनियल मेदवेदेव को 6-4, 6-3 से हराया। हार के बाद मेदवेदेव ने पहले अपने रैकेट को बेंच पर और फिर हार्डकोर्ट पर मारकर उसे तोड़ दिया। मेदवेदेव को उनके व्यवहार के लिए चेयर अम्पायर से दो बार आचार संहिता उल्लंघन का दोषी पाया गया। मैच के बाद मेदवेदेव ने कहा कि मुझे गुस्सा आता है, निराशा होती है। इस बार मैं पूरी तरह से स्वयं पर गुस्सा हुआ किसी और पर नहीं। उन्होंने कहा कि पिछले दो तीन सालों से मुझे हर दिन दिन ऐसा ही लगता है कि हर अभ्यास एक संघर्ष है। हर मैच एक संघर्ष है। उन्होंने कहा कि अब मुझे कोर्ट पर होने में बिल्कुल भी आनंद नहीं आता।

« एटीपी फाइनल्स में टेलर फ्रिट्ज से हारने के बाद डेनियल मेदवेदेव ने गुस्से में तोड़ा रैकेट।

# बॉलीवुड हलचल

## शर्वरी ने शेयर की वर्कआउट की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी ने अपने वर्कआउट की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। शर्वरी के लिए यह साल बेहद खास रहा है। उनकी 100 करोड़ की ब्लॉकबस्टर मुंजा, ग्लोबल स्ट्रीमिंग हिट महाराज और एक्शन-थ्रिलर वेदा में बेहतरीन परफॉर्मेंस ने उन्हें इस साल का सितारा बना दिया है। दिवाली का जश्न पीछे छोड़ते हुए शर्वरी अब एक बार फिर काम में जुट चुकी हैं और अपने आगामी वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हो गई हैं। शर्वरी ने सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस का जलवा दिखाते हुए मंडे मोटिवेशन पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने जिम में बारबेल रो वर्कआउट करते हुए अपनी टोंड बॉडी को फ्लॉन्ट किया।शर्वरी ने अपनी फिटनेस तस्वीरों के कैप्शन में लिखा, दिवाली खत्म, अल्फा शुरू #मंडेमोटिवेशन शर्वरी अल्फा के शूट के कारण अपने फिटनेस गेम को बढ़ा रही हैं। इस फिल्म में शर्वरी आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी, जो 25 दिसंबर, 2025 को रिलीज होने जा रही है।

## 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवगन की फिल्म सिंघम अगेन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 206 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर,टाइगर श्रॉफ,अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, रवि किशन और जैकी श्राफ की अहम भूमिका है। सिंघम अगेन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'सिंघम अगेन' ने पहले हफ्ते में 173 करोड़ का शानदार कारोबार किया था। वहीं फिल्म ने आठवें दिन आठ करोड़ ,नौवे दिन 12 .25 करोड़ और दसवें दिन 13 .25 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म सिंघम अगने ने भारतीय बाजार में 206 करोड़ की कमाई कर ली है।

## तीन जनवरी 2025 को जापान में रिलीज होगी कल्कि 2898 एडी

**मुंबई।** ब्लॉकस्टर फिल्म कल्कि 2898 एडी, जापान में तीन जनवरी 2025 को रिलीज होगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म कल्कि 2898 एडी ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमाई। क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से कल्कि 2998 एडी को पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला। इस फिल्म ने दुनियाभर में 1100 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई की।कल्कि 2898 एडी अब जापान में पहुंच रही है। यह फिल्म तीन जनवरी 2025 को जापान में रिलीज होगी।

## कुमामोतो मास्टर्स में पुरानी फॉर्म हासिल करना चाहेंगे सिंधु-लक्ष्य

कुमामोतो (जापान), एजेंसी

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगवाई करते हुए फॉर्म में लौटने का प्रयास करेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों को पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है।

सिंधु डेनमार्क ओपन सुपर 750 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी लेकिन लक्ष्य सेन आर्कटिक ओपन सुपर 500 और डेनमार्क ओपन दोनों में जल्दी बाहर हो गए थे। इन असफलताओं के बावजूद सिंधु को विश्वास है कि अपने नए कोच अनुप श्रीधर और कोरिया के दिग्गज ली स्युन इल के साथ मिलकर काम करने से वह बेहतर परिणाम हासिल करेंगी। जापान ओपन के पहले दौर में सिंधु का मुकाबला थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। सिंधु ने कहा मैं शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में हूं। हमने खेल के विभिन्न पहलुओं पर काम किया है। लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका अगला मुकाबला इंडोनेशिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एंथोनी गिंटिंग से हो सकता है। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी इस टूर्नामेंट में चुनौती देश करेंगी।

- भारत की अगुवाई करते हुए लक्ष्य और सिंधू आज से खेलेंगे मुकाबले


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# चिता की आग पर पकाते भोजन, अघोर साधना और तंत्र-मंत्र...

## वाराणसी का मणिकर्णिका घाट किसी रहस्यलोक से कम नहीं है, 24 घंटे अंतिम संस्कार का सिलसिला, मृत्यु से पहले ही मोक्ष की कामना लिए यहां आकर निवास करते हैं कई बुजुर्ग

शैलेश अवस्थी

● **करोड़ों का कारोबार होता है, हर वक्त रहती है आवाजाही**

**वाराणसी।** यहां का घाट मणिकर्णिका किसी रहस्यलोक से कम नहीं है। सदियों से यह घाट कई किस्सों, मान्यताओं और रहस्यों को समेटे है । इसलिए देश-दुनियां के लोग अपनी जिज्ञासाओं के जवाब तलाशने यहां आते हैं। डोम राजा के वंशज और कुछ परिजन चिता की आग में भोजन पकाते, शव के उतरे कपड़े पहनते और अघोरी यहां तंत्र साधना करते हैं ।

घाट से जुड़े डोम के मुताबिक यहां चौबीस घंटे में सौ से दो सौ अंतिम संस्कार होते हैं । शव का और चिताओं का न ख़त्म होने वाला सिलसिला सदियों से है। कोरोनाकाल में तो यहां एक हजार से अधिक चिताएं जलती थीं। वाराणसी ही नहीं, आसपास और दूर जिलों से भी यहां शव लाये जाते हैं, क्यूंकि मान्यता है कि यहां अंतिम संस्कार हुआ तो मोक्ष मिलेगा । दूर तक फैले इस घाट पर अघोरियों का भी जमावड़ा रहता है। वे तंत्र सिद्धि में जुटे रहते हैं। अमूमन यह तंत्र पूजा रात में ही होती है। एक तरफ शव जलते तो दूसरी तरफ अघोर साधना। हम वहां पहुंचे तो ऐसे ही कई दृश्य दिखे। कभी-कभी साधना के लिए अघोरी जले-अधजले शव का भी इस्तेमाल करते हैं । पूरे शरीर पर बेहद न्यून वस्त्रों में, नरमुंड सामने रखे, भभूत लपेटे धूनी रमाए दिखते हैं । साधना का तरीका कभी-कभी इतना डरावना होता है कि कमजोर दिल वाला तो देख ही नहीं सकता। डोम राजा से जुड़े लोग बताते हैं कि अक्सर वे चिता की आग में भोजन पकाते हैं । चिता से आग लेकर पास ही चूल्हा सुलगा कर भोजन तैयार करते हैं । उनका कहना है आग पवित्र होती है, उसमें भोजन पकाना गलत नहीं । कई पीढ़ियां इसी घाट पर काम करते निकल गईं तो यहां न तो डर और न ही कुछ अछूत । शव से उतारे अच्छे कपड़े साफ करके अक्सर इस्तेमाल कर लेते हैं । ऐसे वस्त्र गरीबों को दान भी कर देते हैं । एक डोम ने अपनी शर्ट और गमछा दिखाते हुए बताया कि यह भी शव से उतरा हुआ है । शव की राख को गंगा किनारे खास तरीके से गीली कर छानते हैं । उसमें कभी-कभी सोना-चांदी मिल जाता है और इस पर डोम राजा का अधिकार होता है। बाबू चौधरी ने बताया कि उनकी कई पीढ़ियां इस घाट में काम करते गुजर गईं। वह बचपन से इसी काम में लगे हैं । यह घाट उनका घर जैसा है ।

**हज़ारों मन लकड़ी की खपत होती है यहां :** घाट और किनारों पर लकड़ी के ढेर लगे रहते हैं। कई दुकाने हैं, जो चौबीस घंटे खुली रहती हैं । एक मन लकड़ी तीन सौ रुपए से चार सौ रुपए तक में मिलती है। एक शव के लिए अमूमन पांच से सात मन लकड़ी की ज़रूरत होती है । एक अंतिम संस्कार में पांच हज़ार तक खर्च होते हैं । राजा हो या रंक, यहां सबकी विदाई एक ही तरह से होती है । शातिर बदमाश मुन्ना बजरंगी का दाह संस्कार भी इसी घाट पर हुआ तो बड़े अमीरों, राजाओं और राजनेताओं का भी।

मणिकर्णिका घाट में जलती चिताएं। ● अमृत विचार

### इसलिए घाट का नाम पड़ा मणिकर्णिका

मान्यता है कि भगवान शिव की पत्नी सती ने हवन कुंड में कूद कर प्राण दिए तो क्रोधित शिव उनके शव को गोद में लेकर भटकने लगे, तब चिंतित भगवान विष्णु ने चक्र से सती के शव के 51 टुकड़े कर दिए, जिसमें एक इसी घाट पर गिरा और यहीं उनका अंतिम संस्कार हुआ । तब से यहां चिता की आग कभी ठंडी नहीं होती । यह भी कथा प्रचलित है कि इसी घाट पर कुंड में पार्वतीजी का स्नान करते वक्त कर्णफूल गिर गया तो शिव जी ने उसे मुश्किल से ढूँढा । तभी शिवजी की मणि वहां गिर गई, इसलिए इस घाट का नाम पड़ा मणिकर्णिका।

### यहां सैकड़ों लोगों को रोजगार

इस घाट से सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलता है । लकड़ी, अंतिम संस्कार सामग्री, डोम, पंडित, कर्मचारी और गाइडों की जीविका यहीं से चलती है । करोड़ों का कारोबार होता है । गाइड इस घाट का इतिहास और इससे जुड़ी कहानियां बताते हैं । बड़े पैमाने पर लोग तो केवल यह घाट और जलती चितायें देखने ही आते हैं ।

### वाराणसी में मृत्यु हुई तो मिलेगा मोक्ष

घाट के आसपास कई धर्मशालाएं हैं। इनमें कुछ बुजुर्ग या बीमार इस कामना के साथ यहां रहने आ जाते हैं कि वाराणसी में मृत्यु हुई तो मोक्ष मिलेगा। अन्य इलाकों में भी कुछ बुजुर्ग इसी कामना के साथ वाराणसी में रहने आ गए हैं। वे यहां रह कर शिव अराधना में लीन रहते हैं। मान्यता है कि मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान भगवान शिव मृतक के कान में तारक मंत्र उच्चारित करते हैं, जिससे उन्हें मोक्ष प्राप्त होता है। जीवन के अंतिम समय कुछ बुजुर्ग यहां निवास करने आते हैं ताकि मृत्यु के बाद उन्हें मोक्ष मिले।

---

## एक नजर

### यूक्रेन में 2025 में चुनाव कराएगा अमेरिका : रूस

**मॉस्को।** रूस के साथ चल रही शत्रुता के बीच अमेरिका 2025 में यूक्रेन में राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव कराने पर विचार कर रहा है। रूसी विदेशी खुफिया सेवा (एसवीआर) ने सोमवार को यह बात कही। एसवीआर ने एक बयान में कहा रूस की विदेशी खुफिया सेवा के प्रेस कार्यालय की रिपोर्ट है कि, एसवीआर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, यदि आवश्यक हो, तो अमेरिकी विदेश विभाग का नेतृत्व यूक्रेन के वर्तमान नेतृत्व को बदलने के लिए विकल्पों पर काम करना जारी रख सकता है।

### अरब-इस्लामी शिखर सम्मेलन सऊदी अरब में

**मास्को।** सऊदी अरब गाजा पट्टी और लेबनान की स्थिति पर चर्चा के लिए सोमवार को एक संयुक्त अरब-इस्लामिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। अरब लीग, इस्लामिक सहयोग संगठन के देशों के राष्ट्राध्यक्षों और सरकार के प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों, फिलिस्तीनी नेता महमूद अब्बास, साथ ही लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री, नजीब मिकाती के रियाद में शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन से फोन पर की बातचीत

**मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने कथित तौर पर गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत की। वाशिंगटन पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को कहा कि ट्रंप के साथ संपर्क की तैयारी बनी हुई है, जिस पर गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जोर दिया था, लेकिन कोई विशेष जानकारी नहीं थी।

### इजरायली हवाई हमले में 44 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** इजराइल के दो हवाई हमलों में उत्तरी गाजा पट्टी में कम से कम 44 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि एक इज़रायली विमान ने जबालिया क्षेत्र में विस्थापित लोगों के आवास वाले एक घर पर बमबारी की और उसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि हवाई हमले में 13 बच्चों सहित 36 फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए।

### अफगानिस्तान ने अमेरिकी आरोपों को झूठा करार दिया

**काबुल।** अफगानिस्तान में सद्गुण प्रचार और दुराचार निवारण मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान पुनर्निर्माण के लिए विशेष महानिरीक्षक (एसआईजीएआर) के अमेरिकी कार्यालय द्वारा कथित महिला अधिकारों के उल्लंघन के बारे में किए गए दावे सच्चाई से कोसों दूर और झूठे हैं। नवीनतम त्रैमासिक एसआईजीएआर) रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सद्गुण प्रचार और दुराचार निवारण मंत्रालय का नया कानून अफगान समाज में मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करता है।

---

# जलवायु से संबंधित लंबित मुद्दे जल्द हों हल

## सीओपी29 : अजरबैजान ने कहा- ऐतिहासिक प्रदूषकों को ऋण के रूप में नहीं बल्कि अनुदान के रूप मिले पैकेज

बाकू/नई दिल्ली, एजेंसी

इस वर्ष के संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के मेजबान अजरबैजान ने सोमवार को सभी देशों से लंबित मुद्दों को तत्काल हल करने का आह्वान किया, ताकि एक नए जलवायु वित्त पोषणा लक्ष्य पर सहमति बन सके। संयुक्त राष्ट्र जलवायु प्रमुख ने कहा कि यह सहमति पूरी तरह से प्रत्येक देश के हित में है। अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित हो रहे सीओपी29 की वार्ता की प्राथमिकता नया जलवायु वित्त पैकेज है, जिसे नया सामूहिक परिमाणित लक्ष्य भी कहा जाता है।

ऐतिहासिक प्रदूषकों को एक ऐसा पैकेज देना होगा जो महत्वाकांक्षी, पूर्वानुमानित, समयबद्ध, विश्वसनीय हो तथा 'ग्लोबल साउथ' के देशों के लिए ऋण के रूप में नहीं बल्कि अनुदान के रूप में दिया जाए। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन कार्यकारी सचिव साइमन स्टील ने उद्घाटन सत्र के दौरान कहा, "अगर दुनिया के कम से कम दो तिहाई देश उत्सर्जन में तेजी से कटौती नहीं कर सकते, तो हर देश को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। अगर देश आपूर्ति श्रृंखलाओं में लचीलापन नहीं ला पाते, तो पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था घुटनों पर आ जाएगी। कोई भी देश इससे अछूता नहीं है। इसलिए, आइए इस विचार को त्याग दें कि जलवायु वित्त दान है। एक महत्वाकांक्षी नया जलवायु वित्त लक्ष्य पूरी तरह से हर देश के हित में है। उन्होंने कहा कि सिर्फ नए जलवायु वित्तपोषण लक्ष्य पर सहमति जताना ही पर्याप्त नहीं है तथा देशों को वैश्विक वित्तीय प्रणाली में सुधार के लिए और अधिक मेहनत करनी होगी। विकासशील देश जलवायु वित्तपोषण को अधिक सुलभ, किफायती और निष्पक्ष बनाने के लिए वैश्विक वित्तीय प्रणाली में सुधार की मांग कर रहे हैं।

बाकू में आयोजित जलवायु सम्मेलन के दौरान विचार रखते सदगुरु।

### वर्तमान नीतियां विश्व को तीन डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि की ओर ले जा रही : बाबायेव

सीओपी29 के अध्यक्ष मुख्तार बाबायेव ने कहा कि वर्तमान नीतियां विश्व को तीन डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि की ओर ले जा रही हैं, जो अरबों लोगों के लिए विनाशकारी होगा। उन्होंने कहा कि सीओपी29 अध्यक्ष की सर्वोच्च प्राथमिकता एक निष्पक्ष और महत्वाकांक्षी नए सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर आम सहमति बनाना है, जो 2009 में सहमत 100 अरब अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष के पिछले लक्ष्य का स्थान लेगा। बाबायेव ने इस बात पर जोर दिया कि समस्या के पैमाने और तात्कालिकता को संबोधित करने के लिए एनसीक्यूजी प्रभावी और पर्याप्त होना चाहिए।

### भारत सीओपी29 में जवाबदेही, निष्पक्ष वित्तपोषण और हरित ऋण पर देगा जोर

**बाकू।** जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक बैठक सीओपी29 सोमवार को शुरू हुई और भारत की ओर से शामिल हो रहे कई प्रतिनिधियों ने कहा कि इसमें देश का दृष्टिकोण जवाबदेही, हरित ऋण, निष्पक्ष वित्तपोषण और विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए प्रोत्साहन लक्ष्यों पर केंद्रित है। क्लाइमेट चेंज कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी) का 29वां सत्र 11-22 नवंबर तक अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित किया जा रहा है। एक प्रतिनिधि ने बताया कि सम्मेलन में उपस्थिति और पैमाने की दृष्टि से भारत की अहम प्राथमिकताओं में जलवायु वित्त के लिए विकसित देशों को जवाबदेह बनाना, कमजोर समुदायों के लिए लचीलापन बढ़ाना और एक समान ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाना शामिल होगा। एक अन्य प्रतिनिधि ने कहा कि भारत की प्राथमिकता का एक अन्य क्षेत्र स्थिरता के लिए हरित ऋण और लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) दर्शन को बढ़ावा देना होगा। प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य ने कहा कि भारत की सीओपी29 रणनीति से जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में अंतर पर विकसित देशों को चुनौती मिलने तथा अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय जलवायु वित्त की दिशा में बातचीत को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। पिछले सम्मेलनों से इतर, भारत सीओपी में किसी चर्चा की मेजबानी नहीं करेगा। भारत का यह निर्णय ऐसे समय आया है जब वह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांग और आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक विकासशील राष्ट्र के रूप में अपनी भूमिका के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है, खासकर तब जब दुनिया उत्सर्जन कम करने में नेतृत्व के लिए उभरती अर्थव्यवस्थाओं की ओर देख रही है।

---

# बांग्लादेश आधारित अलकायदा नेटवर्क की साजिश की जांच के लिए एनआईए ने की छापेमारी

● **कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, बिहार समेत कई राज्यों में कार्रवाई**

नई दिल्ली, एजेंसी

एनआईए ने भारत को अस्थिर करने की आतंकवादी समूह अलकायदा की साजिश के तहत कुछ बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा प्रोत्साहित की जा रही गतिविधियों के संबंध में सोमवार को देश भर में कई स्थानों पर व्यापक तलाशी ली। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अलकायदा की गतिविधियों का समर्थन और वित्त पोषण करने के संदिग्ध व्यक्तियों से जुड़े नौ स्थानों पर कार्रवाई जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, बिहार, त्रिपुरा और असम में सुबह-सुबह शुरू हुई।

एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया कि तलाशी के दौरान बैंकिंग लेनदेन से संबंधित विस्तृत दस्तावेज, मोबाइल फोन सहित डिजिटल उपकरण और आतंकी वित्तपोषण गतिविधियों से संबंधित अन्य साक्ष्य बरामद हुए। एजेंसी की जांच के अनुसार, जिन संदिग्धों के परिसरों पर छापे मारे गए, वे बांग्लादेश आधारित अलकायदा नेटवर्क के समर्थक हैं।

### भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश

तलाशी अभियान एनआईए द्वारा 2023 के एक मामले में की जा रही जांच का हिस्सा थी, जो गिरफ्तार व्यक्तियों के सहयोग से बांग्लादेश आधारित अलकायदा के गुर्गों द्वारा रची गई साजिश से संबंधित है। साजिश का उद्देश्य अलकायदा की आतंकवादी गतिविधियों का प्रचार करना और भारत में भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाना था। पिछले साल नवंबर में, एनआईए ने चार बांग्लादेशी नागरिकों - मोहम्मद सोजिबमियान, मुन्ना खालिद उर्फ मुन्ना खान, अजारुल उर्फ जहांगीर या आकाश सहित पांच आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था।

---

## बोको हराम के 96 आतंकवादियों को चाड सेना ने किया ढेर

**याउंडे।** मध्य अफ्रीकी देश चाड की सेना ने एक अभियान के तहत कम से कम 96 बोको हराम आतंकवादी मार गिरया और 11 अन्य घायल हुए हैं। चाड की सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सैनिकों द्वारा शनिवार को चलाए गए अभियान के दौरान उनके पांच सैनिकों की मौत हो गयी और 32 अन्य घायल हुए हैं। सेना के प्रवक्ता जनरल इसाख अचेख ने एक बयान में कहा कि सैनिकों ने अभियान के दौरान आतंकवादियों के पास से हथियार और उपकरण भी जब्त किए हैं। अभियान अभी भी जारी है। उन्होंने कहा, "स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। गौरतलब है कि अक्टूबर के अंत में नाइजीरिया की सीमा के पास बरकारम द्वीप में बोको हराम ने एक सैन्य अड्डे पर हमला किया था, जिसमें 40 से अधिक सैनिक मारे गए थे।

# पेजर, वॉकी-टॉकी हमलों में इजराइल का था हाथ

● **हमले में 39 की मौत तथा 3,000 लोग घायल हो गए थे**

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकार किया कि सितंबर में हिज्बुल्ला को निशाना बनाकर किए गए पेजर और वॉकी-टॉकी हमलों के पीछे उनका देश था, जिनमें कम से कम 39 लोगों की मौत हो गयी तथा 3,000 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार ने नेतन्याहू के हवाले से कहा, रक्षा प्रतिष्ठान में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिक क्षेत्र में उनके समर्थकों के विरोध के बावजूद पेजर और हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्ला को खत्म करने का अभियान चलाया गया। हिब्रू मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, नेतन्याहू ने रविवार की साप्ताहिक मंत्रिमंडल बैठक के दौरान ये टिप्पणियां कीं। इजराइल ने अभी तक सार्वजनिक रूप से इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली थी लेकिन व्यापक अनुमान था कि सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए इन जटिल हमलों के पीछे उसका हाथ है। इन हमलों ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया था। लेबनान तथा सीरिया के कुछ हिस्सों में 16 सितंबर को विस्फोटक वाले हजारों पेजर फट गए थे जो हिज्बुल्ला के समर्थकों के पास थे।

## आतंकी अर्श डल्ला के साथियों से विदेशी पिस्तौल व फोन जब्त

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में पकड़े गए कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप सिंह डल्ला के दो साथियों के पास ऑस्ट्रेलिया और चीन में बनी पिस्तौल व विदेशी आईएमईआई नंबर वाले मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, नवजोत सिंह उर्फ नीतू और अनमोलप्रीत सिंह उर्फ विशाल नामक दो आरोपियों को एक यूट्यूबर की हत्या के सिलसिले में रविवार को पंजाब में गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने 7 नवंबर को ग्वालियर के डबरा इलाके में जसवंत गिल की उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी थी। गिल को अपनी पत्नी के रिश्ते के भाई सुखविंदर की हत्या के लिए 2016 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और वह 28 अक्टूबर से पैरोल पर जेल से बाहर आया था।

# अमेरिका में कानूनी आव्रजन प्रणाली चरमराई : रामास्वामी

● **अवैध शरणार्थियों को उनके देश भेजेंगा अमेरिका**

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष भारतीय-अमेरिकी सहयोगी विवेक रामास्वामी ने अवैध शरणार्थियों को उनके देश वापस भेजने की योजना का समर्थन किया और कहा कि देश में कानूनी आव्रजन प्रणाली चरमरा गयी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में प्रवेश करते वक्त कानून तोड़ने वाले लोगों को यहां रहने का कोई अधिकार नहीं है और उन्हें वापस अपने देश जाना होगा।

उद्यमी से नेता बने रामास्वामी ने एबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा क्या हमारे पास एक चरमरायी हुई कानूनी आव्रजन प्रणाली है? हां, ऐसा ही है। लेकिन मुझे लगता है कि पहला कदम कानून व्यवस्था बहाल करना होगा, इसे बहुत ही व्यावहारिक तरीके से करना होगा। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में जो लोग आये हैं, उन्होंने देश में जड़ें नहीं जमायी हैं। जिन लोगों ने भी अपराध किया है, उन्हें इस देश से बाहर जाना चाहिए। यानी लाखों की संख्या में। यह अपने आप में सबसे बड़ा सामूहिक प्रत्यर्पण होगा।

### सरकारी सहायता बंद होगी

रामास्वामी ने कहा कि सभी अवैध शरणार्थियों के लिए सरकारी सहायता बंद की जाएगी। आप देखेंगे कि लोग खुद देश छोड़कर चले जाएंगे। पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की शानदार जीत के बाद पहली बार रामास्वामी रविवार को कई मीडिया कार्यक्रमों में दिखायी दिए।

## डेमोक्रेटिक पार्टी के भारतीय व्यक्ति को नस्लीय संदेश मिले

**वाशिंगटन।** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए धन जुटाने वाले एक भारतीय अमेरिकी व्यक्ति को फोन पर नस्ली और धमकी भरे संदेश मिले हैं, जिसमें उनसे देश छोड़कर भारत चले जाने को कहा गया है। अजय जैन भटूरिया को रविवार को एक अज्ञात नंबर से संदेश मिला जिसमें लिखा था आप दावा करते हैं कि आप अमेरिकियों के लिए सबसे अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन आप अमेरिकियों के लिए कुछ भी नहीं कर रहे हैं और आपको अमेरिका की परवाह नहीं है। आप भारतीय हैं। आपको केवल भारतीयों की परवाह है। आप वही करते हैं जो भारत के लिए सबसे अच्छा है। आप यहां क्यों हैं? अमेरिका में भीख मांगना बंद करें और भारत में जाकर नेता बनें। अजय भूटोरिया कमला हैरिस - टिम वाल्ज के चुनाव प्रचार अभियान में महत्वपूर्ण पद पर हैं।

---

# जापान की संसद ने इशिबा को फिर प्रधानमंत्री चुना

टोक्यो, एजेंसी

जापान की संसद ने शिगेरू इशिबा को सोमवार को एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री चुना। इशिबा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को पिछले दिनों एक दशक से भी अधिक समय में अपनी सबसे बड़ी चुनावी हार का सामना करना पड़ा था, जिससे उन्हें शपथ लेने के लगभग एक महीने बाद ही दूसरी कैबिनेट के गठन के लिए मजबूर होना पड़ा था।

इशिबा नीत लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसकी सहयोगी कोमीटो ने 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में 465 सदस्यीय निचले सदन में बहुमत खो दिया था। एलडीपी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के खिलाफ पार्टी की सुस्त कार्रवाई को सत्तारूढ़ गठबंधन की चुनावी हार की मुख्य वजह माना गया था। आम चुनाव के 30 दिन के भीतर नये नेता के चयन के लिए जरूरी मतदान के वास्ते सोमवार को संसद का विशेष सत्र बुलाया गया। देश में 30 वर्षों में हुए पहले रनऑफ में इशिबा ने विपक्ष के नेता योशिहिको नोडा को 221 के मुकाबले 160 वोटों से शिकस्त दी। इशिबा ने अपनी पूर्व कैबिनेट के ज्यादातर सदस्यों को एक बार फिर मंत्री नियुक्त किया।

---

ज्ञान-विज्ञान | स्पेस एक्स ने लॉन्च की 24 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रह की लंबी लाइन

# भ्रमित न हों, ये स्पेस एक्स सैटेलाइट की कतार जा रही है

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार।** इन दिनों आसमान में उड़ते हुई कोई वस्तु नजर आए तो भ्रमित न हों। स्पेस एक्स द्वारा आसमान में भेजे जाने वाले सैटेलाइट की लंबी कतार के कारण अनोखा नज़ारा देखने को मिलता है। सोमवार को स्पेसएक्स ने फ्लोरिडा के स्पेस कोस्ट से 24 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रह लॉन्च किए हैं, जो अगले कुछ दिन नजर आएंगे।

स्पेस एक्स का सैटेलाइट लॉन्च किए जाने का सिलसिला कई वर्षों से चला आ रहा है। स्पेस एक्स एक साथ 20 से लेकर 60 से भी अधिक छोटे छोटे सैटेलाइट एक साथ लॉन्च करते आ रहा है, जो आसमान में एक लंबी कतार के साथ जाते नजर आते हैं। जिन्हें देखकर अक्सर लोग भ्रमित होकर, एलियंस, यूएफओ , उड़न तश्तरी या फिर धूमकेतु होने के कयास लगाने लगते हैं। कुछ लोग इन्हें देखकर रोमांचित होते हैं तो कुछ भयभीत हो जाते हैं। मगर वास्तविकता यह है कि आसमान में यह नजारा उन्नति का प्रतीक है, जो विज्ञान व तकनीक को शिखर की राह दर्शाता है। सोमवार को स्पेस एक्स ने 24 उपग्रह लॉन्च किए, जबकि फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा 7 नवंबर, को फ्लोरिडा से पृथ्वी की कक्षा में 23 स्टारलिंक उपग्रह लॉन्च किए थे। आज भेजे गए उपग्रह पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में ले जाना जारी रखेगा और उड़ान भरने के 65 मिनट बाद कक्षा में स्थापित कर दिया जाएगा। स्पेसएक्स ने 30 अक्टूबर को कैलिफ़ोर्निया से 20 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रह लॉन्च किए थे, जो अपनी कक्षा में स्थापित हो चुके हैं।

स्पेस एक्स द्वारा लॉन्च किया जा रहा रॉकेट 9 फाल्कन।

### 6.5 हजार उपग्रह सक्रिय हैं वर्तमान में

नैनीताल : स्पेसएक्स ने इस वर्ष 106 उपग्रह लॉन्च किए हैं, जो रॉकेट फाल्कन 9 मिशन लॉन्च किए गए हैं । स्पेस एक्स हजारों सैटेलाइट अभी तक लॉन्च कर चुका है। जिनमे से वर्तमान में 6,500 से अधिक अंतरिक्ष यान सक्रिय हैं, जो कई देशों में संचार सेवा प्रदान कर रहे हैं।

### जल्द ही भारत में भी संचार सेवा देगा स्पेस एक्स

नैनीताल : दुनिया में सर्वाधिक आर्थिक सम्पन्न ऐलन मस्क अपनी अंतरिक्ष एजेंसी स्पेस एक्स के जरिए पूरी दुनिया मे संचार सेवा के क्षेत्र में एकछत्र आधिपत्य जमाना चाहता है। इस लक्ष्य में भारत भी शामिल है। उम्मीद है कि भारत में जल्द ही सेवाएं शुरू कर देगा।